सूर्योदय 6:45 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.6 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.7 न्यू | 24.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77580.31 |
| निफ्टी | 23532.70 |
| सोना 75,760 | चांदी 91,773 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 17 नवंबर 2024 | 2 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 331, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर, पर्थ टेस्ट से लगभग बाहर

पृष्ठ 14 पर

WEMBLEY® SINCE 1961

(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of
Premium Interior & Exterior Paints




WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

## न्यूज शॉर्ट्स

### गुजरात के पाटन जिले में 4.2 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** उत्तर गुजरात के पाटन जिले में शुक्रवार रात 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंपीय हलचल महसूस होने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, लेकिन क्षेत्र में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### अनुराग मॉरीशस में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक अनुराग श्रीवास्तव को मॉरीशस में भारत का



अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है जो के. नंदिनी सिंगला का स्थान लेंगे। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1999 बैच के राजनयिक श्रीवास्तव वर्तमान में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में नेपाल-भूटान संभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

### सुखबीर बादल ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त की ओर से 'तनखैया' (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किए गए सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने शनिवार को यह जानकारी दी। बादल के इस्तीफे से नए पार्टी प्रमुख के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है।



### भारत को लौटाई गई 1440 प्राचीन वस्तुएं

**न्यूयॉर्क।** मैनहट्टन के अभियोजक एल्विन ब्रैग ने भारत को 1,440 प्राचीन वस्तुएं लौटा दी हैं। इनमें पवित्र मंदिर की मूर्तियां भी शामिल हैं, जिन्हें तस्करी कर अमेरिका लाया गया था। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन ग्रुप सुपरवाइजर एलेक्जेंड्रा डी अरमास ने भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक समारोह में इन कलाकृतियों को लौटा दिया।

### मुंबई में 80 करोड़ की चांदी बरामद

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 की वोटिंग से पहले पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी खेप पकड़ी है। मुंबई पुलिस ने एक ट्रक से 80 करोड़ रुपए की 8476 किलो चांदी पकड़ी है जिसे जब्त करके ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जानकारी चुनाव आयोग की टीम को दी। अब चुनाव आयोग और पुलिस मिलकर इस केस की जांच कर रही हैं।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बिलासपुर कॉलेज का पूरा लेखा-जोखा मिलेगा एक रूम में -पेज 2
- प्रदेश की सभी सहकारी सभाएं होंगी ऑनलाइन -पेज 4
- हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर करते रहे मरीजों के आने का इंतजार -पेज 6
- आदेशों के बाद भी शुरू नहीं हो पाई संधोल के लिए दो बसें -पेज 9
- रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल की बड़ी जीत -पेज 14

# हमीरपुर, ऊना व बद्दी अब नगर निगम नादौन और जाबली बनेंगे नगर परिषद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की तीन नगर परिषद अब नगर निगम तथा दो नगर पंचायतें नगर परिषद के रूप में अपग्रेड होंगी। इसके अलावा छह नई नगर पंचायतें भी बनाई जाएंगी। यही नहीं विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों के अधिकार क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। ये फैसले शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में हुई हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए। बैठक में हमीरपुर, ऊना व बद्दी को नगर निगम बनाने का प्रस्ताव मंजूर किया गया।

वहीं, नादौन व जाबली को नगर परिषद तथा संधोल, धर्मपुर, बड़सर, भोरंज, बंगाणा व कुनिहार को नगर पंचायत बनाने का फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल ने लोक निर्माण विभाग में मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी करने का फैसला भी लिया। मल्टी टास्क वर्करों को अब 4500 के बजाय 5000 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

मंत्रिमंडल के फैसले


शिमला में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### विभिन्न विभागों में भरे जाएंगे 426 पद

डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों के 30 पद तथा सहायक स्टाफ के 326 पद सृजित करने तथा भरने का भी निर्णय लिया गया। डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में एक नई पुलिस चौकी खोलने तथा विभिन्न श्रेणियों के सात पदों को भरने को मंजूरी दी। मत्स्य पालन विभाग में 28 पद भरने को भी मंजूरी दी गई। आबकारी एवं कराधान विभाग में सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारियों के 25 पद भरने का निर्णय लिया। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग, हमीरपुर के संचालन को सुचारु बनाने के लिए विभिन्न श्रेणियों के 10 पदों को भरने का निर्णय लिया। देहरा में नए खोले गए खंड चिकित्सा कार्यालय में विभिन्न श्रेणियों के छह पदों को सृजित करने तथा भरने का निर्णय लिया गया। शिमला जिला के नव स्तरोन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुम्मा के लिए विभिन्न श्रेणियों के चार पदों को सृजित कर भरने का निर्णय लिया गया।

### मकान निर्माण के लिए तीन लाख

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत 2.50 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली विधवा, अकेली निराश्रित और दिव्यांग महिलाओं को मकान निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान करने को स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का लाभ 27 वर्ष की आयु तक के परित्यक्त एवं आत्मसमर्पित बच्चों को भी देने का निर्णय लिया। शिमला शहर में भीड़भाड़ कम करने के लिए हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के कार्यालय को शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित करने पर भी अपनी मुहर लगाई।

### हरोली में हिमकेप्स नर्सिंग कॉलेज की सीटें बढ़ाईं

ऊना जिले के हरोली में हिमकेप्स नर्सिंग कॉलेज बढ़ेरा को जीएनएम पाठ्यक्रम में 20 सीटें बढ़ाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया गया, जिससे जीएनएम पाठ्यक्रम में सीटें 40 से बढ़कर 60 हो जाएंगी। राजकीय हाइड्रो इंजीनियरिंग महाविद्यालय बंदला बिलासपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी) में एमटेक शुरू करने के साथ संकाय में तीन पदों के भरने का निर्णय लिया गया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हमीरपुर में कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का नया डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में शिमला जिला के पराला में वाइनरी स्थापित करने के लिए मैसर्ज हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम के पक्ष में आशय पत्र जारी कर मंजूरी प्रदान करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने के लिए भी सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की।

# पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री वर्ल्ड कप नरवाणा में शुरू

## 13 देशों के 107 पायलट ले रहे भाग


पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप के दौरान उड़ान भरते पायलट।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते नरवाना में शनिवार को पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप-2024 शुरू हुआ। प्रतियोगिता 16 से 20 नवंबर तक चलेगी।

इसके लिए भारत समेत 13 देशों के 107 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। इनमें नेपाल, अमेरिका, मैक्सिको, चीन, फ्रांस आदि देशों के प्रतिभागी शामिल हैं। पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आयोजन एडवेंचर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ हिमाचल प्रदेश और नरवाना एडवेंचर क्लब की ओर से किया जा रहा है। कांगड़ा जिले में हफ्ते के भीतर एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप के रूप में दूसरा बड़ा आयोजन हो रहा है। बता दें कि 9 नवंबर को बीड़ बीलिंग घाटी में पैराग्लाइडिंग विश्व कप का समापन हुआ था।


इसमें कई देशों के प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। हफ्ते के अंदर विश्व स्तरीय दूसरे आयोजन से जिले में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। पांच दिन तक चलने वाले प्री-वर्ल्ड कप के दौरान प्रतिभागियों को अलग-अलग टास्क दिए जाएंगे।

# मोदी का मंत्र-बूथ स्तर पर जीत के लिए ध्यान केंद्रित करें

**एजेंसी, मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं से 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बूथ स्तर पर जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने को कहा।

'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा कि वे महिलाओं, युवाओं और किसानों की बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित करें और भाजपा के नेतृत्व वाली



सरकार की योजनाओं के वीडियो प्रसारित करें।

महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए

### पीएम ने कहा-महा विकास आघाडी झूठ फैल रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को विपक्ष के झूठ के बारे में मतदाताओं को जागरूक करना चाहिए।

मोदी ने कहा, ''मैं जहां भी गया, मैंने अपने कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करते देखा।'' उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपना प्रतिनिधि बताया। मोदी ने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को विजयी बनाने के लिए हर घर तक संदेश पहुंचाना होगा।

### पीएम तीन देशों की यात्रा पर रवाना

पीएम नरेंद्र मोदी तीन देशों के दौरे पर निकल गए हैं। वो ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना के लिए रवाना हुए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे पीएम ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया, जिसके बाद वो दौरे के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री सबसे पहले नाइजीरिया जा रहे हैं। फिर वो ब्राजील जाएंगे, आखिर में वो गुयाना के लिए रवाना होंगे। ब्राजील में पीएम जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

# मोदी बंद कमरे में संविधान की हत्या करते हैं : राहुल गांधी

**एजेंसी, अमरावती**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में भाजपा और पीएम मोदी पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और बीजेपी के लोग बंद कमरों में संविधान की हत्या करते हैं। जब महाराष्ट्र की सरकार को चोरी करने की मीटिंग में मोदी और बीजेपी के लोग बैठ थे तब क्या वो संविधान की रक्षा कर रहे थे। आज पूरा महाराष्ट्र जानता है कि वो सरकार धारावी के कारण चोरी की गई, क्योंकि धारावी की जमीन मित्र को देना चाहते थे। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान से ही हमें सिर उठाकर सम्मान के साथ जीने की शक्ति मिलती है।

### राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की चेकिंग

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच अमरावती में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की चेकिंग हुई है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने राहुल के बैग भी चेक किए। दूसरी ओर राजगढ़ में शरद पवार का बैग चेक किया गया।

### दिल्ली-धर्मशाला वॉल्वो बसों का घटा किराया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** दिल्ली-धर्मशाला आने जाने वाली वॉल्वो बसों के किराए में कटौती की गई है। पहले यात्रियों को दिल्ली आने-जाने के लिए 1299 रुपए रुपए देने पड़ते थे।

अब वॉल्वो सेमी स्लीपर बस से धर्मशाला से दिल्ली आने-जाने वाली वॉल्वो बस के लिए यात्रियों को मात्र 446 रुपए ही किराया देना होगा। किराए में कटौती होने से यात्रियों को राहत मिलेगी।

रेड बस ऐप पर फ्लिक्स वॉल्वो बस का टिकट बुक करवाने पर यात्री को यह सुविधा मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर

**एजेंसी, नारायणपुर/कांकेर**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गए।

इस दौरान सुरक्षाबलों के दो जवान भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। इस दल में जिला रिजर्व बल (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं।

मुठभेड़ जारी दो जवान घायल


फाइल फोटो

सुरक्षाबलों ने अभी तक घटनास्थल से पांच नक्सलियों के शव और बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभी दोनों के बीच मुठभेड़ जारी है तथा रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में इस साल अब तक 197 नक्सलियों को मार गिराया है।

### मणिपुर : सुरक्षाबलों को सख्त कार्रवाई के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा बलों को व्यवस्था बनाए रखने तथा शांति बहाली के लिए जरूरी कदम उठाने और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मणिपुर में सुरक्षा परिदृश्य नाजुक बना हुआ है।

संघर्ष में दोनों समुदायों के सशस्त्र उपद्रवी हिंसा में लिप्त रहे हैं, जिससे दुर्भाग्यवश लोगों की जान चली गई और सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई।

संजौली मस्जिद मामला

# मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और वक्फ बोर्ड को जवाब दखिल करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला आयुक्त की अदालत में शनिवार को संजौली मस्जिद मामले में सुनवाई हुई। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और वक्फ बोर्ड को शेष दो मंजिलों पर जवाब दाखिल करने के आदेश दिए। इससे पहले नगर निगम आयुक्त की अदालत ने तीन फ्लोर को हटाने के आदेश दिए थे, जो अब भी बरकरार हैं। संजौली मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड को अब ग्राउंड फ्लोर और पहले फ्लोर पर जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया है।

संजौली मस्जिद कमेटी और वक्फ बोर्ड की ओर से जवाब दायर करने के बाद मामले में सुनवाई की नई तारीख तय होगी।

वक्फ बोर्ड के संपदा अधिकारी कुतुबुद्दीन ने बताया कि संजौली मस्जिद मामले में जिला अदालत में सुनवाई चल रही है।

मौसम


## सड़कों पर जमने लगी ब्लैक आइस, 47 दिन से नहीं टूट रहा ड्राई स्पेल

# प्रदेश में बढ़ी सूखी ठंड, बारिश को तरसे लोग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बीते 47 दिन से बारिश नहीं हुई है। प्रदेश में ड्राई स्पेल बना हुआ है, हालांकि, प्रदेश में ठंड बढ़ने लगी है। अहम बात है कि ऊंचाई वाले इलाकों में पारा गिरने से अब पानी जमने लगा है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने एडवायजरी जारी की है, साथ ही कहा कि आने वाले समय में मनाली-काजा मार्ग को बंद किया जा सकता है।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश में लगातार पारा गिर रहा है। मौसम विभाग ने 15-16 नवंबर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश-


फाइल फोटो


बर्फबारी की संभावना जताई थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उधर, मौसम विज्ञान के शिमला केंद्र ने अगल तीन दिन तक प्रदेश के कुछ इलाकों में धुंध पड़ने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

हालांकि, पंजाब में पराली जलाने का असर हिमाचल प्रदेश में दिख रहा है और यहां पर भी पहाड़ी में स्मॉग छाई हुई है। राहत की बात है कि प्रदेश में पॉल्युशन का स्तर खराब नहीं है, केवल बद्दी में एयर क्वालिटी इंडेक्स बेहद खराब है, क्योंकि यह इंडस्ट्रियल एरिया है।

कुंजुम टॉप के पास सड़क ब्लैक आइस जम रही है और यहां पर गाड़ियों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। फिलहाल, बारिश-बर्फबारी न होने से हिमाचल प्रदेश में किसान और बागवानों की चिंताएं बढ़ी हैं और साथ ही टूरिज्म पर भी असर पड़ा है।

### ताबो में माइनस 7.6 डिग्री हुआ पारा

**हिमाचल** प्रदेश में लगातार पारा गिर रहा है। लाहौल-स्पीति के ताबो में प्रदेश में सबसे कम तापमान दर्ज हुआ है और यहां पर पारा माइनस 7.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, ऊना में सबसे अधिक 27.6 डिग्री पारा मापा गया है। इसके अलावा, शिमला में न्यूनतम पारा 9.6 डिग्री, मनाली में 4.2 और रिकांगपिओ में 3.9 डिग्री दर्द किया गया है।






श्रीराम कथा में श्रीराधाकृष्ण व कथा व्यास श्रीमानस पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज श्री मानस पीठ खजुरीताल जिला मैहर मध्यप्रदेश का पूजन करते हुए महंत राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज।



श्रीरामार्चा महायज्ञ महोत्सव में अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी श्री श्री 1008 ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ जिला मंदसौर मध्य प्रदेश के स्वागत को पारंपरिक वेषभूषा में खड़े मंडीवासी।



## मंडी







काशी, वाराणसी सहित देश के विभिन्न भागों से आए बटुक ब्रह्मचारी वेदपाठी व संतजन।

## कुल्लू



कुल्लू की खराहल घाटी के अधिष्ठाता देवता भगवान बिजली महादेव की मक्खन से बनी पिंडी




जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति के मेलिंग में स्थित महादेव मंदिर

## शिमला

हाटू पीक शिमला जिले में स्थित 3,400 मीटर (11,200 फुट) ऊंचा एक पहाड़ है। यह कोणधारी, बांज और मेपल के पेड़ों से घिरा है। शिखर पर हाटू माता का एक लकड़ी का मंदिर है, जिसमें काली माता की मूर्ति प्रतिष्ठापित है। हाटू पीक राष्ट्रीय राजमार्ग 5 पर नारकंडा के समीप स्थित है।







सोलन में पिछले दिनों स्कूलों में वार्षिक समारोह की धूम रही। इस कड़ी में साईं इंटरनेशनल स्कूल सोलन के छात्रों ने पहाड़ी नाटी की शानदार प्रस्तुति दी।

## सोलन



सिरमौर जिले के राजगढ़ में बाल मेले में छात्रों ने पेश की हिमाचली संस्कृति की झलक।

सिरमौर जिले के गिरीपार क्षेत्र के राजगढ़ का सिंहटू नृत्य जिसे देव आस्था में किया जाता है।



## न्यूज ब्रीफ

### पांच पांडवों की झलक पाने उमड़ा जनसैलाब



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते चमोली स्थित पांच पांडव मंदिर में शनिवार को पांच पांडवों की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों की तादाद में लोग उपस्थित रहे। वहीं, पांडवों का नृत्य देखते हुए लोग पंडाल में ही नाचने को मजबूर हो गए। भीड़ ज्यादा होने कारण कार्यक्रम को सामान्य चलाने के लिए मंदिर कमेटी को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस बारे मेंशनिवार को जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी ने बताया उक्त मंदिर हजारों वर्ष पुराना है, जिसे अब स्थानीय लोगों के सहयोग से नया रंगरूप देते हुए हर वर्ष भीष्म पंचक पूर्णिमा दौरान पांडबो की झांकी निकाली जाती है। इसके दर्शनों को दूरदराज के सैकड़ों लोग पहुंचते हैं।

### स्वयंसेवियों ने डाडासीबा अस्पताल में की सफाई



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएमश्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने सिविल अस्पताल डाडासीबा में सफाई अभियान चलाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी सपेहिया तथा देवना भारती के नेतृत्व मे स्वयंसेवियों ने अस्पताल में पड़े कूड़े-कचरे को इकट्ठा किया तथा वहां उगी हुई झाड़ियों का कटाई की।

### स्वयंसेवियों ने संवारा सीएचसी खैरा परिसर

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में सात



दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन आज स्वयंसेवियों ने खैरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर सफाई अभियान चलाया। वहां पर उन्होंने अस्पताल के आसपास घास व झाड़ियों को साफ किया। अस्पताल स्टाफ ने बच्चों को कार्य करने से पहले मास्क व ग्लव्स वितरित किए। डॉ. दीक्षा ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया व उन्हें बताया कि किस तरह से हम स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से बच सकते हैं। डॉ. अशोक सिकंद ने एन एस एस स्वयंसेवियों व विद्यालय स्टाफ का अस्पताल परिसर में सफाई के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर एन एस एस प्रभारी राजीव, सुनीता देवी साथ में विद्यालय के अध्यापक आरजू शर्मा, प्रीति कटोच, संजय , बबिता पटियाल व हरीश चंद्र उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याएं हल करना प्राथमिकता



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** निशु मोंगरा ने कृषि उपज मंडी समिति चेयरमैन का पदभार संभालने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वह कांगड़ा सब्जी मंडी को किसी खुली जगह ले जाने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुझे जो पदभार दिया है, मैं उसे जिम्मेदारी को पूरा करने हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कांगड़ा एक किसान बहुल क्षेत्र है, जिसमें लगभग 80 आबादी गांव में रहती है और खेतीबाड़ी पर निर्भर करती है इसलिए उनकी सभी समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की कांगड़ा के आसपास किसी गांव में खुली जगह देखकर किसानों के लिए विश्राम गृह भी स्थापित किया जाएगा।

# 4.14 करोड़ से बुझेगी धरेड़, सेहल और पंजाला की प्यास : किशोरी

## बैजनाथ के विधायक बोले, धरेड़ और सेहल में विकासात्मक कार्यों पर व्यय किए जा रहे 25 लाख

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत धरेड़ और सेहल में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने यहां लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत कहा कि वर्तमान सरकार ने आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न योजनाएं तथा कार्यक्रम आरंभ किए हैं। इन योजनाओं का लाभ ग्रामीण स्तर तक पात्र लोगों तक पहुंचे इस के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बैजनाथ विस क्षेत्र में पंचायतों में विकास कार्यों के लिए किसी भी स्तर पर धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। हर घर नल से बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाया जायेगा, ताकि लोगों को पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत धरेड़, सेहल तथा पंजाला के लिए जलजीवन मिशन के अंतर्गत 4 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से जलापूर्ति परियोजना का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है। इस योजना का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया। इस योजना में धरेड़, गुजरेहड़ा , सेहल, अप्पर भट्ठू , लोअर भट्ठू तथा अप्पर ब लोअर पंजाला गांव को शामिल किया गया है।



उन्होंने बताया कि इसमें 8 टैंक तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट धरेड़ में बनकर तैयार हो चुका है और इसमें लगभग 28 किलोमीटर पाइपे बिछा दी गई है।

विधायक ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का समान विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है ।

उन्होंने कहा कि धरेड़ और सेहल पंचायत में विकासात्मक कार्यों पर लगभग 25 लाख खर्च किए जा रहे हैं। इसमें धरेड़ पंचायत में रामघाट वास बनाने के लिए 5 लाख 90 हजार, पंचायत घर के निर्माण के लिए 4 लाख, सामुदायिक भवन के लिए 2 लाख, श्मशान घाट पंजीरी नाला 3 लाख, दलित बस्ती वार्ड 5 में श्मशान घाट 2 लाख और सेहल पंचायत में मेन रोड से देव राज के घर तक 1.5 लाख , दियोल सड़क से बोर्ड नंबर 02 रास्ता बनाने के लिए 80 हजार, लखदाता मंदिर सेहल ग्राउंड बनाने के लिए 1 लाख, राजकीय उच्च विद्यालय सेहल के शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख, इसके अतिरिक्त राजकीय उच्च विद्यालय सेहल के अतिरिक्त कमरे के लिए 2 लाख दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### बगली में कल होगा प्राकृतिक चिकित्सा दिवस का आयोजन


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस 18 नवंबर को सर्वोदय भवन बगली धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए प्राकृतिक चिकित्सक अपने अनुभव साझा करेंगे और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस मौके पर वर्तमान परिपेक्ष में प्राकृतिक चिकित्सा की उपादेयता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक भारद्वाज, डॉ. रमा सूद तथा डॉ. दिनेश पठानिया प्राकृतिक चिकित्सा के विषय पर चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में बगली संस्थान में रोगियों के लिए प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा निशुल्क जांच एवं उपचार किया जाएगा। डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि धर्मशाला में बीते दो दशकों से प्राकृतिक चिकित्सा-योग का प्रचार प्रसार किया गया है, जिसमें हजारों लोगों ने सेवा लाभ उठाया है। सर्वोदय भवन बगली धर्मशाला में जल-चिकित्सा, मिट्टी-चिकित्सा, उपवास, ध्यान-योग और मालिश-चिकित्सा सुविधाओं की बेहतरीन व्यवस्था की गई है ।

**कार्यक्रम में डॉ. संजय भारद्वाज होंगे मुख्यातिथि**

# एसपी इल्मा की छुट्टी पर जाने की असल वजह बताए प्रदेश सरकार : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि बद्दी की पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज का रात के समय अपना सामान समेट कर बद्दी से चले जाना एक रहस्य बना हुआ है। प्रतिदिन यह रहस्य और गंभीर होता जा रहा है। उन्हें विशेष रूप से शिमला बुलाया गया था और उसके बाद वे बद्दी आईं। रात के समय सामान समेटा और अपने घर चली गईं।



उन्होंने कहा कि यदि उसने कोई अपराध किया है, जिसके कारण उसे सरकार ने छुट्टी पर भेजा है। यह सारी सच्चाई सरकार को जनता के सामने रखनी चाहिए। परंतु यदि उसके अच्छे काम से कुछ प्रभावशाली लोग नाराज हो गए और उसी के कारण छुट्टी पर भेजा गया है, तो यह बड़ी गंभीर बात है।

पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा यह एक कड़वी सच्चाई है कि खनन इत्यादि अवैध धंधे साधारण लोग नहीं करते। इन अवैध धंधों के लिए कुछ बड़े लोग और नेता समर्थन देते हैं। इस प्रकार की भी बहुत सी खबरें आ रही है कि इल्मा अफरोज के कुछ अच्छे कामों के कारण कुछ बड़े स्थानीय नेता नाराज थे। उन्होंने ही उन्हें छुट्टी पर भिजवाया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने लंबे प्रशासन के अनुभव पर यह कह सकता हूं कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का सभी प्रकार का स्तर बाकी देश के कर्मचारियों से अच्छा है। इस दृष्टि से हिमाचल प्रदेश की सब जगह प्रशंसा होती हे। इसलिए एक महिला पुलिस अधीक्षक के बारे में यह रहस्य नहीं बना रहना चाहिए। पूर्व सीएम शांता कुमार ने कहा है कि मुझे इस बात की भी हैरानी है कि यदि अच्छे काम करने के कारण उसे छुट्टी पर भेज कर उसके साथ अन्याय हुआ है तो उस पर अधिकारी कर्मचारी संगठन चुप क्यों बैठा है।

शांता कुमार ने कहा कि कर्मचारी यूनियन को केवल अपने अधिकारों और भत्तों के लिए ही नहीं लड़ना चाहिए। यदि किसी अधिकारी के अच्छे काम के कारण कुछ नेताओं के कहने पर ईमानदार अधिकारी को सजा दी जाती है तो उसका विरोध करना भी कर्मचारी यूनियन का परम कर्तव्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विशेष आग्रह किया है कि इस रहस्य पर से पर्दा उठाए और यदि इल्मा अफरोज ने कोई साहस कर अच्छा काम किया है तो उसको सम्मानित करने का साहस दिखाए।

### स्कूलों में 19 को होगा मॉक टेस्ट

**फतेहपुर।** केंद्रीय शिक्षा बोर्ड द्वारा स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के शिक्षा संबंधी ज्ञान को जांचने के लिए परख अभियान शुरू किया हुआ है। इसके तहत बच्चों के मॉक टेस्ट लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा खंड फतेहपुर के तहत पड़ते सरकारी व निजी स्कूलों में तीसरी, छठी व नवमी कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का मंगलवार को मॉक टेस्ट लिया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए खंड प्रारंभिक शिक्षा फतेहपुर बलबान सिंह ने बताया उक्त परख अभियान के तहत 19 नवंबर दिन मंगलवार को फतेहपुर के सरकारी व निजी स्कूलों में बच्चों के मॉक टेस्ट आयोजित किए जा रहे हैं। इसके परिणाम के अनुसार आगामी 4 दिसंबर को होने वाली लिखित परीक्षा की रूपरेखा तैयार होगी। उन्होंने सरकारी व निजी स्कूलों से आह्वान किया है कि वे विद्यार्थियों का मॉक टेस्ट को लेकर उसकी सूची अपडेट करें। मॉक टेस्ट के लिए प्रश्न पत्र सोमवार को वितरित किए जाएंगे।

# प्रवक्ता संतोष राज ने होनहार छात्रा को भेंट की साइकिल



**अनंत ज्ञान, जवाली/फतेहपुर**

परोपकार मानव जीवन का उत्तम गुण है। इसी बात को चरितार्थ करते हुए जिला कांगडा की विधानसभा जवाली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिद्धपुर घाड़ में कार्यरत प्रवक्ता वाणिज्य संतोष राज ने अपनी नेक कमाई में से 11वीं कक्षा में पढ़ रही छात्रा जैस्मिन को एक साइकिल उपहार स्वरूप दान कर परोपकार की इसी भावना को चरितार्थ किया। प्रवक्ता संतोष राज से बातचीत करने पर पता चला कि जैस्मिन पुत्री देशराज 11वीं कक्षा की एक होनहार छात्रा है व पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। स्कूल से इस छात्र की घर की दूरी लगभग चार-पांच किलोमीटर है । इसी बात को ध्यान में रखते हुए इसी स्कूल के प्रवक्ता संतोष राज ने इस बेटी को अपनी नेक कमाई से एक साइकिल उपहार देने का निर्णय लिया, ताकि उसकी पढ़ाई में कोई बाधा न रहे। उन्होंने छात्रा को शनिवार को साइकिल भेंट कर दी है। उनके इस कार्य के लिए स्कूल प्रशासन सहित सभी लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया एवं प्रशंसा की है।

# सिद्धार्थ-पीयूष को मिला यूको राजभाषा सम्मान

## सीयू के कुलपति प्रो. बंसल ने दी बधाई, कहा-यूको बैंक का प्रयास सराहनीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के दो छात्रों सिद्धार्थ शेखर सिंह और पीयूष कुमार को स्नातकोत्तर हिंदी परीक्षा में पहला और दूसरा स्थान हासिल करने पर यूको बैंक धर्मशाला की ओर से 'यूको राजभाषा सम्मान' से पुरस्कृत किया गया है। इस मौके के पर दोनों विद्यार्थियों को 5000-5000 की राशि का चेक और स्मृतिका भेंट की गई है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह सम्मान नराकास, धर्मशाला के अध्यक्ष संजय धर ने प्रदान किया। इस मौके पर यूको बैंक, अंचल



कार्यालय से रितेश कुमार (राजभाषा अधिकारी) एवं अभिनव बुराड (मुख्य प्रबंधक) मौजूद रहे।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), धर्मशाला की द्वितीय छमाही बैठक का आयोजन जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण कार्यलय के सम्मेलन कक्ष में हुआ। इस बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धर्मशाला के अंतर्गत सभी कार्यालय प्रमुखों ने भाग लिया। इस संबंध में केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक निदेशक राजभाषा संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर यूको बैंक द्वारा 'यूको राजभाषा सम्मान' की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य राजभाषा हिंदी के संवर्धन और विकास को प्रोत्साहित करना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 की भावना को ध्यान में रखते हुए, सीयू एचपी के स्नातकोत्तर हिंदी के दो सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को यह सम्मान प्रदान किया गया। स्नातकोत्तर हिंदी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सिद्धार्थ शेखर सिंह, जिन्होंने 77.53 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पीयूष कुमार, जिन्होंने 76.03 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, को सम्मानित किया गया। 'यूको राजभाषा सम्मान' के अंतर्गत दोनों विद्यार्थियों को 5000-5000 रुपए की राशि का चेक और स्मृतिका भेंट की गई। यह आयोजन राजभाषा हिंदी के विकास और संवर्धन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को हिंदी भाषा के प्रति प्रोत्साहित करेगा और हिंदी के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को बढ़ावा देगा।

### कृषि सेवा सभा का अधिवेशन 20 को

**डाडासीबा।** दी कोटला बेहुड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित का वार्षिक साधारण अधिवेशन 20 नवंबर को सुबह 11 बजे सभा के प्रांगण में रखा गया है। यह जानकारी सभा सचिव यशविंद्र सिंह ने दी। उन्होंने सभा के सभी सदस्यों से अधिवेशन में भाग लेने की अपील की है।

### तीक्षिका भाषण स्पर्धा में प्रथम

**जयसिंहपुर।** प्राथमिक शिक्षा खंड निहरी के अंतर्गत राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय बैहली में 15 नवंबर 2024 को शुरू हुई खेलकूद प्रतियोगिता में 210 बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय रोहांडा की तीसरी कक्षा की छात्रा तीक्षिका ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।

# छात्रा से छेड़छाड़ मामले में हो कड़ी कार्रवाई : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनएसयूआई कार्यकर्ता पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिमला के भराड़ी में देर रात को एक छात्रा से एक युवक द्वारा छेड़खानी का मामला सामना आया है। जानकारी के अनुसार एनएसयूआई एक का कार्यकर्ता द्वारा 13 नवंबर की रात को एक अकेली छात्रा से छेड़छाड़ की गई। छात्रा द्वारा शिमला ढली थाना में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि एक तरफ ये छात्र संगठन छात्रों के लिए आवाज उठाने की बात करता है और दूसरी तरफ ये एनएसयूआई के कार्यकर्ता छात्रों के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद इस घटना की कड़ी निंदा करती है एवं दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती है।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा ये इस तरह की पहली घटना नहीं है इससे पहले भी इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर इस तरह के मामले दर्ज हुए हैं। परंतु महिला हितैषी होने का ढोंग करने वाला ये संगठन केवल मात्र महिलाओं का शोषण करने का काम कर रहा है। नैंसी ने कहा कि एक तरफ प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री व्यवस्था परिवर्तन का राग अलापते रहते हैं तो दूसरी तरफ उन्हीं के मातृ संगठन के कार्यकर्ता इस तरह की शर्मनाक घटनाओं को अंजाम देने का काम कर रहे हैं।

### कबाड़ की दुकान में लगी भीषण आग

**पठानकोट।** पठानकोट में डलहौजी रोड स्थित एक कबाड़ की दुकान को अचानक भयानक आग लगाने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली की आसपास की दो दुकानों को भी चपेट में ले लिया, जिससे कुल तीन दुकानों को इस आग से भारी नुकसान हो गया है। घटना का पता चलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई और दमकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी ओर कबाड़ की दुकान में लगी आग का कारण कोई दुकान में रखे थीनर से भरे ड्रम के फटना बता रहे हैं तो कोई दुकान के पास से गुजरती बिजली की तारों से शॉर्ट सर्किट बता रहे हैं।



# आर्थिक व योग्यता के आधार पर मिले आरक्षण

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजपूत सभा फतेहपुर के चेयरमैन राघब पठानिया ने शनिवार को अपने निवास स्थान रे-अगाहर में मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार से अपील की है कि नौकरियों में आरक्षण आर्थिक व योग्यता के आधार पर दिया जाए, ताकि योग्यता रखने वाले गरीब बच्चों को भी इसका लाभ मिल पाए। उन्होंने कहा कि योग्य अभ्यार्थी किसी भी जाति या वर्ग के गरीब परिवार से संबंधित हो सकता है। आरक्षण का लाभ कुछ ऐसे रसूखदार लोग उठा रहे हैं, जो काबलियत भी नहीं रखते, लेकिन अपने रसूख के चलते नौकरी पा लेते हैं। राजपूत सभा पिछले समय से सरकार से आरक्षण आर्थिक व योग्यता के आधार पर करने की अपील करती आई है, लेकिन अभी तक सरकार ने इस पर कोई भी उचित निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने अपील के साथ-साथ चेतावनी भी दी है कि अगर अभी भी सरकार ने उनकी अपील को अनसुना किया तो मजबूरन राजपूत समाज को इकट्ठा कर आंदोलन करना पड़ सकता है।

# जसवां-परागपुर प्रेस क्लब ने समस्याओं पर किया मंथन

**सालबिया शर्मा, गरली**

अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर जसवां परागपुर प्रेस क्लब द्वारा 16 नंबर को एक बैठक आयोजित हुई। चेयरमैन रक्षपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तमाम सभी पत्रकार पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर पत्रकारों को पेश आ रही समस्याएं और बाकी राज्यों की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया करवाने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया गया। चेयरमैन रक्षपाल शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस (पंजीकृत) के मार्गदर्शक में अहम कदम उठाए जा रहे हैं। क्लब के चैयरमैन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में दो दशक से पत्रकारों व मीडिया जगत की समस्याएं उठाता रहे हैं। लंबे समय से हम पत्रकारों के हितों के लिए लड़ते रहे हैं और समय-समय पर अपनी मांगों के ज्ञापन पत्र सरकारों के समय रखे गए हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश की सरकारें समाज के प्रमुख वर्ग पत्रकारों के मुद्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इसलिए इस बार हमारी पत्रकार यूनियन ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस (नेशनल प्रेस डे) न मनाने का निर्णय लिया है क्योंकि हिमाचल प्रदेश के पत्रकारों को वो सम्मान व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिली, जोकि अन्य राज्यों में है। (अनंत ज्ञान)

# पारस स्कूल भवारना में 27 और 28 को होगी राज्य स्तरीय कनिष्ठ बालिका बॉक्सिंग स्पर्धा

**राकेश डोगरा, डरोह।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय कनिष्ठ बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता 27 से 28 नवंबर को पारस पब्लिक स्कूल भवारना में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में हिमाचल के अनेक स्थानों से लड़कियां बॉक्सिंग में अपना करतब दिखाएंगी। सभी प्रतिभागी जिनकी जन्मतिथि 2008-2009 है, उन्हें शारीरिक वजन के लिए 26 नवंबर को पारस पब्लिक स्कूल भवारना में आवेदन करना होगा। अभी हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन ( स्वर्ण पदक विजेता) वंशिका गोस्वामी भी इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से मौजूद रहेंगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग संगठन अध्यक्ष और बॉक्सिंग अध्यक्ष जिला कांगड़ा सहित अन्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

# संसाल में शिक्षाविद् अनुज आचार्य ने स्वयंसेवियों को दिए कामयाबी के मंत्र

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

उपमंडल बैजनाथ की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संसाल में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक विमर्श सत्र में स्वयंसेवियों से वार्तालाप एवं चर्चा के दौरान लेखक एवं शिक्षाविद् अनुज आचार्य ने गुरुमंत्र देते हुए स्वयंसेवियों को जीवन में मोटिवेशन अर्थात अभिप्रेरणा के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि अभिप्रेरणा 'सीखने का सर्वोच्च राजमार्ग अथवा स्वर्णपथ है।' अनुज आचार्य ने एनएसएस स्वयंसेवियों को सदैव सकारात्मक रहते हुए मानसिक एवं शारीरिक सुदृढता पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए सही लक्ष्यों को निर्धारित



करते हुए खुद पर भरोसा रखने, गलत संगत से बचने, नशे से दूरी बनाए रखने, एकाग्रता, लगन, मेहनत, दृढ़ता, धैर्य, ज्ञान प्राप्ति के लिए तत्पर रहने, तैयारी करते हुए हार न मानना, अच्छी पुस्तकों को पढ़ने और सीखने का दायरा बढ़ाते हुए जीवन में कामयाबी हासिल करने की सलाह पर अमल करने की सीख दी। बौद्धिक सत्र में प्रिंसिपल सुनील कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता विनय आचार्य, अलका देवी के अलावा प्रवक्ता डॉक्टर पल्लवी जोशी, अमित शर्मा और विजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

एनएसएस स्वयंसेवियों अंजलि, इंदिरा, बादल और विजय ने बौद्धिक चर्चा सत्र में बताई गई बातों को बहुमूल्य बताया और विद्यालय प्रशासन एवं रिसोर्स पर्सन अनुज आचार्य का धन्यवाद किया।

**सख्ती** सहकारी सभाओं की प्रबंधक कमेटियों पर कसेगा शिकंजा, जनता के पैसे की होगी सुरक्षा

# प्रदेश की सभी सहकारी सभाएं होंगी ऑनलाइन

**अनिल छांगू, जवाली**

अब प्रदेश में सहकारी विभाग में सहकारी सभाओं की मनमर्जी नहीं चलेगी। शीघ्र ही प्रदेश की सभी सहकारी सभाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे प्रबंधक कमेटियां की मनमर्जी बंद हो जाएगी। यह शब्द प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सहकारिता, परिवहन मंत्री व जलशक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मिडिया द्वारा सहकारी सभाओं की प्रबंधक कमेटियों पर पूछे प्रश्न पर कहे। उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं में रिक्त चल रहे पदों को अगर किसी विशेष व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए प्रबंधक कमेटियां पद को नहीं भर रही और विभाग को इसकी जानकारी हैं तो विभागीय अधिकारी तथा प्रबंधक कमेटी पर कार्रवाई की जाएगी तथा सभा को होने वाले नुकसान का भी दायित्व तह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं में रिक्त चल रहे पदों को अगर किसी विशेष व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए प्रबंधक कमटियां पद को नहीं भर रही और विभाग को इसकी जानकारी हैं तो विभागीय अधिकारी तथा प्रबंधक कमेटी पर कार्रवाई की जाएगी तथा सभा को होने वाले नुकसान का भी दायित्व तह किया जाएगा। उन्होंने कहा कुछ शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ सचिव सेवानिवृत्त होने के बाद भी अगर सभा में काम कर रहे है व वेतन ले रहे हैं, जिस पर जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सभाओं को ऑनलाइन करने के लिए चार लाख रुपए दिए जा रहे हैं। इससे सभाओं में होने वाले घोटालों से भी बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र को सुदृढ़ करना सरकार का लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि आज सहकारी क्षेत्र ने बीएससी नर्सिंग, लॉ कॉलेज भी खोले जा रहे हैं। इससे गरीब बच्चों को भी बीएससी नर्सिंग तथा लो करने का भी मौका मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### निजी बसों की तरह टेंपो ट्रैवलर के लिए भी मिलेंगे रूट परमिट



**जवाली।** हिमाचल में निजी बसों की तरह टेंपो ट्रैवलर के लिए भी रूट परमिट मिलेंगे। परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार निजी बस आपरेटरों को रूट पर टेंपो ट्रैवलर चलाने के लिए परमिट देगी। जिस तरह बसों का रूट परमिट मिलता है, उसी तरह टेंपो ट्रैवलर का मिलेगा। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने गत दिवस जवाली में जल शक्ति विभाग के कार्यक्रम में शिरकत के दौरान मिडिया के सवालों पर जबाव देते हुए दी। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) के माध्यम से सभी जिलों में सर्वेक्षण करवाया है कि किन रूट पर टेंपो ट्रैवलर को चलाया जा सकता है। इसके तहत लगभग 250 रूट चिह्नित किए गए हैं। सरकार का तर्क है कि ग्रामीण क्षेत्रों के रूट पर कम सवारियां होती हैं। इस कारण निजी बस आपरेटर ये रूट नहीं लेते हैं। सरकारी बस हर स्थान पर चलाना संभव नहीं है। टेंपो ट्रैवलर में सीटें कम होती हैं और उतनी सवारियां रूट पर मिल जाएंगी। इससे ऑपरेटरों को घाटा नहीं होगा और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा में 19 को बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 नवंबर को 33 केवी लाइन एवं 33/11 केवी उपकेंद्र डाडासीबा की उचित मरम्मत व रखरखाव हेतु विद्युत सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान गांव डाडासीबा, जंबल, नंगल चौक, रोड़ी-कोड़ी, चनौर, बढल, स्यूलखड्ड, बाड़ी, बढाल, जौड़बड़, बलभाल में बिजली बाधित रहेगी । उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने बिजली के बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे समय पर अपने बिल जमा करवा दे अन्यथा बिना नोटिस के विद्युत कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

### 91. 4 ग्राम हेरोइन सहित दो भाई गिरफ्तार



अनंत ज्ञान, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत थाना डमटाल के अंतर्गत नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज सतेंद्र कुमार तथा उनके सहयोगियों ने कल रात गांव छन्नी बेली में गुप्त सूचना के आधार पर जब एक रिहायशी मकान पर छापेमारी की गई तब वहां से भारत उर्फ़ तमां तथा इसका छोटा भाई खन्ना पुत्र जेठाराम गांव व डाकखाना छन्नी बेली के पास से 91. 4 ग्राम हेरोइन तथा 38000 रुपए की नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है ।थाना डमटाल के अंतर्गत दोनों भाइयों पर मादक पदार्थ अधिनियम 21,29 के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञात रहे के इन दोनों भाइयों पर पहले भी एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं तथा यह बहुत ही शातिर अपराधी है। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### शनि सेवा सदन ने कोटला बाजार में बांटा प्रसाद



अनंत ज्ञान, जवाली। ज्येष्ठ शनिवार के अवसर पर शनि सेवा सदन पालमपुर, शाखा कोटला द्वारा कोटला बाजार में हलवा एवं काले चने का प्रसाद बांटा। यह प्रसाद शनि सेवा सदन पालमपुर के अध्यक्ष परविंद्र भाटिया के दिशा निर्देशों अनुसार बांटा गया। शनिदेव सेवा सदन शाखा कोटला के सदस्य जीवन कुमार, शिव कुमार आदि ने बताया कि शनि सेवा सदन पालमपुर गरीबों, असहाय एवं अन्य जरूरतमंद व्यक्तिओं की सेवा में सदैव तत्पर है। विकलांग व्यक्तियों को व्हील चेयर भी देते हैं। और अनाथ गरीब परिवारों की बेटियों की शादियो मे धाम का समान व ऐसे व्यक्तियों एवं गरीब परिवारों को राशन एवं आर्थिक तौर पर मदद करता रहता है। इस मौके पर योगराज मेहरा, राम स्वरूप, सतीश महाजन, राजकुमार वर्मा, अमित,आशु, सुनेश, रमन, राकेश कुमार, अर्पण, कुलजीत, अनमोल, दिनेश कुमार, शिव कुमार, मधुसूदन,जीवन कुमार आदि ने अपना सहयोग दिया ।

# कायाकल्प की सफाई सहयोगी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

- अस्पताल आई महिला का खोया आभूषण लौटाया
- पूर्व सीएम शांता कुमार ने दिया 11,000 रुपए इनाम



अनंत ज्ञान, पालमपुर

विवेकानंद रिचर्स ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि आज गिरते मौलिक मूल्यों के बीच ईमानदारी की मिसाल मिलना अचरज भरी बात है। ऐसी ही एक दुर्लभ मिसाल पालमपुर स्थित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान कायाकल्प में देखने को मिली।

कायाकल्प में इलाज कराने आई एक महिला ने घर पहुंचकर पाया कि उसके कान का एक गहना गायब है। महिला ने तुरंत यह जानकारी कायाकल्प के प्रशासक डॉ. आशुतोष से साझा की, जिसके बाद उपचार कक्ष की गहन छानबीन का आदेश दिया गया। समस्त प्रयासों के बाद भी जब हीरे जड़ित सोने का गहना नहीं मिला, तो प्रशासन ने महिला को सूचित करते हुए आश्वस्त किया कि गहना यदि कायाकल्प परिसर में किसी कर्मचारी द्वारा पाया गया तो वह अवश्य उन्हें लौटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सौभाग्यवश अगली सुबह वह गहना एक सफाई सहयोगी छन्नो देवी (मधु)को प्रतीक्षा भवन में कुर्सी के पास पड़ा मिला।

छन्नो देवी ने अविलंब वह गहना प्रशासन को सौंप दिया, जिसे बाद में महिला को लौटा दिया गया। पूर्व सीएम ने कहा कि उन्हें जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए अपनी ओर से छन्नो देवी को आभार स्वरूप 11,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा कर की। उन्होंने कहा कि आज कायाकल्प में छन्नो देवी को समस्त कर्मचारियों के बीच सम्मानित करने पर हर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि कायाकल्प की एक महिला कर्मचारी ने ईमानदारी की मिसाल कायम करते हुए प्रमाणित कर दिया कि हम एक आजाद देश के नागरिक हैं। आजाद और गुलाम देश के नागरिकों की मानसिकता में एक ही मूलभूत अंतर होता है। गुलाम देश के लोग चांदी के ठीकरों के लिए काम करते हैं जबकि आजाद देश के लोग ईमानदारी और कर्मठता की मिसाल पेश करते हुए देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए कार्य करते हैं।

उन्होंने समस्त कर्मचारियों से सतत जागरूकता की अपील की। इस अवसर पर कायाकल्प के प्रशासक डॉ. आशुतोष एवं विश्रांति के प्रशासक राकेश कोरला व नरेश आचार्य सहित अन्य अधिकारी गण एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## हैप्पी बर्थडे



कुनिहार की छवि कुमारी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# बदलते दौर में विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए निष्पक्षता जरूरी : डीसी

## धर्मशाला में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

आज के समय में तकनीक के सहयोग के सूचनाओं का प्रवाह अत्याधिक तेज हो गया है, ऐसे बदलते दौर में खबरों की विश्वनीयता बनाए रखने के लिए मीडिया जगत से जुड़े लोगों को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। निर्भिकता पत्रकार की पहली विशेषता है और जो निर्भय होगा वही निष्पक्ष होगा।

यह विचार जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने शनिवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर डीपीआरओ कार्यालय धर्मशाला के मीडिया कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। 'प्रेस का बदलता स्वरूप' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। उपायुक्त ने कहा कि मीडिया समाज का आईना है, इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा भी दी गई है। इस नाते सूचनाओं के तेज प्रवाह के इस दौर में मीडिया की विश्वसनीयता बहुत आवश्यक है, जरूरी है कि मीडिया सशक्त रहे और प्रेस के बदलते स्वरूप के अनुसार स्वयं को तैयार रखे। उन्होंने कहा कि आज जिस गति से सूचनाओं का प्रसारण हो रहा है, उसमें सत्यता और निष्पक्षता को वरीयता देना अत्याधिक जरूरी है। उन्होंने कहा कि खबर का पूरे समाज में एक व्यापक असर होता है इसलिए इस बदलते दौर में विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए यह बहुत जरूरी है कि सूचना की सत्यता को पहले परखा जाए। उन्होंने कहा कि समय के साथ सूचनाओं के प्रवाह और प्रसारण की गति में एक जबरदस्त परिवर्तन आया है। आज मीडिया के विस्तार के कारण वह सूचना उसी समय लोगों तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में मीडिया की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने फील्ड में जाकर जानकारी जुटाने और खबर निकालने के लिए अत्याधिक मेहनत करने के साथ विषय की सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित करने पर भी बल दिया। उन्होंने सूचना जन संपर्क विभाग को युवा पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन को लेकर प्रयास करने को कहा। इन कार्यशालाओं के जरिए विशेषज्ञों द्वारा युवा पत्रकारों को पत्रकारिता के गुर सिखाने की दिशा में काम किया जा सकता है।

इस परिचर्चा में क्षेत्र के पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पत्रकारिता से जुड़े विषयों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। पत्रकारों के वास्तविक अनुभव कथनों और व्यवहारिक सुझावों से कार्यक्रम की सार्थकता सिद्ध हुई। कार्यक्रम में जिला लोक संपर्क अधिकारी विनय शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और परिचर्चा का संचालन किया।

# दो जिलों में ठगे अनेक लोग शिल्ला से ठग शम्मी अरेस्ट

- अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

कभी लोन तो कभी अन्य हथकंडे अपना कर कई लोगों से ठगी कर चुके एक शातिर को पकड़ने में धर्मशाला पुलिस को सफलता मिली है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न कोर्ट में कई मामले चल रहे हैं, लेकिन वह अदालत में पेश नहीं होता था। अदालत की ओर से पहले भी उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था तथा ठगी के एक अन्य मामले में धर्मशाला न्यायालय ने उसे भगोड़ा घोषित किया था। अब पुलिस ने उसे शिल्ला से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रिहलू निवासी 48 वर्षी शम्मी डोगरा पर चंबा, कांगड़ा तथा धर्मशाला क्षेत्र में कई लोगों के साथ ठगी करने के कई मामले चल रहे थे। कई बार कोर्ट उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया जा चुका है तथा वह इन मामलों में वांछित था। धर्मशाला स्थित न्यायालय ने हाल ही में उसे एक मामले में भगोड़ा घोषित किया था। इसके बाद पुलिस थाना धर्मशाला की पुलिस टीम ने धर्मशाला के शिल्ला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

उधर, एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत ने 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा तथा चंबा जिले में अब तक कई ठगे

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी 48 साल का शम्मी अब तक चंबा तथा कांगड़ा जिलों में कई लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। वो लोगों से कर्ज लेकर उन्हें फर्जी चेक देकर दर्जनों लोगों को लाखों रुपए का चूना लगा चुका है। उसके खिलाफ ठगी के कई मामले अदालत में हैं तथा इन मामलों में उसने विभिन्न हथकंडे अपनाकर लोगों को चूना लगाया है। उसकी गिरफ्तारी से कई लोग ठगी का शिकार होने से बच गए हैं।

# एसएआर ग्रेडिंग के लिए तकीपुर कॉलेज का किया गया निरीक्षण



आशीष दमीर कांगड़ा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में उच्चतर शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित (एसएआर) स्व मूल्यांकन रिपोर्ट के लिए निरीक्षण किया गया। इसके लिए कॉलेज की आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. भगवान दास द्वारा प्राचार्य डॉ. आरएस गिल के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा स्व मूल्यांकन रिपोर्ट द्वारा ग्रेडिंग हेतु सभी दस्तावेजों को पूर्ण कर लिया गया था।

सरकार द्वारा गठित भौतिक सत्यापन समिति एसएआर के सदस्यों के रूप में सर्वप्रथम अध्यक्षा डॉ. अंजु आरचौहान प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय ढलियारा, डॉ. अश्विनी शर्मा प्राचार्य हरिपुर कॉलेज, डॉ. राजीव रतन सह आचार्य ढलियारा कॉलेज, प्रो. के. के. शर्मा सह. आचार्य नगरोटा सूरियां कॉलेज, डॉ. विकास धीमान ढलियारा कॉलेज, अमित कुमार अधीक्षक ढलियारा कॉलेज शामिल थे। महाविद्यालय की आईक्यएसी के समन्वयक डॉ. भगवान दास द्वारा स्व मूल्यांकन रिपोर्ट (एसएआर) कार्य निष्पादन के समस्त दस्तावेज एवं आधिकारिक रिकॉर्ड भौतिक सत्यापन कमेटी को उपलब्ध करवाया गया तथा इस कार्य के समुचित निर्वहन के लिए जो कार्य विभाजन प्राचार्य द्वारा किया गया था, उसके अनुरूप सभी प्राध्यापकों ने अपने-अपने मानक बिंदुओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर समिति ने निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के इको क्लब के समन्वयक डॉ. अश्विनी शर्मा द्वारा समिति की अध्यक्षा डॉ. अंजु आर. चौहान एवं प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने महाविद्यालय परिसर में दालचीनी के पौधे का रोपण किया। (अनंत ज्ञान)

# क्लस्टर स्तरीय समिति ने किया मटौर कॉलेज का दौरा



अनंत ज्ञान, कांगड़ा

प्राचार्य डॉ विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्ययन परिषद से मान्यता के लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर भी मूल्यांकन करवा रही है। समस्त कॉलेजों का मूल्यांकन करने के बाद केंद्रीय कमेटी दौरा करेगी। हर पांच साल बाद नैक से मान्यता प्राप्त प्रत्येक कॉलेज की गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाता है। रैंकिंग के आधार पर ही केंद्र सरकार से कॉलेजों को ग्रांट जारी होगी।

इन दिनों राज्यस्तरीय टीम कॉलेजों का मूल्यांकन करने में जुटी हुई है। 16 नवंबर को टीम ने राजकीय महाविद्यालय मटौर का निरीक्षण किया। समिति की अध्यक्षता डॉ. अंजू आर चौहान, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय ढलियारा ने की। डॉ. अश्विनी के. शर्मा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर समिति के उपाध्यक्ष, व अन्य नामित सदस्यों इसमें शामिल रहे। समिति ने महाविद्यालय के भवन, स्मार्ट क्लास रूम, पुस्तकालय और कार्यालय से संबंधित दस्तावेजों का गहनता से परीक्षण किया तथा समिति ने महाविद्यालय की ओर से प्रस्तुत स्वयं मूल्यांकन प्रतिवेदन का सर्वांगीण अध्ययन करते हुए कुछ बिंदुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। प्राचार्य ने बताया कि समिति की ओर से किए गए दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के आधार पर महाविद्यालय को स्टेट रैंकिंग प्रदान की जाएगी।

# जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर के छात्रों ने जाने यातायात नियम



अनंत ज्ञान, पालमपुर

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) कॉलेज राजपुर में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा सहायक प्राध्यापक और एनएसएस प्रभारी, श्री अरविंद कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को यातायात नियमों और ड्राइविंग की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व छात्र और 'सुजुकी ड्राइविंग स्कूल, पालमपुर के निदेशक और महाप्रबंधक कैप्टन देवेंद्र डडवाल ने छात्रों को ड्राइविंग से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के लिए ड्राइविंग कौशल सीखने के महत्व पर भी जोर दिया और बताया कि इससे महिलाएं अधिक आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कंपनी के प्रशिक्षक संजय पटियाल ने भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।



यह कार्यक्रम छात्रों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण रहा। कॉलेज के निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यों की सराहना करते हुए छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करवाने के लिए कैप्टन देवेंद्र डडवाल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य शिक्षक एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों सहित अन्य छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### टीजीटी टेट परीक्षा आज

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड रविवार को टेट (टीजीटी) आर्ट्स और टेट (टीजीटी) मेडिकल विषय की परीक्षाओं का संचालन करेगा। बोर्ड के सचिव मेजर डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि सुबह के सत्र में 10 से लेकर 12:30 बजे तक प्रदेश के 76 परीक्षा केंद्रों में 13068 परीक्षार्थी टैट (टीजीटी) आर्ट्स की परीक्षा देंगे। दोपहर के सत्र में 2 बजे से लेकर 4:30 बजे तक टेट (टीजीटी) मेडिकल की परीक्षा के लिए 4611 परीक्षार्थी प्रदेश में स्थापित 50 केंद्रों में परीक्षा देंगे।

### अधिशाषी अभियंता को सम्मानित करने पर जताई खुशी



अनंत ज्ञान, जवाली

जल शक्ति विभाग मंडल जवाली के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री द्वारा बढ़िया रेस्ट हाउस का निर्माण करने पर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने पर जलशक्ति विभाग के स्टाफ व ठेकेदार यूनियन ने खुशी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता को बधाई दी है । जवाली के एसडीओ राम कुमार, जेई रजनीश, सतीश, अजय शर्मा, निर्मल सिंह, एचडीएम सुरेश कुमार, यशपाल सिंह, पवनजीत सिंह, गुलशन चड्डा, शैलजा, सीमा, अलका सहित ठेकेदार यूनियन के प्रधान संसार सिंह संसारी, मनु शर्मा, अश्वनी चौधरी, कैलाश भारती, मुनीश कुमार, अंकुश गोस्वामी, शशि चौधरी, अनुभव धीमान, संदीप मेहरा ने कहा कि एक अधिशाषी अभियंता को उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करना बहुत बड़ी बात है।

## सूरत-ए-हाल प्रदेशभर में खंड विकास अधिकारियों के 30 पद चल रहे हैं खाली

# विकास का मसीहा कहलाने वाला विभाग खुद लाचार

अनिल छांगू, जवाली

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनमानस के विकास की गाथा लिखने के लिए जाना जाता था, आज खुद अपने विकास के लिए लाचार दिखाई दे रहा है।

वर्तमान में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग में कुल 127 विकास खंड अधिकारियों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन अगर ग्रामीण क्षेत्रों में नजर दौड़ाई जाए तो पूरे प्रदेश मे इस समय लगभग 30 पद खंड विकास अधिकारियों के रिक्त होने के कारण दाएं-वाएं विकास खंड अधिकारियों को रिक्त पदों का कार्यभार सौंपकर केवल मात्र आंकड़ों का विकास ही करवाया जा रहा है, जबकि धरातल पर विकास की गाथा डगमगाती हुई नजर आ रही है । यही नहीं, यदि विभाग की कार्यप्रणाली की गति पर अगर नजर दौड़ाई जाए तो गत दो वर्षों से रिक्त पड़े खंड विकास अधिकारियों के पदों पर पदोन्नति की राह देख रहे कर्मचारी भी टकटकी लगाते हुए सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं, लेकिन विभाग उनकी पदोन्नति के लिए पात्र दस्तावेजों को ही पूरा न करके आजतक विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित करवाने में असमर्थ रहा है। पात्र कर्मचारियों की यदि मानें तो विभाग द्वारा आए दिन पदोन्नति के लिए पात्र कर्मचारियों को अर्पण दस्तावेजों में ही उलझा कर फाइल पर ही खंड विकास अधिकारी बनने की सैर करवाई जा रही है।

गत दो वर्षों में लगभग 8 से 10 कर्मचारी अपनी पदोन्नति की आस में सेवानिवृत हो चुके हैं तथा कई सेवानिवृत्ति के नजदीक है, लेकिन ग्रामीण विकास मंत्रालय व उच्च अधिकारियों द्वारा कोई भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। यही नहीं, हिमाचल प्रदेश के विकास खंडों में अन्य विभिन्न पदों जैसे लिपिक, वरिष्ठ सहायक, पंचायत निरीक्षक, महिला ग्राम विकास संयोजिका, मुख्य सेविका, समाज शिक्षा एंव खंड योजना अधिकारी व अन्य प्रसार अधिकारियों के सैकड़ों पद रिक्त पड़े हैं तथा एक एक कर्मचारी पर तीन तीन पदों का कार्यभार सौंप कर ग्रामीण क्षेत्रों में केवल आंकड़ों के आधार पर विकास की गाथा लिखी जा रही है तथा आम जनता को विकास का चश्मा पहनाया जा रहा है। विभाग का अपने कर्मचारियों के प्रति इस तरह का उदासीन रवैया समझ से परे है। (अनंत ज्ञान)

### रिक्त पदों को भरने के लिए बनाई है कैबिनेट सब कमेटी

इस बारे में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रदेश में पंचायती राज विभाग के साथ अन्य विभागों में भी पद खाली चल रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं हैं कि काम नहीं हो रहा है। खाली पदों को भरने के लिए कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया गया है। जैसे ही कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी, उस पर एक्शन प्लान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाली पदों को भरने और समय पर अधिकारियों व कर्मचारियों को पदोन्नति मिले इसके लिए सरकार प्रयासरत है।



## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा पाठशाला में सात दिवसीय योग शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शनिवार को साप्ताहिक योग शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत योग की क्रियाओं तथा विभिन्न प्रकार के आसनों के साथ हुई। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा के प्राचार्य विजय कुमार कौंडल तथा सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. प्रियंका विशेष सम्मानित अतिथियों में राजकुमार प्राचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा के प्राचार्य राज कुमार, प्राचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, पीटीए प्रधान संजय कुमार ने शिरकत की। प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय धनेटा के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है, जिससे मानव जीवन को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ मानव जीवन को सबल एवं सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने पूरे सप्ताह भर योग सेवा में करवाई गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि विजय कुमार कौंडल ने छात्रों को कहा कि आज के जीवन में योग के महत्व तथा उसकी भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य को लौकिक तथा पारलौकिक जीवन में सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, साथ ही मानसिक तनाव कम करने में भी सहायक है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग प्रो. नीलम कुमारी, डॉ. अजय कुमार, प्रो. मदन सिंह, डॉ. प्रीतम चंद, कुलबीर सिंह, रमना देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नड़ियाना रांगड़िया में 6 बेटियों का जन्मोत्सव मनाया



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विकास योजना हमीरपुर के सौजन्य से शनिवार को ग्राम पंचायत बस्सी झनियारा के आंगनबाड़ी केंद्र नड़ियाना रांगड़िया में सामूहिक रूप से 6 बेटियों का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके अंतर्गत सभी बेटियों की माता को बधाई संदेश और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी उपस्थित महिलाओं को बेटा बेटी एक समान का संदेश दिया और 6 बेटियों की अभिभावकों के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में पौधरोपण किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के बारे में पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान ने उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बेटियों के लिए बेटी जन्मोत्सव के अलावा पंचायत स्तर पर लोकल चैंपियन का चयन करना तथा स्कूलों में किशोरियों के लिए उन्हें आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर और एक्सपोजर विजिट करवाना आदि कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। शिविर में खुशबू पत्नी केदार सिंह, अर्चना पत्नी दीप कुमार, रुचिका पत्नी रवि कुमार, अनु पत्नी रविकांत ठाकुर, शिवानी पत्नी सुमित कुमार तथा रामप्यारी पत्नी रवि कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोगों को बेटी का जन्म धूमधाम से मनाने व बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता डोगरा ने बेटियों पर एक पहाड़ी गीत भी सुनाया। वार्ड पंच वासुदेव ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग का धन्यवाद किया और शिविर के सफल आयोजन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजना, अलका, लता, चंचलो, सरोज और सुलोचना आदि सभी को बधाई दी। शिविर में लगभग 30 के करीब महिला उपस्थित थीं।

### राज्यसभा सांसद को किसान संघ ने सौंपा मांग पत्र



अनंत ज्ञान, नादौन। भारतीय किसान संघ जिला हमीरपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष कमल लखनपाल की अध्यक्षता में राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार से उनके निवास पर मिला तथा उन्हें किसानों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से आग्रह किया कि आगामी संसद सत्र में भारतीय किसान संघ का जीएम फसलों के विरोध को देखते हुए इस बात को सत्र में उठाने का आग्रह किया, ताकि धरती माता की जैव विविधता से नष्ट होने से बचाया जा सके और मानव जाति को इस जहरीली खेती से निजात मिल सके। भारतीय किसान संघ जिला हमीरपुर के अध्यक्ष ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के साथ जीएम फसल का कोई लेना-देना नहीं है और न ही इसका उपयोग हुआ है, लेकिन भ्रामक प्रचार हुआ है कि जीएम फसल अधिक उपजाऊ वाली फसल है। उन्होंने कहा कि जीएम फसल जैव विविधता को नष्ट करता है। ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती और उसके आगे जहरीला जीएम खेती किसान के लिए असुरक्षित रहा है। इसके कारण देश में किसानों के आत्महत्या करने के मामलों में बहुत बढ़ोतरी हुई है।

### भोरंज के छात्रों ने राज्य स्तरीय शिविर में लिया भाग

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज के भारत स्काउट एंड गाइड, रोवर्स एंड रेंजर्स के सदस्य छात्रों में उमेश बी.कॉम तृतीय वर्ष, विशाल कुमार एमए राजनीति शास्त्र प्रथम सेमेस्टर, नीरज कुमार बीए प्रथम वर्ष, दीपक कुमार बीकॉम तृतीय वर्ष ने राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में 10 से 14 नवंबर को राज्य स्तरीय निपुण प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस शिविर में रोवर्स एंड रेंजर्स को प्राथमिक चिकित्सा बीपी सिक्स अभ्यास, कैंप फायर, रोप वे ट्रैकिंग, मानचित्रकारी, दिशा सूचक यंत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ध्वजारोहण का प्रशिक्षण दिया गया। भोरंज महाविद्यालय के छात्रों द्वारा इस शिविर को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने जानकारी दी कि भविष्य में भी छात्रों को इस तरह के शिविरों में भाग लेने के लिए भेजा जाता रहेगा। इस तरह के शिविरों में भाग लेन से छात्रों का मानसिक और शारीरिक विकास दोनों होता है।

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर करते रहे मरीजों के आने का इंतजार

## मरीजों की परेशानी को देखते हुए डॉक्टरों ने देर शाम तक देखे मरीज

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पिछले तीन दिनों से मरीज इलाज करवाने तो आ रहे हैं, लेकिन ओपीडी में दिखाने के लिए पर्ची बनाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। पर्ची बनाने के लिए आयुष्मान भारत कार्ड यानी आभा कार्ड के बिना पर्ची नहीं बन रही है। हालांकि मरीज अपने साथ आभा कार्ड साथ लेकर आ रहे हैं, लेकिन ओटीपी आने के बाद ही पर्ची बनाई जा रही है, जिसके लिए काफी समय लग रहा है।

शनिवार को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पर्ची बनाने के लिए सुबह से मरीजों की काफी लाइन लगी थी। मरीज डेढ़ दो बजे तक पर्ची बनाने के लिए लगे रहे, क्योंकि पर्ची बनाने में काफी समय लग रहा था। दूसरा मरीजों की भीड़ इतनी अधिक थी कि पर्ची बनाने के लिए उन्हें बड़ी देर तक इंतजार करना पड़ा। बता दें कि शनिवार के दिन मरीजों की पर्चियां देरी से बनीं, जिसके चलते मरीज देरी से ओपीडी में पहुंचे। हालांकि डॉक्टर मरीजों का इंतजार कर रहे थे, लेकिन पर्ची के बिना किसी भी मरीज को देखना संभव नहीं था। सुबह से दोपहर डेढ़ बजे तक मरीजों की पर्ची न बनने से ओपीडी में भी मरीजों की भीड़ काफी कम रही। उसके बाद जब मरीजों की पर्ची बनी तो डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की।



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पर्ची बनाने के लिए लगी मरीजों की लंबी लाइनें।

डॉक्टर ओपीडी में देर शाम तक मरीजों को देखते रहे ताकि कोई भी मरीज बिना इलाज के वापस न जाए। डॉक्टर के पास जांच करवाने के बाद कई मरीज जिनके टेस्ट लिखे थे, उनके टेस्ट नहीं हो सके। उन्हें अब सोमवार को अपने टेस्ट करवाने होंगे उसके बाद ही उनका इलाज किया जाएगा। हालांकि मरीज मेडिकल कॉलेज प्रशासन से पर्ची के लिए और काउंटर खोलने की मांग कर रहे हैं जिससे मरीजों को इलाज करवाने में आसानी हो, लेकिन अभी तक पर्ची बनाने के लिए खोले गए दो काउंटरों से ही काम चलाया जा रहा है।

इस बारे में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के कार्यवाहक स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. शशि दत ने बताया कि नया सिस्टम शुरू करने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्ची बनाने के लिए देरी हो रही है, लेकिन सभी डाक्टर मरीजों की सही तरीके से जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कोई न कोई समाधान जरूर निकाला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# प्रशासन और मीडिया में बहुत ही गहरा संबंध : उपायुक्त अमरजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने उपायुक्त कार्यालय परिसर के प्रेस रूम में एक संगोष्ठी आयोजित की। उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी में एसपी भगत सिंह ठाकुर, एडीएम राहुल चौहान, एसडीएम संजीत सिंह और हमीरपुर में कार्यरत विभिन्न प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के पत्रकारों ने भाग लिया।

संगोष्ठी में इस वर्ष के राष्ट्रीय प्रेस दिवस के लिए भारतीय प्रेस परिषद की ओर से दिए विषय 'चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस' यानी 'प्रेस का बदलता स्वरूप' पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन और मीडिया में बहुत ही गहरा संबंध होता है। सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। सरकार और प्रशासन को मीडिया के माध्यम से इन योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण फीडबैक भी मिलता है। मीडिया के कारण ही कई जनसमस्याएं प्रशासन के ध्यान में आती हैं और प्रशासन त्वरित कार्रवाई करता है। उपायुक्त ने कहा कि तथ्यों पर आधारित स्वस्थ एवं सकारात्मक आलोचना से लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं। मीडिया कर्मियों को इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए।

इस अवसर पर एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। हमीरपुर के मीडिया कर्मियों की सराहना करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस की ओर से आरंभ किए गए नशा विरोधी अभियान और अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में पुलिस को मीडिया का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

इस अवसर पर कई वरिष्ठ पत्रकारों ने भी प्रेस के बदलते स्वरूप पर अपने विचार रखे। जिला लोक संपर्क अधिकारी ने उपायुक्त, एसपी, अन्य अधिकारियों तथा सभी मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया।



राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने संगोष्ठी आयोजित की।

# घरियाणा ब्राह्मणा और मोरसू दतयाला में अवैध निर्माण पर टीसीपी का नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- **अनुपालना न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल घरियाणा, ब्राह्मणा और उपतहसील भोटा के गांव मोरसू दतयाला में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों के उल्लंघन तथा अवैध निर्माण कार्यों का कड़ा संज्ञान लेते हुए विभाग के नियोजन अधिकारी ने दो लोगों को नोटिस जारी किए हैं।

घरियाणा ब्राह्मणा में निर्माण कार्य पर विभाग के नियोजन अधिकारी ने हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम 1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत नोटिस जारी करते हुए निर्माण कार्य को तुरंत रोकने तथा साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

उधर, मोरसू दतयाला में निर्माण कार्य के संबंध में पूर्व में जारी नोटिस की अनुपालना न करने पर नियोजन अधिकारी ने अब हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम 1977 की धारा 39 की उपधारा-2 के तहत दोबारा नोटिस जारी किया है। नोटिस की अनुपालना न करने की स्थिति में संबंधित लोगों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## प्रेस क्लब नादौन ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा मांग पत्र

# एसडीएम को करवाया क्लब की समस्याओं से अवगत

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

प्रेस डे पर प्रेस क्लब नादौन (पंजीकृत) एवं नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट नादौन इकाई (संबद्ध एनयूजे इंडिया) द्वारा प्रेस क्लब नादौन के प्रधान निष्पक्ष भारती की अध्यक्षता में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम राकेश शर्मा से मिला।

इस दौरान क्लब के महासचिव वीरेंद्र गोस्वामी, पूर्व प्रधान प्रदीप शर्मा, संयोजक डॉ. पंकज राणा, पंकज वर्मा, मुकंद शर्मा, अनुज शर्मा, सतीश धीमान के अतिरिक्त क्लब के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। क्लब ने एनयूजे की प्रदेश इकाई के आह्वान पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एसडीएम के माध्यम से अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन भेजा।



एस डी एम कों प्रेस क्लब नादौन ज्ञापन सौंपता हुआ।

प्रेस क्लब नादौन के अध्यक्ष निष्पक्ष भारती एवं महासचिव वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश यूनियन आफ जर्नलिस्टस एक ऐसा संगठन है, जो कि हिमाचल प्रदेश में दो दशक से पत्रकारों व मीडिया जगत की समस्याएं उठाता रहता है। लंबे समय से हम पत्रकारों के हितों के लिए लड़ते रहे हैं और समय-समय पर अपनी मांगों के ज्ञापन पत्र सरकारों के समय रखे गए हैं, लेकिन प्रदेश की सरकारें समाज के प्रमुख वर्ग पत्रकारों के मुददों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं और कोई सकारात्मक परिणाम सामने नही आ पा रहे हैं, इसलिए इस बार हमारी पत्रकार यूनियन ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस न मनाने का निर्णय लिया क्योंकि कई दशकों से हम इसको मना रहे हैं, लेकिन प्रदेश के पत्रकारों को वह सम्मान व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिली जो कि अन्य राज्यों में हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य इकाई के आवाहन पर नादौन इकाई की ओर से एक ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपना सूक्ष्म मांग पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि मुख्य मांगों में प्रदेश के पड़ोसी राज्य पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड की तर्ज पर पेंशन का प्रावधान किया जाए और पत्रकार कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगें भी रखी गईं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि पत्रकारों की मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए। (अनंत ज्ञान)

# सीएम शिक्षा के स्तर को सुधारने को उठा रहे कदम : डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपाल नगर का वार्षिक पारितोषिक समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र वर्मा का स्कूल के प्रबंधक रविंद्र पुरी व मैनेजमेंट ने जोरदार स्वागत किया व उनको सम्मानित किया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश के अंदर निजी शिक्षण संस्थान जिन्होंने प्रदेश का नाम रोशन किया है, उनमें से न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल भी आता है।





न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपाल नगर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

उन्होंने उन सभी निजी शिक्षण संस्थाओं का ा आभार जताया जो बड़े ही अच्छे तरीके से हमारे हिमाचल के बच्चों के भविष्य निर्माण में लगे हुए हैं और साथ ही साथ हजारों रोजगार निजी शिक्षण संस्थान हमारे हिमाचल वासियों के लिए उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी प्रदेश के बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीर हैं और सुधार के कई कदम शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए जा रहे हैं। शिक्षा की क्वालिटी को मजबूत करने के लिए एक वर्ष के भीतर 3000 से ज्यादा रेगुलर अध्यापकों की भर्ती प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक की है।

इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तेजनाथ तेज, रतन डोगरा, निशा कटोच, पार्षद हर्ष कालिया विवेक कटोच सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कौशल, युवा कांग्रेस के सचिन ठाकुर, रोहित, दिवस ठाकुर व गणमान्य मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह जिला स्तरीय समारोह कल होगा आयोजित

**एसके ठाकुर, बड़सर।** अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का 71वां जिला स्तरीय समारोह 18 नवंबर को सीएसडी कैंटीन बारल हमीरपुर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हमीरपुर क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 10:30 बजे से होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी विकास संघ हमीरपुर के अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल करेंगे। इस कार्यक्रम में सहकारी सभाओं का साल भर का लेखा-जोखा तथा अपने अपने क्षेत्र में किए गए विशेष कार्य का भी उल्लेख किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## भोरंज पुलिस को गश्त के दौरान मिले पर्स को उसके असल मालिक को लौटाया



**एसके शर्मा, जाहू।** गश्त के दौरान भोरंज पुलिस को मिले पर्स को उसके मालिक को लौटा दिया है। भोरंज पुलिस थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान भोरंज पुलिस को पर्स मिला था, जिसे पर्स के मालिक टैक्सी चालक को थाने में बुलाकर दे दिया है जिसमें सारा सामान यथावत था। बताते चलें कि पुलिस ने पर्स लौटकर इमानदारी की मिसाल पेश की है।

# हमीरपुर को नगर निगम बनाने की कैबिनेट मंजूरी पर खुशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- **नगर परिषद ईओ बोले- हमीरपुर का होगा और विकास**
- **डीसीसी की पूर्व अध्यक्ष सुमन भारती ने जताया सीएम का आभार**

हमीरपुर नगर परिषद को अब नगर निगम बनाने की कैबिनेट मंजूरी के बाद यहां पर इसका चौतरफा स्वागत हुआ है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर का कहना है कि हमीरपुर शहर और इसके आसपास लगने वाली पंचायतें जो अब नगर निगम का हिस्सा बनेंगी, उनमें विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया है।

उन्होंने कहा है कि हमीरपुर शहर की दशा दिशा सुधारने के लिए अभी तक जो प्रयास किए गए हैं, उनसे यहां की जनता को खूब लाभ मिला है और अब नगर निगम बनने से जिस बड़े स्तर पर यहां का विकास होगा, उसका फायदा यहां की जनता उठाएगी। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा है कि नगर निगम का दर्जा दिए जाने पर हमीरपुर के विकास में अब नई शुरुआत होगी, हमीरपुर के बाशिंदों को नई दशा दिशा मिलेगी।

काबिले गौर यह है कि पिछले लंबे समय से हमीरपुर को नगर निगम बनाने की कवायत शुरू थी, इसका मुकम्मल तौर पर ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। कितनी पंचायतें इसमें आएंगे, इससे संबंधित पूरा ब्यूरो राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। नगर परिषद और जिला प्रशासन ने इस पर लंबी मशक्कत की थी। मुख्यमंत्री ने काफी समय पहले हमीरपुर को नगर परिषद बनाने की बात कही थी और अब प्रदेश में जो तीन नए नगर निगम बनाए जा रहे हैं। उनमें हमीरपुर भी शामिल किया गया है। कैबिनेट ने आज की बैठक में इसे अप्रूवल दी है।



अजमेर ठाकुर



सुमन भारती

## एचपीआरसीए के अध्यक्ष राजीव कुमार ने सदस्य सुखदेव सिंह को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के अध्यक्ष राजीव कुमार ने शनिवार को भूतपूर्व प्रशासनिक अधिकारी सुखदेव सिंह को आयोग के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शनिवार दोपहर बाद आयोग के हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सर्वप्रथम आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने प्रदेश सरकार की ओर से जारी सुखदेव सिंह की नियुक्ति आदेश को अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया।

इसके बाद अध्यक्ष राजीव कुमार ने सुखदेव सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में वन अरण्यपाल निशांत मंढोत्रा, आयोग के उपसचिव राजीव ठाकुर, हिमाचल प्रदेश राज्य भूतपूर्व सैनिक निगम की सचिव दीप्ति मंढोत्रा, नवनियुक्त सदस्य के परिजन, एचपीआरसीए के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। सुखदेव सिंह हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के 2005 के अधिकारी रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक अधिकारी के अलावा कई विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर सराहनीय सेवाएं प्रदान की हैं। सेवानिवृत्ति के बाद प्रदेश सरकार ने हाल ही में उन्हें एचपीआरसीए के सदस्य के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किए थे।

## फायदा — एचआरटीसी डिपो हमीरपुर में 130 यात्रियों का एनसीएमसी कार्ड बनकर तैयार

# यात्री टिकट का बिना इंटरनेट के भी ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर बस स्टैंड में एनसीएमसी कार्ड बनाने को लेकर नया काउंटर खोला गया है। यात्री काउंटर पर सुबह 10 से लेकर शाम 5 बजे तक अपना कार्ड बना सकेंगे। एटीएम कार्ड की तरह दिखने वाले एनसीएमसी कार्ड को यात्री 100 रुपए में बना सकेंगे। इस कार्ड के जरिए यात्री टिकट का बिना इंटरनेट के भी ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे।

यात्री कार्ड का नंबर बताकर या फिर कार्ड दिखाकर टिकट का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। हमीरपुर बस अड्डा में 15 अक्तूबर से एनसीएमसी कार्ड का नया काउंटर खोल दिया गया है और अब तक 130 यात्रियों के एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मोबिलिटी) कार्ड बनाए जा चुके हैं।

यात्री अपना आधार कार्ड लेकर 100 रुपए में एनसीएमसी कार्ड बना सकते हैं, जिसकी समय अवधि पांच वर्ष तक रहेगी। इसके बाद यात्रियों को दोबारा कार्ड रिन्यू करवाना होगा। एनसीएमसी कार्ड में यात्री 1000 से 2000 रुपए तक रिचार्ज करवा सकते हैं।



यात्री को एनसीएमसी कार्ड सौंपते कर्मचारी।

### यात्री जल्द एनसीएमसी कार्ड बनाना करें सुनिश्चित

हमीरपुर बस स्टैंड में एनसीएमसी कार्ड बनाने की सुविधा 15 अक्तूबर से शुरू कर दी गई है। अब तक 130 यात्रियों के एनसीएमसी कार्ड बनाए जा चुके हैं। यात्री एनसीएमसी कार्ड से बिना इंटरनेट के भी अपनी टिकट का भुगतान कर सकेंगे। बस अड्डों में यह कार्ड मात्र 100 रुपए में बनाया जा रहा है। इसमें यात्री 1000 से 2000 रुपए तक रिचार्ज करवा सकते हैं। ऑनलाइन टिकट भुगतान के लिए यात्री जल्द से जल्द एनसीएमसी कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

इस कार्ड से यात्री बिना इंटरनेट के भी टिकट का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। इस कार्ड की खास बात यह है कि इस कार्ड से किराए के भुगतान के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं पड़ती है। सिर्फ कार्ड नंबर बता कर ही निर्धारित किराया कार्ड के खाते से कट जाएगा। बस इसे सिर्फ मोबाइल की तरह रिचार्ज करना होगा, जिसे यात्री अपने बैंक अकाउंट या फिर बस स्टैंड पर ही टॉपअप कर रिचार्ज कर सकेंगे। इसके अलावा एचआरटीसी की साइट पर जाकर या फिर फोन पे से एनसीएमसी का रिचार्ज खुद भी कर सकते हैं।

एचआरटीसी का यह एनसीएमसी कार्ड उन क्षेत्रों में काफी कारगर साबित हो रहा है, जहां इंटरनेट नामात्र है या फिर काफी स्लो चलता है। इसके अलावा गूगल-पे, फोन-पे व एटीएम कार्ड से ऑनलाइन किराए का भुगतान नहीं होता है, उन क्षेत्रों में भी यह कार्ड काफी सफल साखिर के आखिर के चार डिजिट बताकर या कंडक्टर को दिखाकर किराये का भुगतान कर सकेंगे। निगम के सभी बस अड्डों में एनसीएमसी कार्ड को लेकर काउंटर खोले गए हैं, ताकि लोग यह कार्ड बना सकें। (अनंत ज्ञान)

# सासन स्कूल में खंड स्तरीय खेलों का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्राथमिक शिक्षा की खंड स्तरीय खेलों का आयोजन गवर्नमेंट हाई स्कूल सासन में आयोजित किया गया। इसमें डॉ पुष्पेंद्र वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जिनका खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी व स्थानीय स्कूल मुख्याध्यापिका ने स्वागत किया। इसके बाद ध्वजारोहण कर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बच्चों द्वारा मार्चपास्ट की सलामी ली और खेलों के शुरुआत की घोषणा की।

इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि साल के अंदर प्राइमरी स्कूल तक के बच्चों की खेलें दो बार होनी चाहिएं क्योंकि धीरे-धीरे बच्चे आउटडोर गेम्स से विमुख होते जा रहे हैं। प्राइस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा भी मांग रखी गई कि प्राथमिक स्कूलों के बच्चों की खेलें दो दिन की बजाए 4 दिन की होनी चाहिएं ताकि इन छोटे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त मौका मिल सके। इन मांगों के लिए मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे क्योंकि मुख्यमंत्री भी प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के विकास के लिए चिंतित हैं और इसलिए उन्होंने पहली कक्षा से ही अंग्रेजी मीडियम व उनकी मनपसंद की यूनिफॉर्म शुरू करने के आदेश दिए हैं। यही कारण है कि 1086 जेबीटी अध्यापकों की भर्ती कर प्रदेश सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता को जताया है।



इस अवसर पर उनके साथ पूर्व बीडीसी सिकंदर, ग्राम पंचायत सासन प्रधान अंजना धीमान, डॉ. हर्ष, कप्तान विक्रम, नितिन पटियाल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**Mother's Pride Public School**
Maloti. P. O. Bara Teh. Nadaun Distt. Hamirpur (H. P.)-177044
**ADMISSION OPEN**
- CO- Educational Institution
- NCC (National Cadet Corps)
- 25% Reservation in admission will be given to weaker section as per R.T.E norms.

Sports Academy | Hostel Facility
Contact Number- 9805643851, 01972-238600

## न्यूज ब्रीफ

### पधर में 18 को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, पधर।** सहायक अभियंता पधर नितिन चंदेल ने बताया कि 33/11 केवी सबस्टेशन गवाली में जरूरी रखरखाव हेतू 18 नवंबर 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक पधर में बिजली बंद रहेगी। लोगों से सहयोग की अपील की है।

### बसंतपुर में ग्रामीणों ने बांठड़े का लिया आनंद

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** आधुनिकता के इस दौर में प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा का प्रचलन कम होने के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इसे संजो कर रखा गया है। इनमें एक परंपरा बांठड़ा अथवा करायला को ग्रामीण क्षेत्र में आज भी बखूबी निर्वहन किया जा रहा है। कार्तिक एवं मार्गशीष मास में इसे आयोजित किया जाता है। विकास खंड बसंतपुर की मुख्यालय पंचायत बसंतपुर में शुक्रवार रात्रि को करायला का आयोजन किया गया। प्राचीन मां सधाई मंदिर कमेटी बसंतपुर की ओर से आयोजित करायला कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों ने करायला का खूब लुत्फ उठाया। इस दौरान करायला सांस्कृतिक दल मांदरी के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ हास्य नाटिका, साधु संवांग तथा नृत्य एवं पहाड़ी फिल्मी गानों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

### सृष्टि गोजी ने प्रदेश भर में हासिल किया पहला स्थान



**दशमी रावत, रोहड़ू।** विद्यापीठ शिमला द्वारा टेलेंट हंट एक्जाम कलाम ऑफ हिमाचल 2024 का आयोजन किया गया। यह एक्जाम कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के मध्य में करवाया गया, जिसमें हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहडू की छात्रा सृष्टि गोजी ने कक्षा 7वीं में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों का मनोबल बढ़ाती है, जिससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना आती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### शिविर में 204 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत बालक रूपी में 16 नवंबर 2024 को आयुष उपमंडल अधिकारी डॉक्टर निशी शर्मा की अध्यक्षता में मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 204 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और शुगर एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) के परीक्षण भी किए गए। स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉक्टर शिल्पा, डॉक्टर संदीप (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉक्टर शबनम, डॉक्टर रंजन, एपीओ जय सिंह, राजन ठाकुर, रेखा, और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भूरी सिंह, प्रेम सिंह और रीनू देवी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शिविर स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल थी। शिविर में भाग लेने वालों ने इस पहल की प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों की निरंतरता की मांग की।



### घायल सचिन के इलाज के लिए जुटाए पैसे



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बीते दिनों सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए ग्राम पंचायत पुखरी के गांव डबरैण निवासी सचिन पुत्र राजेंद्र कुमार की मदद हेतु बनीखेत यूथ क्लब ने समस्त बनीखेत के व्यापारियों से मदद हेतु पैसे इकट्ठा किए जिसकी कुल राशि 56 हजार 8 सौ 62 रुपए इकट्ठा कर सचिन के परिवार को उसके इलाज हेतु सौंपे।

### नेहरू युवा केंद्र चंबा ने चौरासी मंदिर परिसर भरमौर में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

# बिरसा मुंडा ने जनजाति के लिए किया संघर्ष

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र चंबा द्वारा चौरासी मंदिर परिसर भरमौर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य रवि शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा भी उपस्थित रहे।

कुलबीर सिंह राणा ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजाति के लिए बहुत संघर्ष किया। भगवान बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा और बदलाव के प्रतीक हैं। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।





मुख्य मेहमान को सम्मानित करते गणमान्य व (नीचे) प्रस्तुति देते कलाकार।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के संगठन

### बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने की मांग

नेहरू युवा केंद्र चम्बा, भरमौर ब्लॉक के स्वयंसेवी मनीष ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सम्मान देने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है।

इस दिन को मनाने का मुख्य मकसद अपनी परम्पराओं और गौरवपूर्ण इतिहास को स्वीकार करना, जनजातीय समाज के संघर्ष, आदिवासी बिरासत व समुदाओं के योगदान का सम्मान करना है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है।

ऐसे में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के संगठन नेहरू युवा केंद्र द्वारा हर वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भगवान विरसा मुंडा को याद किया जाता है।

# थल्ली विद्यालय में साइंस की क्लासें लगाने की मांग




**आजम डार, तीसा**

चुराह विधान सभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थल्ली में बच्चों के डाक्टर इंजीनियर बनने के सपने साकार नही हो रहे है ,उक्त स्कूल पांच पंचायतों का केंद्र बिंदु है और यहां स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 500 के करीब है , 11वीं और बारहवीं में विज्ञान संकाय की पढ़ाई नही होने से बच्चों को कला विषय के साथ आगे बढ़ना पड़ता है।

बता दें की जो बच्चे अच्छे परिवार से होते है वो तो अपने बच्चों को तीसा या चंबा भेज देते है लेकिन अधिकतर परिवार गरीब होते है और वह शहर का खर्च नही उठा पाते है ऐसे में स्कूल प्रशासन ने सरकार से मांग करते हुए कहा की अगर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थली में विज्ञान संकाय की पढ़ाई शुरू होती है तो गरीब और जरूरत मंद बच्चे अपने घर द्वारा डाक्टर इंजीनियर बनने के सपने पूरे कर सकते है और आगे बढ़ सकते है ।

वहीं दूसरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थल्ली के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार प्रजापति का कहना है की हमारे स्कूल में पांच सौ के करीब बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है और पांच पंचायतों का केंद्र बिंदु है लेकिन विज्ञान संकाय की कक्षाएं शुरू नही होने से बच्चों को चंबा और तीसा का रुख करना पड़ता है जो काफी दूर है ऐसे में सरकार उक्त स्कूल में अगर जल्द विज्ञान संकाय की कक्षाएं शुरू करती है तो गरीब बच्चे भी डाक्टर इंजीनियर बनने के सपने स्कार कर सकते है । (अनंत ज्ञान)

# धर्मी देवी मर्डर केस में तीन आरोपी हिरासत में

**अनंत ज्ञान, मंडी**

देश की सबसे कम उम्र की सेलिब्रिटी पंचायत प्रधान रही समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान की मां धर्मी देवी की मौत के तीनों आरोपियों को शनिवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

नरेश, घनश्याम व केसरी देवी तीनों आरोपियों ने धर्मी देवी की मौत के उपरांत इस मामले के धारा 307 व 302 के दायरे में आ जाने से जिला सत्र न्यायाधीश मंडी के समक्ष अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी थी जिसे माननीय जिला सत्र न्यायाधीश ने रद्द कर दिया। अग्रिम जमानत के रद्द होने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। सात माह के उपरांत अब हुई इस कार्रवाई के चलते मामले ने नया मोड़ ले लिया है तथा स्वर्गीय धर्मी देवी के परिजनों को न्याय मिलने की एक आस जगी है।



> मैं माननीय न्यायालय का आरोपियों की जमानत रद्द करने पर धन्यवाद करती हूं। मेरी मां बेकसूर थी जिसे इन लोगों ने क्रूरता से बार कर मार दिया। माननीय न्यायालय के इस फैसले के उपरांत मुझे पूरी उम्मीद है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी तथा मेरी मां के हत्यारों को सजा मिलेगी तथा हमें न्याय मिलेगा।
> **–जबना चौहान, पूर्व प्रधान, थरजून पंचायत।**

### नकारात्मक रही गोहर पुलिस की कार्यप्रणाली

**इस** मामले में गोहर पुलिस की कार्यप्रणाली भी नकारात्मक रही। पुलिस ने इस मामले की तह तक जाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। जबना चौहान ने इस मामले को लेकर गोहर थाना में शिकायत दर्ज करवा कर न्याय की गुहार लगाई थी। बावजूद इसके पुलिस मामले की तह तक जाती पुलिस ने इस मामले में कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। अब धर्मी देवी की मौत के उपरांत इसमें भारतीय दंड संहिता की धाराएं बदली तो इस मामले में नया मोड़ आ गया। तथा पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की छोटी सी उम्मीद दिखने लगी।

# मणिमहेश प्रेस क्लब ने मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर उपमंडल में मणिमहेश प्रेस क्लब (पंजीकृत) भरमौर के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा प्रेस दिवस 2024 पर ज्ञापन अथवा मांग पत्र, हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जर्नलिस्ट (पंजीकृत ) एक ऐसा संगठन है जोकि हिमाचल प्रदेश में दो दशकों से पत्रकारों मिडिया जगत की समस्याएं उठाता रहा है ।

मांगों के ज्ञापन पत्र सरकार के समक्ष रखे गए हैं लेकिन हिमाचल प्रदेश की सरकारें समाज के प्रमुख वर्ग पत्रकारों के मुद्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है कोई साकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ पा रहे हैं, इसलिए इस बार पत्रकार यूनियन ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस न मनाने का निर्णय लिया है क्योंकि दशकों से हम इसे मना रहे हैं लेकिन हिमाचल प्रदेश के पत्रकारों को वो सम्मान व समाजिक सुरक्षा नहीं मिली है जो की अन्य राज्यों में है आज के ज्ञापन के माध्यम से हम अपना सूक्ष्म मांग पत्र तहसीलदार भरमौर के माध्यम से भेज रहे हैं।

इस दौरान मांगों में प्रदेश के पडोसी राज्य पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड की तर्ज पर पैंशन का प्रावधान करने, पत्रकार कल्याण बोर्ड का गठन, एक उचित वैब पोलिसी डिजिटल मीडिया पोलिसी का गठन, मान्यता प्राप्त/गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा, उपमंडल स्तर पर एक के बजाए दो तथा जिला स्तर पर तीन पत्रकारों को मान्यता, प्रेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक छः माह में हो जिसमें पत्रकार संगठनों के पदाधिकारियों को शामिल करना, प्रेस क्लबों के बिजली बिल को घरेलु दरों के तहत चार्ज करना, हर उपमंडल पर प्रैस क्लब भवनों का निर्माण तीन सालों में सुनिश्चित करने की मांग की।

इस मौके पर मणिमहेश प्रेस क्लब के पदाधिकारी, रंजीत शर्मा, विनोद कुमार, अजय शर्मा, महिंद्र पटियाल, मनोज ठाकुर, दिनेश ठाकुर, ओपी शर्मा उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को करियर विकल्पों पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जागरूकता कार्यक्रम में मंच पर मौजूद गणमान्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंडोह में आज जिला रोजगार कार्यालय के तत्वावधान में करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में एसडीएम ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उनके करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए करियर मार्गदर्शन अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

यह उन्हें अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करता है, जिससे वे अपने करियर के लिए सही निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। सफल होने के लिए कठिन परिश्रम करना अत्याधिक आवश्यक है। इसलिए अभिभावकों और अध्यापकों की सहायता से समय रहते करियर का चयन करें और लक्ष्य को निर्धारित कर उसे हासिल करने में जुट जाएं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की नसीहत भी दी। इस मौके पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

साथ ही करियर के विभिन्न विकल्प भी बताए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को अपने करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यंग प्रोफेशनल तनु कुमारी ने विद्यार्थियों को अध्यापन के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

# उत्पादक व किसान को मिले उसका पूरा हक : डॉक्टर दिनेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने किसानों वह बागबानो के लिए उचित कदम उठाने की मांग सरकार से की है। किसान कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार का कहना है कि कठिन परिस्तिथि में किसानअपनी आर्थिकी को सुदृढ करने के लिए बड़ी मेहनत से सब्जियां उगाते है, कई बार तो उन्हे मौसम की मार से बीज तक के पैसे वसूल नहीं हो पाते और अगर मौसम अनूकुल रहा तो उन्हे अच्छे दाम सब्जी मंडी मे नही मिलते।

उन्हें बड़े कम दाम मे मंडी से संतोष करना पड़ता है और वहीं उपभोक्ता भी उसी सब्जी मण्डी भाव से लगभग तीन गुणा तक मंहगा खरीदना पडता है।

मंडी से उपभोक्ता तक का सफर इतना मंहगा नही होना चाहिए इसमे केवल सब्जी कारोबारियो की बल्ले बल्ले है। जबकि इससे सबसे ज्यादा नुकसान किसान व उपभोक्ताओं को सहना पड़ रहा है। इस संबंध मे सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए और कोई स्पष्ट व सटीक नीति बनानी चाहिए जो अभी तक कही धरातल पर नही है।

उन्होंने कहा व्यापारी अपने हिस्से का लाभ कमाए इससे किसी को कोई आपत्ति नही है, परन्तु उत्पादक किसान को उसका पूरा लाभ न मिलना चिंता का विषय है।

### वन मित्र अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण 22 को

**चंबा।** वन्य प्राणी मंडल चंबा के अंतर्गत वन्य प्राणी वन परिक्षेत्र सेचू (पांगी) में वन मित्र के लिए जिन अभ्यार्थियों ने आवेदन किया है उनका शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी) 22 नवंबर 2024 को वन मंडल किलाड़ (पांगी) के पास जीआरईएफ कैंप में प्रातः 10·00 बजे होगा।

यह जानकारी वन मंडल अधिकारी वन्य प्राणी मंडल चंबा द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा है कि सभी संबंधित अभ्यर्थी जिन्होंने वन मित्र के लिए आवेदन किया है वह 22 नवंबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे पांगी के समीप जीआरईएफ कैंप में प्रातः 10:00 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें।

# शिविर में फॉस्टर एडॉप्शन पर लोगों को दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी के सहयोग से सलूणी में राष्ट्रीय एडॉप्शन जागरूकता उत्सव माह के अंतर्गत एक दिवसीय एडॉप्शन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें बाल संरक्षण अधिकारी रिंकू शर्मा द्वारा शिविर में आए लोगों को दत्तक ग्रहण व फॉस्टर एडॉप्शन के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बच्चा गोद लेने व देने की प्रक्रिया बारे में अवगत करवाया। इसके अतिरिक्त शिविर में आए लोगों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस नवंबर माह को राष्ट्रीय एडॉप्शन उत्सव माह के रूप में अपने-अपने कार्य क्षेत्र में जाकर अधिक से अधिक लोगों को एडॉप्शन के बारे में जागरूक करें।

इस कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई से बाल संरक्षण अधिकारी रिंकू शर्मा, डाटा विश्लेषक धर्मेंद्र शर्मा, आउटरीच कार्यकर्ता रमन कुमार व बाल विकास परियोजना सलूणी से पर्यवेक्षक संजीव कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व अन्य लगभग 120 लोगों ने भाग लिया।

### सूडोकु 00119 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# मीडिया समाज का दर्पण और दीपक : अभिषेक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारतीय प्रेस परिषद द्वारा सुझाए गए विषय प्रेस का बदलता स्वरूप पर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों ने विस्तृत चर्चा की।

अभिषेक यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में मीडिया का स्वरूप भी बदला है। सूचना प्रौद्योगिकी के उन्नत स्वरूप एवं तत्काल समाचार संप्रेषण के इस दौर में सूचना संप्रेषण के बढ़ते प्रवाह से मीडिया कर्मियों के समक्ष कई चुनौतियां भी उत्पन्न हुई हैं। समाज में सकारात्मकता लाने के लिए मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मीडिया कर्मियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में निष्पक्षता, विश्वसनीयता, निर्भीकता के साथ अब बदलते स्वरूप में संयम के साथ तथ्यों की प्रमाणिकता भी महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने मीडिया को समाज का दर्पण और दीपक बताया।

### अध्यापकों को बच्चों की गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता : प्यार सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जनजातीय क्षेत्र भरमौर के स्कूल अध्यापकों को बच्चों की गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उपरोक्त उदगार जिला उच्च शिक्षा उप निदेशक प्यार सिंह चाड़क ने आज यहां वर्चुअल कांफ्रेंस के दौरान कहे।

उन्होंने कहा कि आने वाले 19 नवंबर को मॉक टेस्ट व 4 दिसंबर को राष्ट्रीय समग्र शिक्षा योजना परख के तहत होने वाली परीक्षाओं की तैयारी के लिए बच्चों को जीरो पीरियड में कक्षाएं ले कर तैयारी करें। ताकि बच्चे अपनी योग्यता पर खरे उतर सकें।

इसके अलावा चड़क ने राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या भरमौर में भी बच्चों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

17 नवंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** प्रतिपदा (11:52)**: नक्षत्र** कृत्तिका (07:28), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** परिघ (11:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:44-12:27), **राहुकाल** (09:25 -10:45)।

### विशेष दिन

- 17 नवंबर : लाला लाजपतराय की पुण्यतिथि आज।
- 18 नवंबर : बूंदी महोत्सव कल से होगा शुरू।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज अनचाहे मेहमानों से शाम को आपका घर भरा रह सकता है। कारोबार और परिवार में सामंजस्य स्थापित होगा। परिश्रम का फल पूर्ण रूप से मिलेगा। न्याय पक्ष मजबूत होगा।

**वृषभ:** परिजनों के साथ किसी आयोजन में शामिल होंगे। अच्छा व्यवहार आपके व्यक्तित्व को निखार सकता है। गुस्से पर काबू रखें। रोमानी नजरिए से वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिन है।

**मिथुन:** आज आपके लिए सम्पति के बड़े सौदे लाभदायक रहेंगे। आपकी समझ और अनुभव से भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कार्यों में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

**कर्क:** आपका स्वभाव गरम रहेगा। दिनचर्या को बदलें। अपने करीबी लोगों से आज धोखा मिलने की पूरी सम्भावना है सतर्क रहें। व्यय वृद्धि सम्भव है। मांगलिक आयोजनों की तैयारी में लगे रहेंगे।

**सिंह:** अपने व्यवहार पर भी ध्यान दें। कई लोग आप से नाराज हैं। रुका हुआ धन प्रयास करने पर मिलेगा। आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान खींचेगा। प्रवास का आयोजन आप कर पाएंगे।

**कन्या :** आज आपके परिजनों का स्वास्थ्य नरम रहेगा। लंबे समय से चले आ रहे लंबित कार्यों को आज गति मिलेगी। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी।

**तुला:** आज पढ़ाई पर कम ध्यान देने या घर की बजाय दोस्तों के साथ ज्यादा समय बिताने की वजह से बच्चे असंतोष का कारण बन सकते हैं। राजकीय सहयोग से कार्य सिद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज किसी बड़े प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनेगी। दुकान, मकान के विवाद आपसी समझौते से हल होंगे। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विदेशगमन की संभावना भी है।

**धनु :** आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। व्यापारी व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे। प्रेम-प्रसंग में सावधानी रखें, अन्यथा मान सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकर :** उदासीन वृत्ति और संदेह की भावना को बेचैन बनाएंगे। दैनिक कार्य विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे परंतु फल कम मिलेगा। जीवनसाथी के साथ गलतफहमी के कारण विवाद संभव है।

**कुंभ :** आज आप कम समय में काम को पूरा करने की कोशिश में कामयाब होंगे। आज किसी असहाय की मदद जरूर करें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें अन्यथा उलझ सकते हैं।

**मीन:** आज आपकी एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। पैसे की लेन-देन या जमानत आपको फंसा न दे, इसका ध्यान रखें। संतान और पत्नी की तरफ से लाभ होगा।

**समस्या** सड़क का 30 मीटर हिस्सा बेहद संकीर्ण, दुर्घटनाओं की संभावना ज्यादा

# जोत सड़क पर नेहरनाला में डंगा लगाने की मांग

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

चुवाड़ी-जोत सड़क पर नेहरनाला क्षेत्र में अत्यंत तंग और संवेदनशील मार्ग पर डंगा लगाने की मांग जोर पकड़ रही है। यह मार्ग का लगभग 30 मीटर लंबा हिस्सा बेहद संकीर्ण है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है।

इस मार्ग का उपयोग न केवल स्थानीय लोगों द्वारा बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं द्वारा भी बड़े पैमाने पर किया जाता है। यह मार्ग कांगड़ा, शिमला, मंडी जैसे लंबे रूट की बसों और निजी वाहनों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है, जिससे यहां हर समय भीड़ बनी रहती है।



लोक निर्माण विभाग ने मार्ग को चौड़ा करने के लिए ब्लास्टिंग का सहारा लिया, लेकिन इससे कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। उल्टा, ब्लास्टिंग से क्षेत्र की स्थिरता और अधिक संवेदनशील हो गई है क्योंकि पहाड़ी के ऊपर बड़े-बड़े पत्थर एक-दूसरे पर टिके हुए हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं।

चुवाड़ी और चंबा के निवासी, जिनमें कमल कुमार, प्रवीण शर्मा, बलविंद्र सिंह, प्रदीप शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, और अजय सिंह शामिल हैं, ने इस गंभीर समस्या को हल करने के लिए लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि यह मार्ग चंबा और चुवाड़ी के बीच की दूरी को कम करता है और बड़ी संख्या में लोग यहां से सफर करते हैं।( अनंत ज्ञान)

### स्थानीय लोगों को प्रशासन से उम्मीद

**स्थानीय** लोगों का मानना है कि डंगा लगने से यह मार्ग सुरक्षित और सुगम हो जाएगा, जिससे न केवल दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा बल्कि यातायात भी आसान होगा। प्रशासन और संबंधित विभाग से इस मांग पर त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है, ताकि उक्त स्थान पर दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**बेदखली सूचना**

**मैं ओम सिंह** (आयु 65 वर्ष) पुत्र घोली राम निवासी गांव व मुहाल बाता डाकघर खाना हनोगी, तहसील औट, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र तेज सिंह (43 वर्ष) मेरे कहने-सुनने से बाहर है वह मुझसे व मेरे परिवार से लड़ाई-झगड़ा करता है। मेरी संपत्ति को मुझे धमकी देकर हासिल करना चाहता है। अतः मैं अपने लड़के तेज सिंह को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

शिक्षा एक ऐसा हथियार है, जो आपके जीवन को पूर्ण रूप से बदल सकता है।
– सरोजिनी नायडू



## संपादकीय

# चिट्टे से बर्बादी

चिट्टा अब समाज का दुश्मन बनता जा रहा है। हिमाचल में इस नशे ने ऐसे पांव पसार लिए हैं कि अब इस नशे की वजह से युवा मौत के आगोश में समाने लगे हैं। बिलासपुर जिले के घुमारवीं कस्बे के एक गांव में चिट्टे की ओवरडोज से 22 साल के युवक की मौत कई सवाल खड़े कर गई है। चिट्टा एक प्रकार का नशीला पदार्थ है, जो अक्सर युवाओं और किशोरों के बीच लोकप्रिय होता है। यह एक सिंथेटिक पदार्थ है, जो ड्रग्स की तरह काम करता है और इसके सेवन से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। चिट्टे का अत्यधिक सेवन करने से यह जानलेवा हो सकता है। इसके सेवन से व्यक्ति को हृदय संबंधी समस्याएं, स्ट्रोक और मृत्यु भी हो सकती है। यदि चिट्टे का सेवन अन्य पदार्थों के साथ मिलाकर किया जाता है तो इसके बहुत गंभीर परिणाम सामने आते हैं। यह किसी व्यक्ति की जान ले सकता है। इसके साथ अल्कोहल, अन्य ड्रग्स या दवाएं मिलाकर सेवन करने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए चिट्टे का सेवन करने वालों को इस तरह का प्राणघात प्रयोग नहीं करना चाहिए।

चिट्टे से बचने के लिए सबसे पहले तो ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलानी चाहिए ताकि लोगों को इसके खतरों के बारे में पता चल सके। यदि एक बार लोग इस नशे के खिलाफ उठ खड़े हुए तो वे न तो खुद नशा करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। निश्चित रूप से इसके दूरगामी और सकारात्मक रिजल्ट सामने आएंगे। युवाओं और किशोरों को चिट्टे के खतरों के बारे में शिक्षित करने से वे इसके सेवन से बच सकते हैं। परिवार के सदस्यों का समर्थन और मार्गदर्शन युवाओं और किशोरों को चिट्टे के सेवन से बचने में मदद कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति चिट्टे के सेवन की समस्या से जूझ रहा है, तो व्यावसायिक मदद लेना आवश्यक हो सकता है। डॉक्टर, मनोचिकित्सक या अन्य विशेषज्ञ व्यक्ति को चिट्टे के सेवन से मुक्ति पाने में मदद कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ सालों से नशा माफिया बेहद निरंकुश हो गया है। उसे किसी की जान की कोई परवाह नहीं है। वह हमेशा अपना फायदा देखता है और दिन-रात पैसे कमाने में जुटा है। इस बात की पूरी संभावना है कि नशे के कारोबारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है, क्योंकि जिस स्तर पर नशे की खपत हिमाचल में हो रही है, वह बिना किसी मदद से पूरी नहीं हो सकती है और ऐसा भी नहीं है कि पुलिस कार्रवाई नहीं करती। पुलिस बेशक कार्रवाई करती होगी, लेकिन जब ऊपर से राजनेताओं के फोन आ जाते हैं तो पुलिस के हाथ भी बंध जाते हैं। अगर व्यवस्था में ही खोट है तो पुलिस भी क्या करे।

अगर खुफिया एजेंसियां चिट्टे की रिपोर्ट सरकार को भेजती हैं तो पुलिस प्रशासन समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं करता? यह सवाल वाकई कचोटता है। इसका मतलब या तो अव्वल दर्ज की लापरवाही है या फिर इच्छाशक्ति की कमी। नशे का कारोबार पुलिस व प्रशासन के नाक के नीचे धड़ल्ले से होता रहता है और प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है। नशे की वजह से जिन घरों के चिराग बुझ रहे हैं, उनके दिलों पर क्या गुजरती है यह तो वही लोग जानते होंगे, लेकिन उनके मन में एक टीस हमेशा रहती है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस आखिर चिट्टे की खेप पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा पाती। जरूरत इस बात की है कि सभी पार्टियों को राजनीति से ऊपर उठकर नशे के कारोबारियों का पर्दाफाश करना होगा और साथ ही अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा, क्योंकि आखिर सभी समाज का अभिन्न अंग है और समाज एक दो लोगों से नहीं, बल्कि समूहों से चलता है। यह बेहद दुखद है कि आज पूरा प्रदेश चिट्टे की चपेट में है। हमारी युवा पीढ़ी हमारी ही आंखों के सामने मौत के आगोश में जा रही है। अभिभावक चिंतित हैं।

यह प्रचार बड़े जोर-शोर से किया जाता है कि आज का युवा इस देश का भविष्य है, लेकिन जिस तरह से युवा कुसंगति में पड़कर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं वह देश की रक्षा कैसे कर सकते हैं? यह एक ऐसा सवाल है जिसका हल हम सबको जल्द से जल्द खोजना होगा। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, समाज और प्रशासन को गंभीरता से सोचना होगा। सबसे पहले यह पता लगाना होगा कि नशा आ कहां से रहा है। इस नामुराद नशे का सोर्स खत्म करना होगा। यदि इस काम में कामयाबी मिल गई तो नेटवर्क स्वत: ही ध्वस्त हो जाएगा। चिट्टे का नशा एक ऐसा नशा है कि एक बार किसी को इसकी लत लग जाए तो आसानी से नहीं छूटती। ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए समाज के हर वर्ग को सचेत रहना होगा और चिट्टे के नशे के खिलाफ अलख जगानी होगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पद्म भूषण से सम्मानित साहित्य के विद्वान



कपिल कपूर
जन्म : 17 नवंबर, 1940

**कपिल** कपूर भारतीय भाषा विज्ञानी, साहित्य के विद्वान और अंग्रेजी केंद्र में (1996 से) अंग्रेजी के पूर्व प्रोफेसर हैं। उन्हें साल 2000 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में संस्कृत अध्ययन के लिए विशेष केंद्र में समवर्ती प्रोफेसर के रूप में नामित किया गया था। कपिल कपूर ने 42 पीएचडी और 30 एमफिल का मार्गदर्शन किया है। शिक्षा और साहित्य क्षेत्र में योगदान के लिए जेएनयू के पूर्व प्रो. वाइस चांसलर कपिल कपूर को पद्म भूषण, 2023 दिया गया है। जेएनयू में प्रोफेसर, डीन, समकुलपति से लेकर कपिल कपूर ने कई जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। वह पिछले 42 वर्ष से शिक्षण कार्य से जुड़े हुए हैं। वह भाषा व साहित्य के विद्वान हैं। वर्ष 2005 वे जेएनयू से सेवानिवृत्त हुए हैं। कपिल कपूर वर्ष 2012 में ग्यारह भागों में प्रकाशित किए गए 'हिंदू धर्म के विश्वकोश' (अंग्रेजी में) के मुख्य संपादक हैं। उन्होंने अपने शिक्षण एवं अनुसंधान में प्रमुख रूप से साहित्यिक एवं भाषायी सिद्धांत (भारतीय एवं पाश्चात्य), भाषा-दर्शन आदि पर उल्लेखनीय कार्य किया है। वह भारतीय बौद्धिक परंपरा के भी प्रतिनिधि विद्वान हैं। ■

कविता



## गूंज समोसे की बढ़ी

*शिव सन्याल, मकड़ाहन जवाली, कांगड़ा*

*गूंज समासे की बढ़ी, हलचल में सरकार।*
*मुंह मिट्ठू सब बन रहे, देख समोसा यार।।*
*हाए समोसा क्या करे, गया जिस के करीब।*
*घात लगा बैठा वही, हुआ उस को नसीब।।*
*गली-गली में शोर है, जनता करे सवाल।*
*एक समोसे के लिए, काहे का है बवाल।।*
*कभी पकोड़ा मौज में, खूब लिखे अखबार।*
*चर्चा चाए की कभी होती है हर बार।।*
*राजनीति का खेल है, लगे हाथ में बात।*
*उल्लू सीधा हो सदा, मिल जाती सौगात।।*
*आज समोसा फॅस गया, राजनीति के हाथ।*
*वहीं निशाने पर बना, जो भी देता साथ।।*
*जनता की हर बात से, हैं भटकाते ध्यान।*
*बहुत ही चाटुकार हैं, देखो जी श्रीमान।।*
*आज समोसा छोड़िए, करो जन हित विकास।*
*करिये भला प्रदेश का, जनता को है यही है आस।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# राजनीतिक रूप से एकजुट मुसलमान भी जातियों-कुरीतियों में बंटा

यह बात समझ से परे है कि गैर भाजपा दलों के नेताओं को हिंदू समाज में पिछड़े और दलित जाति के लोगों की ही चिंता क्यों सताती है। उनका ध्यान उन और दलित मुसलमानों की तरफ क्यों नहीं जाता है, जो उच्च श्रेणी के मुसलमानों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हैं। मुसलमानों में इन दलित और पिछड़े लोगों की पहचान पसमांदा समाज के रूप में है। दरअसल, भारतीय मुसलमान मुख्यत: तीन जाति समूहों में बंटा हुआ है इन्हें अशराफ, अजलाफ और अरजाल कहा जाता है। ये जातियों के समूह हैं, जिसके अंदर अलग-अलग जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण होते हैं, वैसे ही अशराफ, अजलाफ और अरजाल को देखा जाता है। अशराफ में सैयद, शेख, पठान, मिर्जा, मुगल जैसी उच्च जातियां शामिल हैं। मुस्लिम समाज की इन जातियों की तुलना हिंदुओं की उच्च जातियों से की जाती है, जिनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य शामिल हैं। दूसरा वर्ग है अजलाफ, जिसमें कथित बीच की जातियां शामिल हैं। इनकी एक बड़ी संख्या है, जिनमें खास तौर पर अंसारी, मंसूरी, राइन, कुरैशी जैसी कई जातियां शामिल हैं। कुरैशी मीट का व्यापार करने वाले और अंसारी मुख्य रूप से कपड़ा बुनाई के पेशे से जुड़े होते हैं।

हिंदुओं में उनकी तुलना यादव, कोइरी, कुर्मी जैसी जातियों से की जा सकती है। तीसरा वर्ग है अरजाल जिसमें हलालखोर, हवारी, रज्जाक जैसी जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में मैला ढोने का काम करने वाले लोग मुस्लिम समाज में हलालखोर और कपड़ा धोने का काम करने वाले धोबी कहलाते हैं। अरजाल में वे लोग हैं, जिनका पेशा हिंदुओं में अनुसूचित जाति के लोगों का होता था। इन मुसलमान जातियों का पिछड़ापन आज भी हिंदुओं की समरूप जातियों जैसा ही है। राज्यसभा के पूर्व सांसद और पसमांदा मुस्लिम आंदोलन के नेता अली अनवर अंसारी कहते हैं कि मुसलमानों में भी जाति प्रथा हिंदुओं की तरह ही काम करती है। विवाह और पेशे के अलावा मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के रीति-रिवाज भी अलग-अलग हैं। मुसलमानों में भी लोग अपनी ही जाति देखकर शादी करना पसंद करते हैं। मुस्लिम इलाकों में भी जाति के आधार पर कॉलोनियां बनी हुई दिखाई देती हैं। कुछ मुसलमान जातियों की कॉलोनी एक तरफ बनी हुई है, तो कुछ मुसलमान जातियों की दूसरी तरफ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल में तुर्क, लोधी मुसलमान रहते हैं, जिनके बीच काफी तनाव रहता है। उनके अपने-अपने इलाके हैं, राजनीति में भी यह देखा जाता है।



लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

अली अनवर कहते हैं कि जीने से लेकर मरने तक मुसलमान जातियों में बंटा हुआ है। शादी तो छोड़िए, रोटी-बेटी का रिश्ता भी नहीं है एक दो अपवाद को छोड़कर। जाति के आधार पर कई मस्जिदें बनाई गई हैं। गांव-गांव में जातियों के हिसाब से कब्रिस्तान बनाए गए हैं। हलालखोर, हवारी, रज्जाक जैसी मुस्लिम जातियों को सैयद, शेख, पठान जातियों के कब्रिस्तान में दफनाने की जगह नहीं दी जाती। उनके अनुसार, कई बार तो पुलिस को बुलाना पड़ता है। मुसलमानों में कम से कम 15 ऐसी जातियां हैं, जिन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा मिलना चाहिए। मुसलमानों में जो पिछड़ी जातियां हैं, उन्हें ओबीसी कैटेगरी में रखा गया है, लेकिन उससे हलालखोर जैसी जातियों के लोगों को कोई फायदा नहीं मिलता, जबकि उनका पिछड़ापन हिंदू दलितों जैसा है।

इस संबंध में प्रो. तनवीर फजल बताते हैं कि धर्म परिवर्तन के समय लोग अपने साथ अपनी-अपनी जातियां भी लेकर आए। इस्लाम धर्म अपनाने के बाद भी उन्होंने जाति को नहीं छोड़ा। उत्तर प्रदेश के जिन राजपूतों ने मुस्लिम धर्म अपनाया, वे अभी भी अपने नाम के साथ चौहान लिखते हैं। खुद को राजपूत मानते हैं। यह भी माना जाता है कि जो तुर्क, मुगल और अफगान भारत में आए, उन्होंने अपने लोगों को शासन व्यवस्था में ऊंचा स्थान दिया और यहां के लोगों को कमतर निगाहों से देखा। प्रोफेसर फजल के अनुसार हो सकता है कि वहां से भी इसकी शुरुआत हुई हो। खैर, ये सब बातें इसलिए बताई जा रही थीं क्योंकि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा था कि ये लोग मुसलमानों में दलित और पिछड़ों की बात क्यों नहीं करते हैं।

मोदी ने कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना करवाने की मांग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा केवल हिंदू समाज की जातीय जनगणना की बात करने का उद्देश्य हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ भड़काना भर है, जबकि मुसलमानों की विभिन्न जातियों की बात पर कांग्रेस मुंह बंद कर लेती है। वैसे तो मोदी के निशाने पर कांग्रेस और गांधी परिवार था, लेकिन कमोबेश यही स्थिति उन तमाम दलों की भी है जो तुष्टिकरण या मुस्लिम वोट बैंक की सियासत करते हैं। इसमें समाजवादी पार्टी, बसपा, लालू यादव की पार्टी, ममता बनर्जी, केजरीवाल सभी दलों के नेता शामिल हैं।

यहां यह याद दिला देना भी जरूरी है कि भले ही मोदी राज में कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही हो, कांग्रेस का पूर्व नेतृत्व जिसमें नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक की सरकारें शामिल थीं, ने हमेशा जातिवाद का विरोध किया था। इतना ही नहीं कांग्रेस कग नेतृत्व वाली संप्रग सरकार जिसके मुखिया मनमोहन सिंह और सुपर पीएम सोनिया गांधी थीं, ने वादा करने के बावजूद 2011 में हुई जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी से संबंधित जातिगत गणना के आंकड़े को सार्वजनिक नहीं किया था। यह विडंबना ही है कि आज वही कांग्रेस और गांधी परिवार जातीय जनगणना के लिए सबसे अधिक व्याकुल है। कांग्रेस का विभिन्न मुस्लिम जातियों के बारे में चर्चा न करना और उनके बीच सामाजिक न्याय की उपेक्षा कर पसमांदा और अशराफ मुस्लिमों के विभेद को नकारना उसकी सामाजिक न्याय की नीति पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

प्रधानमंत्री मोदी तो लगातार मुस्लिमों की जातियों और उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष की तरफ सबका ध्यान आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन तथाकथित सेक्युलर-लिबरल, कांग्रेसी और कम्युनिस्ट मुस्लिमों की जातियों पर चर्चा करना उचित नहीं समझते और न ही मुस्लिम समाज के सामाजिक न्याय का संघर्ष उनके लिए कोई मायने रखता है। उनके इस रवैये से पसमांदा समाज में क्षोभ की स्थिति व्याप्त होना स्वाभाविक है, लेकिन यह और बात है कि इस समाज के पास कोई सियासी विकल्प ही नहीं मौजूद है और बीजेपी पर यह समाज चाह कर भी भरोसा नहीं कर पाता है, क्योंकि बीजेपी के खिलाफ इनको दिलों में काफी जहर घोल दिया गया है।

मुसलमानों में व्याप्त जातिवाद और इससे एक बड़े तबके को उसका हक नहीं मिल पाने की स्थिति में ओबीसी से संबंधित जातिगत आंकड़े एकत्र करना नितांत आवश्यक हो जाता है, ताकि शिक्षा, रोजगार एवं राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इससे संबंधित सभी पात्र समुदायों को आरक्षण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# महाभारत काल के अलग-अलग अनुमान

महाभारत काल के बारे में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग अनुमान हैं। स्वतंत्रा सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने ओरायन ग्रंथ में वर्णित मासानां मार्गशीर्षोऽहं के आधार पर महाभारत काल का अनुमान किया कि उस समय मार्गशीर्ष मास से वर्ष का आरंभ होता था। अर्थात उस मास में विषुव संक्रांति होती थी। विषुव संक्रांति से ही वसंत का आरंभ भी होता है। अत: कहा-ऋतूनां कुसुमाकर:। एक अन्य मत है कि सदा चैत्र मास तथा वसंत से ही वर्ष का आरंभ होता है।

मेरे मत से इसके लिए अयनांश को 27 अंश से कम रखा जाता है, जो सूर्य सिद्धांत गणना अनुसार अयनांश की सीमा है।। कलि वर्ष 3044 में ऋतु चक्र 1.5 मास पीछे हट गया था। अत: वर्ष चक्र को भी उतना पीछे कर कृष्ण पक्ष से मास आरंभ हुआ। किंतु वर्ष आरंभ चैत्र शुक्ल पक्ष से ही रहा। इसकी गणना नहीं करने के कारण 34 विक्रम संवत (3068 कलि) का ज्योतिर्विदाभरण 1068 शालिवाहन शक का लगता है (शंकर बालकृष्ण दीक्षित-भारतीय ज्योतिष का इतिहास)। विक्रम संवत द्वारा इस संशोधन के कारण चैत्र मास का कृष्ण पक्ष वर्ष के अंत में तथा शुक्ल पक्ष आगामी वर्ष के आरंभ में आता है। शांति पाठ के एक अंश का संवत्सर संबंधित यही अर्थ है अदितिर्जातम्। अदिति के पुनर्वसु नक्षत्र से संवत्सर का अंत तथा नए संवत्सर का आरंभ होता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

विक्रम संवत 10 (गत) के पौष मास से जुलियस सीजर द्वारा रोमन कैलेंडर आरंभ हुआ तो उसमें प्रथम मास को जनवरी कहा गया, क्योंकि ग्रीक जानुस देवता का मुंह आगे पीछे दोनों दिशा में रहता है। वहीं, यदि सूर्य सिद्धांत अनुसार सदा चैत्र तथा वसंत से वर्ष आरंभ होगा तो भगवान अपने को मार्गशीर्ष मास क्यों कहते हैं? वर्ष के दो अयन होते हैं- 6 मास उत्तरायण, 6 मास दक्षिणायन (गीता, अध्याय 8)। दोनों अयन मिलाकर वर्ष को हायन कहते हैं। हायन का आरंभ अग्रहायण है, जो मार्गशीर्ष मास में होता है। अत: उसे अग्रहायण (अगहन) कहते हैं। उत्तरायण से ही दिव्य दिन या देवों का दिन आरंभ होता है (सूर्य सिद्धांत, अध्याय 1)। अत: भगवान ने अपने को मार्गशीर्ष (अग्रहायण) कहा है। इस मास में भारत या उत्तर गोल में सबसे बड़ी रात्रि होती है, अत: इसे कृष्ण मास कहते थे। इस अर्थ में भी भगवान श्रीकृष्ण मार्गशीर्ष मास हैं। सीजर ने उत्तरायण आरंभ से वर्ष की शुरुआत करने का आदेश दिया था, पर वहां के लोगों ने 7 दिन बाद वर्ष आरंभ किया, जब विक्रम संवत गत 10 का पौष मास आरंभ हो रहा था।

अत: उत्तरायण आरंभ दिन 25 दिसंबर हो गया। उनकी काल गणना में अशुद्धि के कारण आजकल यह 22 दिसंबर को हो रहा है। किंतु अभी भी 25 दिसंबर को बड़ा दिन (दिव्य दिन का आरंभ) कहते हैं। कृष्ण मास का आरंभ होने से इसे क्रिसमस कहते हैं। किसी भी मत से इस समय ईसा का जन्म नहीं हुआ था। सौर वर्ष को दिव्य दिन मानने पर उसका उषा काल 16 दिन का होगा (365/24 = 15.2)। मार्गशीर्ष मास के आरंभ से 16 दिन पूर्व दिव्य उषा का आरंभ होगा, जिसे ओडिशा में बड़ ओसा (दिव्य उषा) कहते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**वायु** प्रदूषण के कारण कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। वायु प्रदूषण से न केवल श्वसन संक्रमण और हृदय रोग का खतरा बढ़ता है, बल्कि फेफड़ों के कैंसर भी हो जाता है। प्रदूषण के मामले में हिमाचल भी अब पीछे नहीं है, हिमाचल की आवोहवा भी खराब हो गई है। बद्दी-बरोटीवला और नालागढ़ यानी बीबीएन में पहले से ही इंडस्ट्रियल एरिया होने की वजह से प्रदूषण कम नहीं होता है और ऐसे में दिवाली की रात जलाए गए पटाखों की वजह से उसमें इजाफा होना और भी चिंता का विषय है। हिमाचल में भी तमाम नियम और कायदे ताक पर रखे जा रहे हैं। दिल्ली में पटाखों को प्रतिबंधित करने को लेकर सरकार को निर्देश देने से यह समस्या हल नहीं होनी वाली, बल्कि इस समस्या का निवारण तभी संभव है, जब लोग खुद आगे आकर पटाखों पर लगाम लगाने का बीड़ा उठाएं और पटाखे जलाने से परहेज करें।

**-अंकुर नाग, शाहपुर**

# आजकल का इंसान क्या पशुओं से भी बदतर बनता जा रहा है?

दीपावली उत्सव उपरांत हिमाचल में पर्यावरण प्रदूषण का आंकड़ा अत्यधिक सार्वजनिक किए जाना हास्यस्पद है। हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने के कई कारण हैं, जिनकी रोकथाम करने में सरकारें नाकाम हैं। देवभूमि को ग्रीन राज्य बनाने के दावे किए जा रहे हैं। सच बात यह है कि हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर वन विभाग की मिलीभगत से वन संपदा पड़ोसी राज्यों में प्लाई बनाने के लिए बेची जा रही हैं। हवा, पानी तक दूषित हो चुके हैं। पशु भी जमीन पर बैठने से पहले अपनी पूंछ से उस जमीन को साफ करके अपनी समझदारी का सबूत देता आ रहा है। आजकल का इंसान क्या पशुओं से भी बदत्तर बनता जा रहा, जो इधर-उधर प्लास्टिक का सूखा कचरा फेंककर अपनी नासमझी का सबूत दे रहा है? पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक, चाय, कॉफी के कप लोग इस्तेमाल तदोपरांत सरेआम सड़कों, गलियों, बस स्टाप पर फेंकना अपनी रोजमर्रा की आदत बना चुके हैं। सरकार ने सबच्छता अभियान केवल मात्र मीडिया में वाहवाही लूटने के लिए नहीं चला रखा हुआ है।

लोगों में सूखे कचरे से होने बाले नुकसान को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़े, इसलिए ही चलाया गया है। स्वच्छता अभियान के तहत गांव स्तर पर कूड़ेदान रखे गए, मगर लोग इनमें सूखा कूड़ा डालने की बजाए उल्टा उनका मजाक बनाने में लगे हुए हैं, नतीजतन ऐसे कूड़ेदान सिर्फ शोपीस बनकर ही रह चुके हैं। कंपनियों का कूड़ा-कचरा भी खड्ड, नालों में फेंककर पर्यावरण को दूषित बनाता जा रहा है। बढ़ता वायु प्रदूषण दिनोंदिन मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। आसमान में उड़ते कचरायुक्त धूल के कणों से इंसान स्वच्छ वायु भी बरावर नहीं ले पा रहा है। दूषित वायु प्रदूषण की बजह से आजकल लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। मौसम की एलर्जी, चमड़ी रोग, खांसी, दमा, हृदयघात, हड्डी रोग और खुष्क त्वचा की समस्या से हर कोई आहत है। इसी बजह से लोग लंग, किडनी और पनुमोनीया जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार बनकर रहते जा रहे हैं। वायु प्रदूषण इंसान के दिमाग पर भी ज्यादा असर करके शरीर को निर्जीव बनाकर रख देता है। बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए सरकारें फिलहाल नाकाम चल रही हैं, नतीजतन इसका खामियाजा आम जनमानस को भविष्य में भुगतना पड़ सकता है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सर्दियों में खासकर लोग कूड़े-कचरे के ढेरों को आग लगाकर शरीर को तपिश देने की कोशिशें करते आ रहे हैं, ऐसे कचरे के ढेरों से उठने बाला धुआं भी वातावरण को बिषैले बनाने का काम करता है। डीजल-जेनरेटर का धुआं और एयर कंडीशनर प्लांट की गर्म हवा भी पर्यावरण को ज्यादा गर्म बना रही है। फसलों, सब्जियों और फलों पर किए जा रहे जहरीली दवाओं और कीटनाशक स्प्रे से भी वातावरण पर विपरीत असर पड़ा है। धान का पराल जलाने से सबसे ज्यादा बातावरण प्रदूषण हो रहा है, मगर जागरूकता बगैर यह सिलसिला सालों से इसी तरह चलता आ रहा है। जलते हुए धान के पराल से आसमान में उड़ने बाले कचरा युक्त धुएं से वायु प्रदूषण रुकने का नाम नहीं ले रहा है, नतीजतन बच्चों, बूढ़ों और हर कोई इस समस्या का खामियाजा भुगत रहा है। एक तो सर्दियों के मौसम में धुंध अपना डेरा जमाए हुए रखती है, वहीं जलती हुई कृषि और फेक्टरियों के धुएं से आम जनमानस का जीवन ही अस्त-व्यस्त होकर रह जाता है। बढ़ते वायु प्रदूषण की बजह से कुछेक राज्य समेत महानगर भी खासे प्रभावित रहते आ रहे हैं, मगर बावजूद इसके कोई सीख लेने को तैयार नहीं है। न्यायालय ने पराली को जलाए जाने पर कड़ा प्रतिबंध लगाया है, मगर कुछेक किसान इसे जलाकर प्रकृति से खिलबाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर में रहने वाले लोगों को स्वच्छ वायु न मिलने की वजह से वे अपने घरों की चारदीवारी में बंद होकर रहने को मजबूर हो जाते हैं, मगर अब यह समस्या देवभूमि में भी बढ़ रही है।

वायु प्रदूषण खासकर बच्चों को अपनी चपेट में ज्यादा ले रहा है। दूषित वायु प्रदूषण से अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए अभिभावकों को जागरूक बनने की जरूरत ज्यादा है। जंगलों में पेड़ों पर लगातार कुल्हाड़ी चली हुई है। पेड़ काटने की तादाद ज्यादा है, जबकि पौधरोपण भी मात्र दिखावे के लिए ही किया जा रहा है। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण करके आम जनमानस के लिए ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जब पेड़ ही नहीं रहेंगे तो कैसे कचरा युक्त कार्बनडाइऑक्साइड को खत्म करके मानवता के लिए ऑक्सीजन मुहैया हो पाएगी, सभी को अब गौर करना होगा। पौधरोपण पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, मगर बावजूद कटते जा रहे पेड़ों का दर्द कोई नहीं समझ पा रहा है। पेड़ों की कमी की वजह से जमीन का जलस्तर जहां दिनोंदिन गहराता जा रहा है, ठीक इसी कारण आजकल बारिशें बेमौसमी ज्यादा हो रही हैं। वायु प्रदूषण से आगामी पीढ़ी को बचाने के लिए बारिशों का समय पर होना बहुत जरूरी बन चुका है। आसमान में फैले कचरा युक्त धूल कणों को सिर्फ बारिश ही साफ कर सकती हैं। अगर जागरूकता से काम किया जाए तो बढ़ते वायु प्रदूषण से कुछ हद तक निजात पाई जा सकती है। मौसम बदलते ही कई तरह के फ्लू यानी वायरस चल पड़ते हैं। इस वायरस का अगर समय रहते सही इलाज न किया जाए तो इंसान के लिए मौत का सबब भी बन जाता है। स्वाइन फ्लू, कोरोना वायरस, डेंगू, टायफाइड और मलेरिया बुखार से पीड़ित लोग हर साल मरते जा रहे हैं। फ्लू से ग्रसित मरीज को बचाव के लिए भीड़भाड़ वाली जगह से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

मुंह पर अच्छी गुणवत्ता बाले मास्क का उपयोग, हाथों को बार-बार साबुन से धोना जरूरी होता है। इंसान घर के पके हुए खाने को कम तबज्जो देकर महंगे होटलों और रेस्टोरेंट का खाना, खाना अपना स्टेटस सिंवल बना चुका है। आजकल हर जगह फ्रोजन खाद्य पदार्थ ही ज्यादा पकाए जा रहे हैं। ऐसा खाना खाने से इंसान का शरीर अंदर से खोखला बनकर रह जाता है, जिससे उसके शरीर में ऐसे वायरस से लड़ने की शक्ति खत्म होकर रह जाती है। बढ़ते वायु प्रदूषण से विश्व के कई देश प्रभावित हैं। सर्दियों के मौसम में राजधानी दिल्ली और पंजाब राज्य के कई जिलों में इसके प्रभाव देखने को मिलते रहे हैं। विकराल बनती जा रही वायु प्रदूषण की समस्या से अपने देश में मरने वाले लोगों का आंकड़ा ज्यादा बताया जाता है। हिमाचल सरकार को पेड़ों के कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाकर प्रकृति की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जीवनदान देने वाले अस्पताल अब श्मशान घर क्यों बनते जा रहे हैं?

कैसी विडंबना है कि जीवनदान देने वाले अस्पताल अब श्मशान घर बनते जा रहे हैं। झांसी अस्पताल में नवजात बच्चों की अभी आंखें भी नहीं खुली थीं कि अग्निकांड ने उन बेकसूर बच्चों के प्राण ही हर लिए। ताजा घटनाक्रम में शुक्रवार रात को झांसी मेडिकल कॉलेज में आग से कई नवजात शिशुओं की दर्दनाक मौत हो गई। खिड़की तोड़कर कई नवजात बच्चों को बचा लिया गया। आग लगने की जांच की जा रही है।

कुछ वर्ष पहले महाराष्ट्र के भंडारा जिला अस्पताल में आग लगने से 10 नवजात बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा सात बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया था। नवजात बच्चों की आयु एक से तीन महीने के बीच थी। तीन नवजात शिशुओं की आग से जलने से मौत हो गई थी, जबकि सात बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई थी। यह हादसा रात को घटित हुआ था। चिर निद्रा में सोए नवजात सदा के लिए सो गए, ऐसे हादसों से आत्मा सिहर उठती है। मां-बाप अपने नवजात बच्चों को ढूंढ रहे थे, मगर सब खत्म हो चुका था। अग्निशमन के जवानों ने 7 नवजातों को बचा लिया था। अस्पताल में 17 नवजात थे। इस दर्दनाक मंजर से हर आंख नम है। पल भर में चीखो पुकार मच गई। मासूम नवजात बच्चे चंद मिनटों में राख में तबदील हो गए। लापरवाही बरतने वालों पर मुकदमा चलाया जाए जिनकी गलती से यह दर्दनाक घटना हुई है। सरकार ने मुआवजे की घोषणा कर दी है। सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग के कारण नवजात बच्चों की दर्दनाक मौतें होना बहुत ही त्रासदी है। नवजात बच्चे असमय काल के गाल में समा गए। दुखद पहलू है कि जहां लोग जीवन बचाने के लिए जाते हैं, अगर वहां मौत नसीब हो तो यह वहुत ही खौफनाक त्रासदी है। लापरवाही बरतने वाले लोगों पर हत्या का केस दर्ज करना चाहिए, जिनकी वजह से नवजातों की मौत हुई है और घरों में मातम छाया है। लापरवाही न बरती होती तो बच्चे असमय काल के गाल में नही समाते। नवजातों की मौत से हर भारतीय सदमें में है। समय-समय पर देश में ऐसे दर्दनाक हादसे होते रहते हैं, मगर व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। बच्चों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उन्हे तड़प-तड़प कर मरना होगा, ऐसी मौत नसीब होगी। यह हादसा लोगों को इतने जख्म दे गया कि जख्म तो भर जाएंगे, मगर निशान अमिट रहेंगे। घर के चिराग अस्त हो गए। नन्हें फूल खिलने से पहले ही मुरझा गए।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

प्रतिदिन देश के अस्पतालों में कोई न कोई हादसा होता रहता है। कभी आग से बच्चे झुलस जाते हैं। सरकारों को इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा। दोषी लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी वारदातें लापरवाही की पराकाष्ठा हैं। ऐसे हादसों की जांच होनी चाहिए कि ऐसी लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है। इसकी जवाबदेही होनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ आपराधिक व हत्या का मामला चलाना चाहिए। यह बहुत ही घोर लापरवाही है। अस्पताल प्रबंधन को इस हादसे से सबक लेना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य को सुरक्षित किया जा सके और लोगों को अकाल मौत न मिल सके।

लोगों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि उनके नवजात बच्चों को ऐसी दर्दनाक मौत नसीब होगी। यह कोई नया हादसा नहीं है। देश के विभिन्न अस्पतालों में हर रोज कहीं न कहीं से ऐसे हादसे होते रहते हैं। कुछ दिन व्यवस्था ठीक रहती है, फिर वही परिपाटी चल पड़ती है। सरकारें मुआवजा देकर अपना फर्ज निभाती हैं, लेकिन मुआवजा इसका हल नहीं है। असमय मारे गए नवजातों के परिजन ताउम्र इसका दंश झेलेंगे। देश के मसीहाओं को इन हादसों से कोई सरोकार नहीं होता। परिवार के लोग ही दंश झेलते हैं। माताओं की गोदें सूनी हो गईं।

देश के हर राज्य में भयानक हादसे हो रहे हैं, मगर राज्य सरकारें गहरी निद्रा में सोई हैं। सरकार के रहनुमाओं को अपनी तन्द्रा तोड़ देनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि हादसे के दोषियों को सजा दी जाए ताकि आने वाले दिनों में ऐसे हादसों पर पूर्ण रूप से रोक लग सके। अस्पतालों में व्यवस्था को सुधार करना होगा ताकि फिर कभी कोई नवजात बच्चे बेमौत न मारे जाएं, अगर अब भी लापरवाही बरती तो निर्दोष बच्चों की मौतें होती रहेंगी। नवजात की दर्दनाक मौतों से प्रशासन को सबक लेना चाहिए तथा अस्पतालों की दशा सुधारनी चाहिए। वक्त अभी संभलने का है, ताकि कोई निर्दोष न मरे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### अनुपमा सिंह ने नवाजे हिमालयन स्कूल के मेधावी



**अनंत ज्ञान, पंडोह।** हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंडोह का 30वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी के प्रो. वायस चांसलर एवं रोटरी क्लब ऑफ छोटी काशी की प्रेसिडेंट प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ रोटरी क्लब की सचिव रूपिंदर कौर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रही। अनुपमा सिंह ने अपने संबोधन में बेहतरीन आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई और बच्चों को बेहतरीन प्रस्तुतियों के लिए शाबाशी दी। समारोह के अंत में मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

### एसडीएम सरकाघाट का मसेरन स्कूल में निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट, स्वाति डोगरा ने उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मसेरन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के विभिन्न पहलुओं की जांच की, जिसमें विशेष रूप से प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत बच्चों को मिलने वाले मिड-डे मील का निरीक्षण शामिल था। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को परोसे जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने भोजन की पौष्टिकता, स्वच्छता और मानकों के अनुरूप होने की पुष्टि की। इसके अलावा, स्कूल में स्थित रसोई घर की सफाई व्यवस्था का भी बारीकी से जायजा लिया।

### प्रैस दिवस पर पत्रकारों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह में प्रैस दिवस के मोके पर पंडोह प्रेस क्लब के सदस्यों को सम्मानित करते हुई सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी के प्रो. वायस चांसलर एवं रोटरी क्लब ऑफ छोटी काशी की प्रेसिडेंट प्रो. अनुपमा सिंह एवं हिमालयन पब्लिक स्कुल पंडोह प्रबंधन। इस मौके पर पंडोह प्रेस क्लब ले सदस्य राधा कृष्ण वर्मा, बालक राम, देवी राम, देश राज, विशाल वर्मा, सौरभ कुमार एवं नेत्र सिंह उपस्थित रहे। मुख्यातिथि द्वारा सभी सदस्यों को टोपी पहना कर सम्मानित किया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का सोहनलाल ने किया शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अंडर 12 खेलकूद प्रतियोगिता सुंदरनगर प्रथम का उद्घाटन प्राथमिक पाठशाला पुराना बाजार में पूर्व संसदीय सचिव सोहनलाल ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि के रूप में किया गया। मुख्य संरक्षक राम सिंह राव ने अपने भाषण में कहा कि इस प्रतियोगिता को शुरू करने में सोहनलाल ठाकुर द्वारा अपने समय में प्रोत्साहित किया था और जब इसे बीच में बंद किया गया तो उन्होंने इसको दोबारा शुरू करने के लिए अपना योगदान देकर बच्चों की भावनाओं को आहत होने से बचाया। खेल परिणाम में मार्च पास में तलेली जोन विजेता रहा, कबड्डी लड़के में भोजपुर ने तलेली जोन और डेहर जोन ने क्लाउड जोन को हराया।

### खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कन्या, जोगिंद्रनगर में शिक्षा खंड द्रंग प्रथम की 28वीं खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील दत्त ठाकुर प्रधानाचार्य, कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर रहे। इस दौरान वॉलीबॉल: भराडू जोन विजेता, बस्सी जोन उपविजेता, कबड्डी: जोगिंद्रनगर जोन विजेता, बरोट जोन उपविजेता। खो-खो बस्सी जोन विजेता, बरोट जोन उपविजेता, बैडमिंटन भराडू जोन विजेता, घटासनी जोन उपविजेता रहा।

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय प्रैस दिवस मनाया गया जिसमें प्रैस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा इस वर्ष के दिए गए विषय 'प्रेस का बदलता स्वरूप' पर विचार सांझे किए। सहायक लोक संपर्क अधिकारी संजीव जस्वाल ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित पत्रकारों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की बहुआयामी भूमिका है। उन्होंने बताया कि समय समय पर प्रदेश सरकार द्वारा भी पत्रकारों को सुविधाएं प्रदान करवाई जाती हैं। संजीव जस्वाल ने कल्याणकारी तथा विकास नीतियों को उचित अधिमान देने तथा सरकार व प्रशासन को सहयोग देने हेतु पत्रकारों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित पत्रकार उपस्थित थे।

### सुमित्रा महामाया मंदिर में लगाया भंडारा

**भीम बसेडू, महादेव।** सुंदरनगर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व सुकेत रियासत की देहरी



स्थित धार्मिक एवं श्रद्धा के केंद्र सुमित्रा महामाया मंदिर में शनिवार को श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया। संबंधित समिति प्रमुख उत्तम चंद शर्मा ने बताया कि 8 नवंबर से शुरू हुई भागवद कथा के समापन अवसर पर 16 नवंबर को भारी संख्या में शामिल हुए भक्तजनों ने पूर्णाहुति के साथ ही आयोजित किए गए भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

### जोगिंद्रनगर से 14 वर्षीय युवक लापता



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर थाना क्षेत्र के गांव पट्टी (भलैन्द्रा) से 14 वर्षीय बालक साहिल, पुत्र मोती राम और सपना देवी, 15 नवंबर की शाम को अपने घर से अचानक लापता हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक मिसिंग नोटिस जारी किया है और आम जनता से इस मामले में मदद की अपील की है। साहिल की उम्र 14 वर्ष है, वह लगभग 5 फीट कद का, गोरे रंग का और काले छोटे बालों वाला है। पुलिस ने बताया कि साहिल को लेकर किसी भी तरह की जानकारी या सुराग मिलने पर तुरंत थाना जोगिंद्रनगर में संपर्क करें। थाना प्रभारी ने कहा, यह बेहद संवेदनशील मामला है और परिवार काफी परेशान है।

## 20 करोड़ खर्च करने पर भी आधे से ज्यादा किसानों के खेतों को नहीं मिल पाया लाभ

# सिंचाई योजना संधोल बनी सफेद हाथी

**रितेश, सरकाघाट**



तहसील संधोल की आधा दर्जन पंचायतों के लिए बनी जल शक्ति विभाग की उठाऊ सिंचाई योजना एक बार फिर सवालों के घेरे में है। करीब 1924.51 लाख से बनी इस सिंचाई परियोजना से संधोल क्षेत्र के खेत सिंचित होने थे लेकिन अभी तक आधे किसान परिवारों के खेत भी इससे सिंचित नहीं हो पाए हैं जबकि किसानों के खेतों को छलनी कर यहां करोड़ों खर्च कर दिए गए हैं। अब अधिकतर सिंचाई के पंप खराब पड़े हैं और खेतों में पानी वितरण का कोई साधन भी विभाग नहीं बना पाया है।

हालांकि बागवानी के 2 से तीन कलस्टर के लिए इस स्कीम से जरूरत पड़ने पर सिंचाई की जा रही है लेकिन किसानों के खेत अभी भी प्यासे हैं, जिसमें पहले इन खेतों में स्प्रिंकलर प्रणाली द्वारा सिंचाई का प्रावधान था लेकिन अब ऐसा कुछ साधन खेतों में नहीं है। वहीं कुछ चुनिंदा किसानों को तो विभाग ने पाइप बांट कर उनके खेतों को पानी उपलब्ध करवा दिया है लेकिन ज्यादातर किसान बारिश के ऊपर ही निर्भर है और उन्हें इस योजना का रत्ती भर लाभ नहीं मिल पाया है हालांकि उनके खेत तहस नहस कर उनमें पानी के चैंबर भी निर्मित किए गए हैं। करीब तीन साल पहले इस योजना का शुभारंभ हो चुका है लेकिन खेत खलिहान अभी भी सूखे हैं।

दरसअल संधोल के बलयाली गांव के समीप बल्ला स्थान पर व्यास नदी पर संधोल क्षेत्र की पांच पंचायतों सोहर, नेरी, दत्तवाड़, घनाला व संधोल के दर्जन भर गांव के खेतों के लिए यह सिंचाई योजना बनी है। यह परियोजना धरातल पर सफलता हासिल नहीं कर पाई और करोड़ों खर्च करने के बाद भी किसान आज भी पानी के लिए आसमान की तरफ देखने को मजबूर हैं। (अनंत ज्ञान)

### किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी

**जमीन** को खुदवाकर किसान इस उम्मीद पर थे कि उन्हें सिंचाई सुविधा मिलेगी लेकिन लगता है कि किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर चुका है। किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल भरमोरिया ने बताया कि करोड़ों रुपए खर्च कर आज भी किसानों को कोई लाभ नहीं मिला है। 252 चैंबर में 147 ही काम कर रहें है। इस स्कीम को चेंबर के बजाय स्प्रिंकल करने के फॉरमेट बदलने के लिए वो विभाग और विधायक से मांग कर चुके हैं।

### खेतों को नुकसान होने के डर से व्यवस्था से कर रहे किनारा : प्रदीप

जलशक्ति मंडल संधोल के सहायक अभियंता प्रदीप राठौर ने बताया कि की दरअसल ये योजना स्प्रिंकलर नहीं बल्कि फ्लड बेस्ड है ऐसे में किसान की मांग पर चैंबर से पाइप के जरिए किसान अपने खेत सिंचाई कर सकता है लेकिन चैंबर के साथ सटे खेत के किसान नुकसान होने के डर से इस व्यवस्था से सब किनारा कर रहें है।

### किसानों से मिलकर करेंगे समस्या दूर : योगेश

**जल** शक्ति विभाग धर्मपुर के अधिशाषी अभियंता योगेश कपूर ने कहा योजना का डिजाइन फ्लड बेस ही था लोगों को खेत सिंचित करने के लिए पाइपें भी बांटी गई थी परंतु उन्होंने इसका यूज नहीं किया अगर सिंचाई में कोई समस्या हो रही है तो वह खुद इन साइटों का दौरा कर वहां के किसानों के साथ बैठक कर समस्या को दूर करेंगे अगर योजना का प्रारूप बदलना पड़ा तो बदल दिया जाएगा।

## विधायक सोहनलाल ठाकुर करेंगे रेडक्रॉस मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

आगामी 18 नवंबर से जवाहर पार्क सुंदरनगर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले के संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम अमर नेगी ने बताया कि 18 नवंबर को मेले का शुभारंभ पूर्व सीपीएस व पूर्व विधायक सुंदरनगर सोहनलाल ठाकुर द्वारा किया जाएगा। मेला नशा मुक्त सुंदरनगर स्वस्थ सुंदरनगर थीम पर आधारित होगा।



एसडीएम अमर नेगी।

इस मेले में विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करेंगे जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान शिविर, पशुपालन विभाग द्वारा पालतू जानवरों का जांच शिविर शामिल रहेंगे। साथ ही मेले में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

एसडीएम ने बताया कि मेले के दौरान खेलकूद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डीएसपी सुंदरनगर की देखरेख में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें खो खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, लॉन्ग जंप, हाई जंप, रस्सा कस्सी तथा मैराथन दौड़ शामिल रहेगी। मैराथन का आयोजन 19 नवंबर को राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्या के प्रांगण से प्रातः 7 बजे किया जाएगा जिसके लिए पंजीकरण कार्यक्रम स्थल पर ही किया जाएगा। महिलाओं के लिए रस्सा कस्सी प्रतियोगिता 19 नवंबर को आयोजित की जाएगी जिसके लिए पंजीकरण कार्यक्रम स्थल पर ही किया जाएगा।

वहीं बेबी शो प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी एसएमओ और सीडीपीओ सुंदरनगर की देखरेख में किया जाएगा। 19 नवंबर को होने वाले बेबी शो में 1 से 2 वर्ष, 2 से 3 वर्ष, 3 से 5 वर्ष की तीन श्रेणियों में करवाया जाएगा जिसके लिए पंजीकरण कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। बेबी शो में भाग लेने के लिए बच्चे का टीकाकरण कार्ड लाना अनिवार्य है।

एसडीएम ने लोगों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले को देखने आएं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेकों योजनाओं का लाभ उठाएं।

## खेल संघ के पीएन आजाद बने प्रधान



बैठक के दौरान नवगठित कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल ऐमचूर सेपकटाकरा खेल संघ की वार्षिक आम बैठक माता भद्रकाली मंदिर भराड़ी सुंदरनगर जिला मंडी में शिवपाल मिन्हास सीनियर पैनल कॉसिल हाईकोर्ट व कार्यकारी अध्यक्ष राज्य संघ की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें 2024 से 2028 तक का चुनाव भी करवाया गया तथा राज्य संघ का खेल के प्रचार व प्रसार हेतु पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से पीएन आजाद को प्रधान व हेमराज को महासचिव चुना गया। लूदर चंद को कोषाध्यक्ष, दिनेश कुमार को उपाध्यक्ष, वरुण शर्मा व होशियार सिंह, सुरेंद्र सिंह को कार्यकारी सदस्य चुना गया।

इस मौके पर जिला कुल्लू से लूदर चंद, बिलासपुर से रवींद्र कुमार, विकास शर्मा मंडी से श्रवण कुमार व नरेश राठौर, सोलन से श्याम लाल, शिमला से विजय कुमार हमीरपुर से राजेश कुमार और पूर्ण चंद ठाकुर, खेम सिंह, मोती राम हरि कृष्ण, मौजूद रहे।

### कोटली में लगाया वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर

**मंडी।** हिप्र राज्य सहकारी बैंक शाखा कोटली द्वारा नाबार्ड वित्त पोषित ने शनिवार को जागृति पब्लिक स्कूल, कोटली में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया। शिविर में बैंक शाखा प्रबंधक जगदेव ने बच्चों को बैंक खाता खोलने, बैंक ऋण, केसीसी, शिक्षा ऋण इत्यादि बैंक संबंधी विविध जानकारियां प्रदान कर शिक्षित किया।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा चलाई गई पीएमजेजेबीवाई एवं एपीवाई आदि जैसी महत्वपूर्ण स्कीमों बारे जानकारियां साझा की। उन्होंने स्थानीय लोगों को एटीएम, यूपीआई, नेट बैंकिंग बारे भी विविध महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की ।

## हिमालयन नर्सिंग कॉलेज में मनाया विश्व मधुमेह दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में हिमालयन ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज में विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी संजय गुप्ता की अध्यक्षता में इसका आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्रों को मधुमेह के लक्षण, बचाव व उपचार बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

इस बारे जानकारी देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी पधर ने बताया कि हिमालयन नर्सिंग कॉलेज जोगिंदर नगर में मधुमेह दिवस मनाया गया। जिस दौरान कॉलेज के छात्रों को मधुमेह बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्होंने इस बीमारी के लक्षण बचाव, उपचार व प्रबंधन के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस आयोजन के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ नर्सिंग ऑफिसर अमन कौर भी वक्ता रही। इस दिवस के उपलक्ष्य पर चार छात्राओं को मधुमेह के बारे में जानकारी देने के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजेंद्र मंडयाल के साथ कॉलेज के अन्य अध्यापकगण भी शामिल रहे।

### सुरक्षा कर्मियों के लिए साक्षात्कार 20 को

**मंडी।** शिमला की निजी कंपनी सुरक्षा कर्मियों के 80 पद भरेगी। इसके लिए 20 नवंबर को उप रोजगार कार्यालय पधर में सुबह 11 बजे से साक्षात्कार लिए जाएंगे। रोजगार अधिकारी नीरज शर्मा ने बताया कि इच्छुक युवा आवेदन कर सकते हैं। पात्रों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं होनी चाहिए।

आयु सीमा 20 से 36 वर्ष होनी चाहिए। चयनित आवेदकों को कंपनी की ओर से 12025 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो व रोजगार पहचान पत्र सहित साक्षात्कार के लिए कार्यालय में पहुंचे।

## 'कोई भी मतदाता पीछे न छूटे' मुहिम के तहत करवाई प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



प्रतियोगिता के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में युवा विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के लिए 'इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब' के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

यह आयोजन 'कोई भी मतदाता पीछे न छूटे' अभियान के अंतर्गत हुआ, जिसमें लगभग 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्लब की संयोजिका डॉ. प्रीति के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बबीता और स्वाति ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपिका ने दूसरा स्थान हासिल किया।

नारा लेखन प्रतियोगिता में पल्लवी और अंशिका संयुक्त रूप से प्रथम रहीं, और श्रेया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## करिश्मा लेफ्टिनेंट बनने पर सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी गैहरी की पूर्व छात्र कुमारी करिश्मा ठाकुर को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में चयनित होने के उपलक्ष्य पर सम्मान समारोह आयोजन कर बतौर मुख्य अतिथि सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी माता द्रोपती देवी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर करिश्मा ठाकुर ने अपने संघर्ष की यात्रा को स्कूल के बच्चों के साथ साझा किया तथा बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए मार्ग दिखाया।

स्कूल में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने संपूर्ण विद्यालय की ओर से करिश्मा ठाकुर को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



करिश्मा ठाकुर को सम्मानित करते हुए।

## पत्रकारिता ने राष्ट्र के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : उपायुक्त



राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते पत्रकार बंधु।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसकी अध्यक्षता उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की। भारतीय प्रेस परिषद की ओर से प्रदत्त प्रैस का बदलता स्वरूप विषय पर एक संगोष्ठी भी इस अवसर पर आयोजित की गई, जिसमें जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न समाचार पत्रों व मीडिया घरानों के वरिष्ठ संवाददाताओं ने अपने विचार रखे।

संगोष्ठी का शुभारंभ करते उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि प्रैस लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक माना गया है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर वर्तमान तक पत्रकारिता ने राष्ट्र के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## नर्सिंग छात्रा की मौत की हो जांच : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



डीएसपी मंडी को ज्ञापन प्रेषित करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सुंदरनगर नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग छात्रा अंजना की आकस्मिक मृत्यु एवं दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के संदर्भ में निष्पक्ष जांच करने के लिए उप पुलिस अधीक्षक मंडी को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद ने अंजना की मृत्यु के संबंध में विस्तृत और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

पीड़ित के परिवार को पर्याप्त मुआवजा और सरकारी सहायता प्रदान की जाए और छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। विभाग संयोजक चिराग ठाकुर ने कहा कि यह घटना समाज के लिए एक चिंता का विषय और इस पर प्रशासन को जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए और अगर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की जाती है तो विद्यार्थी परिषद आने वाले समय में इस घटना को लेकर उग्र से उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं रहेगी जिसका खामियाजा प्रशासन को भुगतना पड़ेगा।

## चुराई गई बैटरियों सहित चोर काबू

**अनंत ज्ञान, पंडोह/मंडी**

6 महीनों से लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच पंडोह पुलिस चौकी की टीम एक चोर को पकड़ने में कामयाब हो पाई है। अभी हालही में पंडोह बाजार के साथ लगते सांवला के पास जिस चोर ने दो टिप्परों की बैटरियों को चुराया था उसे पुलिस ने पकड़ने के बाद नोटिस देकर छोड़ दिया है।

पकड़ा गया युवक 24 वर्ष का और बल्ह का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि यह युवक नशेड़ी है और उस रात को अपने भाई की गाड़ी लेकर पंडोह आया था। यहां उसने दो बैटरियों पर से हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से इसे पकड़ने में सफलता हासिल की है। उसी रात को आर्मी कैंप के पास जिस गाड़ी के टायर चोरी हुए थे उन चोरों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक से पूछताछ की तो पता चला कि इसकी यहां हुई अन्य चोरियों की वारदातों में कोई संलिप्तता नहीं है। इसलिए पुलिस इस अकेले चोर को पकडना अपनी बड़ी कामयाबी नहीं मान सकती। पंडोह में इससे पहले करीब दो दर्जन से ज्यादा चोरी की वारदातें हो चुकी हैं जिनका पता पुलिस आज दिन तक नहीं लगा पाई है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने चोर को पकड़े जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चोर से सामान की बरामदगी कर ली गई है और उसे नियमों के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।



पकड़े गए चोर से हस्ताक्षर करवाते हुए हैड कांस्टेबल ।

### चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना पुलिस के दल ने हरियाणा परिवहन की बस में सवार दो युवकों को 567 ग्राम चरस के साथ हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर बाद सुंदरनगर थाना पुलिस ने हाईवे पर नाका लगा रखा था। इस दौरान हरियाणा परिवहन की बस को पुलिस ने जांच के लिए रोका।

बस में सवार यात्रियों की तलाशी के दौरान दो युवकों अजय कुमार (24) पुत्र जयराम निवासी गांव पराक्षी और विक्रम सिंह(28) पुत्र पाला राम निवासी गांव बरसाना से 567 ग्राम चरस बरामद हुई।

**विडंबना** 24 करोड़ से निर्मित सांडापत्तन पुल का नहीं मिला लोगों को फायदा

# आदेशों के बाद भी शुरू नहीं हो पाई संधोल के लिए दो बसें

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

वर्षों से संधोल को बैजनाथ और जोगिंद्रनगर से जोड़ने की मांग उठ रही थी लिहाजा पूर्व सरकार ने यंहा 24 करोड़ रुपए खर्च कर पुल भी बना दिया लेकिन उसके बाद भी परिवहन विभाग पिछले ढाई वर्षों बाद भी बस सेवा शुरू करना भूल गया है।



संधोल बस अड्डा।

बैजनाथ से सांढापत्तन पुल से होते हुए दो बसों को संधोल तक चलाने की अधिसूचना के एक महीना बीत जाने के बाद भी अभी तक यह बसें अपने बढ़ाये गए रूट पर नहीं चल पाई है। बता दें की गत दस अक्तूबर को निगम के प्रबंधक निदेशक शिमला कार्यलय ने निगम के क्षेत्रीय कार्यालय बैजनाथ को पत्र जारी कर बैजनाथ सांढा रूट पर चलने वाली दो बसों के रूट संधोल तक तत्काल बढाने की स्वीकृति दी हालांकि इस बाबत अधिकारियों को सभी रूट परमिट इत्यादि औपचारिकताओं को पूरा करने के निर्देश भी दिए थे लेकिन एक महिना से अधिक का समय बीतने के बाद भी इस रूट पर कोई बस नहीं दौड़ पाई है।

उधर स्थानीय विधायक तथा तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव ने भी फरवरी महीने में संधोल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में इस रूट पर जल्द ही बसें चलाने की बात कही थी लेकिन 9 माह का समय बीतने के बाद भी केवल दो बसों को इस रूट पर चलने की स्वीकृति मिली है वह भी अभी तक नहीं चल पाई है।

### स्वीकृति आने पर बसों को चला दिया जाएगा : पंकज

**मंडलीय** प्रबंधक धर्मशाला पंकज ने बताया कि उपरोक्त स्वीकृत बस रूट को चलाने के लिए परमिट आवेदन किया गया है, स्वीकृति आने पर बसों को चला दिया जाएगा।

### क्लास लेते वक्त आईटी इंस्ट्रक्टर को दिल का दौरा, मौत

**जोगिंद्रनगर।** आईटीआई में एक दुखद घटना में आईटी इंस्ट्रक्टर मूलराज (43) की क्लास के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मूलराज सारली गांव के निवासी थे और आउटसोर्स के माध्यम से संस्थान में कार्यरत थे। घटना उस समय हुई जब मूलराज बच्चों को पढ़ा रहे थे।

अचानक वे अचेत होकर गिर पड़े, तुरंत उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आईटीआई की प्रिंसिपल नवीन कुमारी ने बताया कि सबकुछ अचानक हुआ और उनके बचने का मौका नहीं मिल पाया। मूलराज अपने पीछे पत्नी, 14 वर्षीय बेटे और 8 वर्षीय बेटी को छोड़ गए हैं।

## श्रमिक बोर्ड अध्यक्ष को बताई समस्याएं : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए ।

राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड से मजदूरों के लंबित लाभ जारी न होने बारे नाराजगी व्यक्त करने व लाभ जल्दी जारी करने की मांग को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियनों का प्रतिनिधमंडल को बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कवंर से रेस्ट हाउस नादौन में मिला। जिसका नेतृत्व ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सयोंजक बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने किया।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड में पिछले तीन साल के एक लाख मजदूरों की 500 करोड़ की वित्तिय सहायता रुकी हुई है जिसके बारे में 10 अक्टुबर को हुई बोर्ड बैठक में विस्तृत चर्चा हुई थी और अगली बैठक तक पचास प्रतिशत लाभ जारी करने का निर्णय हुआ था लेकिन बोर्ड बैठक के बाद सभी श्रम कल्याण अधिकारियों को नई आनलाईन ऐप पर इस माह एक हज़ार रजिस्ट्रेशन कराने का टारगेट जारी कर दिया और यदि सभी मज़दूरों को इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन करने के बहुत ज्यादा समय लगेगा और लंबित लाभ जारी नहीं होंगे इसलिए इस ऐप को भविष्य के आवेदनों के लिए लागू किया जाए और पिछ्ले आवेदनों को जल्द स्वीकृत किया जाए और ऐप चलाने का अधिकार मजदूर यूनियनों को भी दिया जाए।

इन सभी मांगों पर चेयरमैन ने यूनियन प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि 31 दिसंबर तक कुल लंबित एक लाख मजदूरों के क्लेमों में से पचास प्रतिशत और शेष इस वित्त वर्ष के अंत तक जारी कर दिए जाएंगे।

अध्यक्ष ने एक्सपर्ट कमेटी की मीटिंग मौके पर ही 24 नवंबर को शिमला में निर्धारित कर दी है और अगले महीने बोर्ड की बैठक की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने आग बुझाने के तरीके सीखे



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली के तहत पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन अग्निशमन विभाग ऊना से मुकेश कुमार, अमित कुमार और चंद्र मोहन ने कार्यक्रम में शिरकत की। मुकेश कुमार ने बच्चों को आग के प्रकार, आग लगने के लिए आवश्यक तत्व, आग लगने के कारण तथा उसे बुझाने के तरीकों की विस्तृत रूप से जानकारी दी । इसके बाद मॉकड्रिल करवाई गई, जिसमें सभी एनएसएस वॉलंटीयर्स ने भाग लिया। शिविर में 28 एनएसएस वॉलंटीयर्स भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा, एनएसएस प्रभारी संदीप कुमार, सह प्रभारी गुरप्रीत कौर और स्टाफ के सभी सदस्यों ने अग्निशमन विभाग से आए अधिकारियों को समृति चिन्ह और एनएसएस टोपी से सम्मानित किया।

### चौकी मनियार में बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव बताए



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकी मनियार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवियों को जागरूक किया गया। रिसोर्स पर्सन सतीश शर्मा ने बच्चों को बताया कि नशा क्या होता है, यह हमारे शरीर, मन और लीवर पर किस प्रकार बुरी तरह स प्रभावित करता है। कैंसर जैसा रोग भी नशे के कारण ही लगता है। जिस आयु में माता-पिता को बच्चे के सहारे की जरूरत होती है, उलटा वह उनसे सहारा मांगता है जो कि बहुत ही शर्मनाक बात है। प्रधानाचार्य मनोहरलाल शर्मा ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया तथा बच्चों से कहा कि आप उनके शब्दों को घर जाकर डायरी पर लिखें और इन्हें हमेशा याद रखें।

### डीएवी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** डीएवी स्कूल अंबोटा में शनिवार को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा की थीम पर बैगलेस डे मनाया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा की बचत के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस दिन को बच्चों के लिए रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विभिन्न प्रेरणादायक गतिविधियों नृत्य, नाटक, भाषण, क्विज और शपथ को शामिल किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण से की गई, जिसमें सभी ने संकल्प लिया कि ऊर्जा का दुरुपयोग नही करेंगे और घरों में भी स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देंग। प्रधानाचार्य नमित शर्मा ने बताया कि आज के समय में ऊर्जा की बचत करना और स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हम सभी मिलकर छोटे-छोटे कदम उठाएं तो हम बड़े बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं।

### गगरेट में लगा अंप्रेंटिसशिप जागरूकता शिविर



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** डिस्टिल एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड गगरेट अंब सबडिवीजन इंडस्ट्री एसोसिएशन के सहयोग से और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सहयोग से एक अप्रेंटिसशिप अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन सफलतापूर्वक किया। इस कार्यक्रम में गगरेट व अंब उपमंडल के ओद्योगिक संघ के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा और सचिव सुरेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, डिस्टिल एजुकेशन के एसोसिएट निदेशक विजय मुकुंद, बिजनेस हेड शशांक गुप्ता और रिलेशनशिप मैनेजर प्रिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया। ओद्योगिक संघ के सचिव सुरेश शर्मा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाना और शैक्षिक प्रशिक्षण और औद्योगिक रोजगार आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटना था। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में शशांक गुप्ता व विजय मुकुंद ने अप्रेंटिसशिप के लाभों को विस्तार से समझाया।

### शहीद क्रांतिकारी सराभा की पुण्यतिथि मनाई



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने महान क्रांतिकारी शहीद करतार सिंह सराभा की पुण्यतिथि पर शिवबाड़ी मे बच्चों के साथ फूल मालाएं अर्पित की ओर बच्चों को शिक्षा सामग्री बांटी ओर क्लब प्रधान मुनीश ठाकुर ने बच्चों को शहीद करतार सिंह सराभा की जीवनी के बारे में बताया।

### मानसी राणा का स्कूल पहुंचने पर स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के पौंग डैम में राज्यस्तरीय वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इसमें में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहडा स्कूल की मानसी राणा ने भी भाग लिया था, जिसमें उसका काफी बढ़िया प्रदर्शन रहा। मानसी राणा का शनिवार को स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल तथा अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल ने सभी छात्र-छात्राओं को मानसी राणा की तरह कड़ी मेहनत करने तथा स्कूल का नाम रोशन करने के प्रति जागरूक किया। जीवन मोदगिल ने मानसी राणा को आगे भी इसी तरह स्कूल क्षेत्र व माता-पिता का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

### वर्ल्ड स्पोर्ट फिटनेस में विवेक को मिला सिलवर

**अनंत ज्ञान, मुबारकपुर।** वर्ल्ड स्पोर्ट फिटनेस बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का बैंकॉक थाईलैंड में आयोजन किया गया, जिसमें भारत की तरफ से अलग-अलग स्टेट से प्रतिभागियों ने भाग लिया। हिमाचल की तरफ से विवेक शर्मा गांव भंजाल गगरेट विधानसभा क्षेत्र ने भाग लिया और विवेक शर्मा ने इस प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया और प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। गांव वासियों और आसपास के इलाकों में खुशी जताते हुए जीत पर बधाई दी है।




राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित, डीसी बोले-प्रशासन-मीडिया में संवाद के सहज प्रवाह के लिए हर तीन महीने में होगा 'परिचर्चा-संवाद सत्र'

# जनहित के मुद्दों को सामने लाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जनहित के मुद्दों को उजागर करने और इन्हें समाधान की दिशा में आगे बढ़ाने में प्रेस की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि मीडिया न केवल समाज के छुपे पहलुओं को सामने लाने का कार्य करता है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने और प्रशासनिक सुधार सुनिश्चित करने में भी सहायक है। उपायुक्त ने यह विचार शनिवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा ऊना में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। सम्मेलन में 'प्रेस का बदलता स्वरूप' विषय पर चर्चा की गई, जिसमें जिले के पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा किए।

उपायुक्त ने सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज के अनेक छुपे हुए पहलुओं को उजागर करता है और समाज की उन्नति में अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाता है। उन्होंने समाज के प्रति सबके साझे कर्तव्य पर जोर देते हुए व्यापक जनहति में साथ मिलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।



जिला मुख्यालय और उप मंडलों से पहुंचे पत्रकार उपायुक्त के साथ।

उपायुक्त ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो सजग, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से सत्य को जनता के समक्ष प्रस्तुत करता है। प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए ऊना में हर तीन महीने में 'परिचर्चा-संवाद सत्र' आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में सामयिक मुद्दों पर चर्चा होगी, जिससे प्रशासन को फीडबैक प्राप्त होगा और सुधारात्मक कदम उठाना सुगम होगा।

**परिचर्चा में पत्रकारों ने रखी अपनी बात :** जिला स्तरीय सम्मेलन में 'प्रेस का बदलता स्वरूप' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ और युवा पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बदलते समय में पत्रकारिता के महत्व, चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर विचार व्यक्त किए। इस मौके वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के आयोजन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय प्रेस परिषद ने 16 नवंबर 1966 को विधिवत अपना काम शुरू किया था, इसी उपलक्ष्य पर हर साल यह दिन मनाया जाता है। प्रेस दिवस निष्पक्ष व स्वतंत्र प्रेस मीडिया के संकल्प को मजबूती देने का अवसर है।

वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र कंवर ने पत्रकारिता के मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया साथ ही पत्रकारों की मजबूरियों व कठिनाइयों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद भी मीडिया अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करता रहा है। वरिष्ठ पत्रकार जसबीर ठाकुर ने कहा कि समय के साथ बदलाव स्वाभाविक है। पत्रकारिता के क्षेत्र में यह बदलाव और भी आवश्यक हो जाता है, लेकिन इस बदलते स्वरूप में तथ्यपूर्ण और सटीक समाचारों को समाज तक पहुंचाना सर्वोपरि होना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार किशोरी लाल बैंस ने इस बात पर जोर दिया कि मीडिया को अपने नैतिक मूल्यों के प्रति सजग रहना होगा।

वरिष्ठ पत्रकार जीवन शर्मा ने तथ्य आधारित पत्रकारिता की जरूरत पर चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारों को बदलते समय की चुनौतियों का सामना करते हुए अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार रणधीर जसवाल ने तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य में निष्पक्ष, तथ्यपूर्ण और सटीक समाचारों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ पत्रकार राजन चब्बा ने समाज निर्माण में पत्रकारों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पत्रकार न केवल समाज को दिशा देने का काम करते हैं, बल्कि उसकी जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं। वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने पत्रकारिता में पेशेवर चुनौतियों और मीडिया साक्षरता पर अपने विचार रखे, साथ ही नई तकनीकों के बढ़ते प्रभाव के बीच पत्रकारों को अपनी गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया।

प्रेस क्लब बंगाणा के अजय कुमार ने डिजिटल तकनीकों और इंटरनेट के प्रभाव के कारण पत्रकारिता में आए बदलावों पर चर्चा की। वरिष्ठ पत्रकार सुशील शर्मा ने पत्रकारों से समाज की अपेक्षाओं को रेखांकित किया। वरिष्ठ पत्रकार हरपाल सिंह ने पत्रकारिता में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनसे निपटने के लिए पत्रकारों के बीच आपसी एकता आवश्यक है। वरिष्ठ पत्रकार संदीप खड़वाल ने 'छोटे शहर का पत्रकार' शीर्षक से एक कविता प्रस्तुत कर छोटे शहरों में पत्रकारिता की मुश्किलों को दर्शाया। बंगाणा प्रेस क्लब के जोगिंदर देव आर्य ने पत्रकारिता में निष्पक्षता और सिद्धांतों की गरिमा बनाए रखने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया।

युवा पत्रकारों ने भी इस परिचर्चा में अपनी बात रखी। युवा पत्रकार अभिषेक ने डिजिटल मीडिया के लिए व्यापक नीति की आवश्यकता पर जोर दिया। युवा पत्रकार आशुतोष ने खबरों के प्रभाव और समाज पर उनके असर को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। युवा पत्रकार हरप्रीत ने सोशल मीडिया के प्रभाव और प्रसार पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर अन्यों के अतिरिक्त जिला भर के पत्रकार एवं जिला लोक संपर्क विभाग ऊना के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## संवैधानिक परंपराओं को तार-तार कर रही सूक्खू सरकार : जयराम

### कहा-बाहर अन्य प्रदेशों में कर रहे झूठा गारंटी का प्रचार, प्रदेश में खोखली है सूक्खू सरकार की गारंटियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए सूक्खू सरकार को प्रदेश के इतिहास की सबसे अलोकप्रिय, झूठी और असफल सरकार करार दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने के पहले दिन से ही सूक्खू सरकार ने संवैधानिक परंपराओं और प्रदेश की गरिमा का अपमान किया है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद सूक्खू ने मंत्रिमंडल की शपथ लेने से पहले ही मुख्य संसदीय सचिवों को शपथ दिलाकर संविधान का मजाक उड़ाया। हाल ही में हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को रद्द कर दिया, जो सरकार की असफलता का प्रमाण है। अब सरकार इन 6 विधायकों की सदस्यता रद्द करने से बच रही है, जबकि यह संवैधानिक दृष्टि से अनिवार्य है। भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ेगी।

**जनता का विश्वास टूटा, गारंटियां खोखली साबित :** जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की गारंटियां हिमाचल में पूरी तरह विफल रही हैं। दूसरे राज्यों में जाकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खू इन खोखली गारंटियों का प्रचार कर रहे हैं, लेकिन जनता ने सच्चाई समझ ली है। हरियाणा में हिमाचल की गारंटियों के नाम पर कांग्रेस को नकारा गया, और अब महाराष्ट्र व झारखंड में भी कांग्रेस का यही हश्र होगा।

**भ्रष्टाचार और अपनों को लाभ पहुंचाने का आरोप :** नेता प्रतिपक्ष ने सूक्खू सरकार को 'मित्रों की सरकार' बताते हुए कहा कि इस सरकार ने अपने करीबी मित्रों और सलाहकारों को कैबिनेट रैंक और अन्य लाभ देकर सरकारी खजाने को लूटने का काम किया है। भ्रष्टाचार के मामलों में मुख्यमंत्री के आसपास के लोग भी शामिल हैं। यहां तक कि ईडी द्वारा जांच और छापेमारी हो रही है। इसके बावजूद सूक्खू सरकार माफिया के हाथों में खेल रही है।

**रोजगार के वादों पर विफलता :** जयराम ठाकुर ने कहा कि सूक्खू सरकार ने एक लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में युवाओं को नौकरी से निकाला जा रहा है।

बिजली बोर्ड, श्रम रोजगार विभाग सहित कई विभागों में नियमित छंटनी हो रही है। भाजपा युवाओं के साथ खड़ी है और उनके हितों के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेगी।

#### हिमाचल को पीछे धकेला

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सूक्खू हिमाचल प्रदेश को 15 साल पीछे ले गए हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सरकार ने रिकॉर्ड स्तर पर लूट-खसोट मचाई है। भ्रष्टाचार हर विभाग में व्याप्त है, और सरकार को अपनी नियुक्तियों तक पर भरोसा नहीं। इसके लिए बड़े वकीलों की फौज तैनात की जा रही है, जिससे सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ रहा है।

#### जनता देगी करारा जवाब

जयराम ठाकुर ने कहा कि जनता ने कांग्रेस सरकार से विश्वास उठाकर हाई कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है। आने वाले समय में हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की गरिमा को बचाने के लिए भाजपा हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

## पत्रकारों ने अपनी मांगों के लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**अंनत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस इकाई बंगाणा द्वारा राष्ट्रीय पत्रकार दिवस के अवसर पर एक मांग पत्र एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। पत्रकारों की मुख्य मांगें, पंजाब हरियाणा की तर्ज पर पेंशन का प्रावधान किया जाए। पत्रकार कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। एक उचित वैव पालिसी/ डिजीटल मीडिया पालिसी का गठन किया जाए। मान्यता प्राप्त/ गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा किया जाए। हर सब डिविजन पर एक की बजाए दो तथा जिला स्तर पर तीन पत्रकारों को मान्यता दी जाए। इस मौके नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश ठाकुर सहित युद्धवीर सिंह, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर मिले पत्रकारों को पेंशनः गणपति



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** प्रेस क्लब हरोली ने शनिवार को एसडीएम हरोली के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष गणपति गौतम ने बताया की वर्ष 2019 से लेकर लगातार अपने स्तर पर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर राज्य स्तरीय प्रेस दिवस मनाते आ रहे हैं। इसमें प्रदेश के विधायकों को भी मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया जाता रहा है । और विधायको के माध्यम से अपने समस्याओं व मांगों का मांग पत्र पिछले कई वर्षों से सरकार के समक्ष रखा जाता रहा है, मगर अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ पाए हैं। उन्होंने अपने मांग पत्र में प्रदेश के पडोसी राज्य पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड की तर्ज पर पेंशन का प्रावधान किया जाए। (अनंत ज्ञान)

## स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें विधायक राकेश कालिया मुख्यातिथि रहे, जबकि प्रधानाचार्य वासुदेव ने समारोह की अध्यक्षता की।

वंदे मातरम और मां सरस्वती की वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षिक, खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों का विवरण दिया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा राजिंद्र कौशल ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कैसे मोबाइल छात्र जीवन में उपयोगी साबित हो सकते हैं और कैसे इसके दुरुपयोग से पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने मोबाइल का केवल पढ़ाई के लिए इस्तेमाल करने का आह्वान किया। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए पांच हजार रुपए देने की घोषणा करते हुए स्कूल भवन की रेलिंग के लिए डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इस समारोह में मुख्यातिथि ने आरुशी, नक्श, कार्तिक, अंश, दिव्यांश, गुरवाणी व मन्नत, प्राची, पारुल, रितिका ठाकुर व राशि, वशिष्ठ, पारुल, मनु, रितिका, नियति, अनुष्का, अंकित, आरव, मनु, रितिका, मोहम्मद अफजल आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




दौलतपुर चौक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

## डीसी जतिन लाल ने अंडर-12 खंड स्तरीय टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



आयोजकों के साथ ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने शनिवार को 28वें अंडर-12 खंड स्तरीय टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला दुलैहड़ में आयोजित इस टूर्नामेंट में 74 स्कूलों के 400 बच्चे भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, 50 और 100 मीटर की दौड़ सहित भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

शुभारंभ अवसर पर उपायुक्त ने प्रतिभागी टीमों के मार्च पास्ट की सलामी ली और छात्रों के उत्साह की सराहना की। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और समर्पण के महत्व की शिक्षा दी। साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में दृढ़ संकल्पित होकर आगे बढ़ने तथा अथक मेहनत के साथ हर मुकाम हासिल करने को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हंस राज, केंद्र मुख्य शिक्षण दुलैहड़ महेश शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य प्रवक्ता सर्वजीत राणा, प्राथमिक शिक्षक संघ खंड हरोली के अध्यक्ष विजय कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार, महासचिव विनोद राणा, कोषाध्यक्ष सुरेश, सह सचिव जसपाल, अमरजीत सहित अनय गणमान्य उपस्थित रहे।

## कमजोर वर्ग से संबंधित बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करें स्कूल प्रबंधक : उपनिदेशक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा ऊना सोम लाल धीमान ने जिला के सभी निजी स्कूलों व गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यो को स्कूलों में कमजोर वर्ग और वंचित समूह से संबंध रखने वाले 25 प्रतिशत बच्चों का दाखिला सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी पाठशालाओं के प्रबंधकों/प्रधानाचार्यों से स्कूल में नोटिस बोर्ड पर बच्चों की कुल संख्या, कमजोर वर्ग और वंचित समूह के तहत दाखिल हुए बच्चों की संख्या दर्शाना के निर्देश दिए हैं। यदि निरीक्षण के दौरान स्कूल के नोटिस बोर्ड पर बच्चों संबंधित संख्या नहीं पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## डाक विभाग मंडल ऊना के तहत 30 तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय डाक विभाग मंडल ऊना में 30 नवंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। दो सप्ताह तक चलने वाले इस स्वच्छता पखवाड़े का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। यह जानकारी मंडल प्रमुख भूपिंद्र सिंह ने दी। इस दौरान डाक विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण, पौधरोपण, प्रभात फेरी, गोष्ठियों का आयोजन, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता विषय पर निबंध लेखन और कला प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। डाक विभाग प्रतियोगताओं में स्वच्छ डाकघरों में से प्रथम तीन डाकघरों को मानदंडों के अनुसार चयनित कर पुरस्कार प्रदान करेगा। अभियान का मुख्य लक्ष्य डाकघरों को साफ-सुथरा रखना और कर्मचारियों को पर्यावरण अनुरूप जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

**आयोजन** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बात करके लेंगे स्वीकृति : विधायक विवेक

# प्राइमरी विंग में हर वर्ष होगा बाल मेला

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के थानाकलां प्राइमरी स्कूल में खंड स्तरीय प्राथमिक बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में कुलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं, कार्यक्रम में पहुंचने पर नन्हे मुन्ने बच्चों सहित स्टाफ ने मुख्यातिथि विवेक शर्मा का भव्य स्वागत किया तथा सम्मानित भी किया।

मुख्यातिथि विवेक शर्मा ने कहा कि प्राइमरी बिंग में बाल मेले का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए। इसकी सिफारिश हम मुख्यमंत्री सुक्खू से जरूर करके आदेश जारी करवाएंगे। विवेक शर्मा ने कहा कि मिडल, हाई पल्स टु ओर डिग्री कॉलेज में जिस प्रकार हर वर्ष वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह होते हैं और स्कूलों के छात्र अपनी प्रतिभा मंच के माध्यम से दिखाते हैं। उसी प्रकार प्राइमरी बिंग में भी नन्हे बच्चों के लिए बाल मेले का आयोजन होना जरूरी है। विवेक शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में तीन वर्ष के आयु पूर्ण होने पर अभिभावक बच्चे को स्कूल शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेज देते हैं। मेरा सभी स्कूल स्टाफ से यह आग्रह भी रहेगा कि अपने स्कूल के नन्हे छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलकूद ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षण दें।



विवेक शर्मा शहीद दिलवर खान के पिता-माता को सम्मानित करते हुए।

समाज के प्रति कुछ अलग करने का जज्बा इन नन्हे बच्चों के मन में शुरू से भर दें, ताकि जब यह बच्चे कॉलेज की पढ़ाई करने पहुंचे तो देश ओर समाज के लिए कुछ अलग करने का जज्बा मन में लेकर जाएं। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विवेक शर्मा ने विधायक निधि से स्कूल कार्यक्रम के लिए 5100 रुपए देने की घोषणा की और स्कूल की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक ओर पार्टी के नेता ओर कार्यकर्ता एवं विभिन्न स्कूलों के अध्यापक मौजूद रहे।

वहीं, कुटलैहड़ विस क्षेत्र के बढ़वार की डॉ. नीतिका राणा जो कि हाल ही में भारतीय सेना में बतौर कैप्टन पद पर सिलेक्ट हुई है। विधायक विवेक शर्मा ने थानाकलां कार्यक्रम के दौरान डा. निकिता राणा को मंच से सम्मानित करके बधाई ओर शुभकामनाएं दीं।

#### बुढ़वार की नीतिका बनी भारतीय सेना में कैप्टन




**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की बढ़वार पंचायत की नीतिका राणा का भारतीय सेना में बतौर कैप्टन स्वास्थ्य सिलेक्शन हुआ है, जिससे पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है। वहीं, भारतीय सेना में स्वास्थ्य विभाग के कैप्टन बनने पर स्थानीय जिला पार्षद सदस्य एवं जिला ऊना के पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने नीतिका राणा को सम्मानित भी किया। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो, कर्नल धर्मेंद्र पटियाल, देसराज गौतम, देसराज मोदगिल, रूमेंल कुमार, सुदेश कुमार बोहरा आदि सभी गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल की छात्रा डॉ. नीतिका भारतीय सेना में कैप्टन पद पर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डॉक्टर नीतिका ने आर्मी मेडिकल कॉप्स बैंच-2024 की परीक्षा उच्च श्रेणी में पास की। डॉक्टर नीतिका ने अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर इस सफलता को हासिल किया है। डॉ. नीतिका ने यह साबित किया है कि कठिन परिश्रम और अनुशासन से किसी भी मुश्किल को पार किया जा सकता है। वह बचपन से ही बुद्धिमान और संवेदनशील छात्रा रही है।



डॉक्टर नीतिका का बचपन से ही सपना था कि वह पढ़-लिखकर भारतीय सेना में अपनी सेवाएं प्रदान करे। डॉक्टर नीतिका ने 12वीं की परीक्षा वशिष्ट पब्लिक स्कूल से उत्तीण की। इसके उपरांत उन्होंने नीट की परीक्षा पास की तथा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा से एमबीबीएस की पढ़ाई की।

डॉक्टर नीतिका की माताजी रजनी बाला एक कुशल गृहिणी होने के साथ-साथ गांव बुढार की पूर्व प्रधान भी रह चुकी हैं और उनके पिताजी होशियार सिंह 'ऑर्डिनरी सूबेदार मेजर' भारतीय सेना से रिटायर्ड हैं।

उन्होंने कहा कि बेटी की उपलब्धि पर उनके परिवार व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि नीतिका शुरू से ही होनहार और लक्ष्य उन्मुख विद्यार्थी रही हैं। इसमें उनके विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर योगदान रहा है।

प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि नीतिका का भारतीय सेना में कैप्टन के रूप में चयन विद्यालय और उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने उनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वह भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देकर देश का नाम और भी ऊंचा करें।

## न्यूज ब्रीफ

### खखनाल में पुल के नीचे मिला शव

**मनाली।** कुल्लू के खखनाल के कोहिल गांव में युवक का शव पुल के नीचे बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान सोहन सिंह (30) पुत्र रोशन सिंह निवासी कोहिल मनाली के रूप में हुई है। डीएसपी केडी शर्मा ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मौत के पीछे रहे सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल सकेगा।

### बिरसा मुंडा के जीवन परिचय को दिखाया



**मनाली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई ने कॉलेज में बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य पर उन्हें पुष्पांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत हरिपुर कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शेफाली द्वारा की गई। इसके बाद अन्य अध्यापक गणों द्वारा बिरसा मुंडा के चित्र पर फूल बरसाकर उन्हें पुष्पांजलि दी गई। इसके बाद स्टूडेंट्स और कार्यकर्ताओं ने फूल चढ़ाकर पुष्पांजलि दी। पुष्पांजलि के बाद कॉलेज में नारेबाजी की और उसके बाद कॉलेज में स्मार्ट टीवी के माध्यम से विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा की कहानी जीवन परिचय को दिखाया गया, जिसमें कॉलेज के अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद भारत माता के जयकारों से कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

### स्कूलों में दी जा रही मासिक धर्म पर जानकारी



**बंजार।** द हंस फाउंडेशन एमएमयू बंजार द्वारा बंजार ब्लॉक की अनेक पाठशालाओं में मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी जा रही है। मासिक धर्म पर जागरूकता अभियानों के साथ-साथ मेडिकल ऑफिसर्स द्वारा किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है और साथ ही हाइजीन संबंधी जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं। 12 से अधिक पाठशालाओं में किशोरियों को सेनेटरी किट्स भी वितरित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए द हंस फाउंडेशन बंजार के मेडिकल ऑफिसर्स डॉ. निखिल शर्मा, डॉ. साहिल राणा, डॉ. प्रशांत और डॉ. वैशाली तथा सोशल प्रोटेक्शन ऑफिसर्स कृति, अमरदीप, दिव्या, बापी, लैब टेक्नीशियनस जगदीश, चरणजीत, अक्षय, सौरव, व फार्मासिस्ट्स आदि महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते आ रहे हैं।

### खो-खो में हमीरपुर कॉलेज पहले स्थान पर



**आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में तीन दिवसीय एचपीयू इंटर कॉलेज (पुरुष वर्ग) खो-खो प्रतियोगिता का विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह में आनी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता में हमीरपुर कॉलेज ने पहला, राजकीय महाविद्यालय बासा ने दूसरा तथा एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर ने तीसरा स्थान हासिल किया। एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के छात्र शुभम ठकराल बेस्ट रनर, हमीरपुर कॉलेज के ललित कुमार बेस्ट चेजर और हमीरपुर कॉलेज के ही हंश राज को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। मुख्यातिथि डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने सभी विजेता टीमों को बधाई देते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कॉलेज के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को बधाई दी।

### डीसी ने मॉडल व अन्य विषयों की जानकारी ली

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित अटल सदन में जिला स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में कुल्लू के विभिन्न शिक्षा खंड से स्टूडेंट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल मेले का शुभारंभ डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने छात्रों के द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के मॉडल व अन्य विषयों की भी जानकारी ली। इससे पहले कुल्लू में खंड स्तर पर बाल मेले का आयोजन किया गया था और खंड स्तर पर विजेता रहने वाले स्टूडेंट्स का चयन जिला स्तर के लिए किया गया था। इस बाल मेले में लयबद्ध अभिनय गीत, ड्राइंग एवं पेंटिंग, कहानी कथन, सुलेख प्रतियोगिता, विज्ञान प्रयोग एवं प्रदर्शन, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शनी, रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता, विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी, कविता वाचन आदि प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। इसके अलावा एकल गान, नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, समूह नृत्य, नाटक, एकल गान, नृत्य प्रतियोगिता, नाटक कठपुतली प्रदर्शन आदि करवाए जा रहे हैं।

### पत्रकारों को लेखनी बदलने की जरूरत : रमण

**मनाली।** पत्रकारिता का स्वरूप तो बदला है, लेकिन पत्रकारों की लेखनी नहीं। यह शब्द उपमंडलाधिकारी नागरिक मनाली रमण कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर उपमंडल मनाली में आयोजित कार्यक्रम में कहे। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता का दौर बहुत ही कठिन दौर है। डिजिटल मीडिया के चलते आप अपनी खबरों को लोगों तक तो आसानी से पहुंचा सकते हो, लेकिन बदलते दौर के साथ पत्रकारिता का स्तर भी बदलना होगा। समाज के हित में कार्य करते हुए खुद को आने वाले समय और तकनीक के साथ अपडेट करना होगा। इस अवसर पर डीएसपी मनाली केडी शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इंटरनेशनल प्रेस क्लब मनाली के सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर प्रेस के बदलता स्वरूप विषय पर अपने-अपने विचार रखे।

# लाहौल-स्पीति में नदी, नालों में पानी जमना शुरू

## ब्लैक आइस के खतरे के मद्देनजर लाहौल-स्पीति पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, नदी, नालों से दूर रहने की अपील





लाहौल-स्पीति में पुलिस जवान पर्यटकों व स्थानीय लोगों को ब्लैक आइस के खतरे के मद्देनजर लाउडस्पीकर से नदी, नालों से दूर रहने की अपील करते हुए (दाएं) नदी, नालों के करीब फोटो खिंचवाते पर्यटक।

**कमलेश वर्मा, केलांग**

हिमाचल प्रदेश सहित कुल्लू व जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में पिछले काफी समय से मौसम शुष्क बना हुआ है।

ऐसे में जिले के पहाड़ों में पारा जमाव बिंदु से नीचे चला गया है। इस कारण लाहौल-स्पीति की कई झीलें, झरने, नदियां और नाले जमना शुरू हो गए हैं। इस कारण लाहौल-स्पीति में भी ब्लैक आइस का खतरा बढ़ गया है। इसके मद्देनजर जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए पर्यटकों व स्थानीय लोगों से नदी, नालों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। जिले में जगह-जगह पुलिस जवान लाउड स्पीकर के माध्यम से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को नदी, नालों के करीब न जाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। लाहौल-स्पीति में मौसम परिवर्तन से ठंड बढ़ गई है। ऐसे में ब्लैक आइस जम गई है, बाहरी राज्यों से यहां घूमने आ रहे पर्यटक नदी, नालों के करीब जाकर फोटो व सेल्फी लेते हैं, जिस कारण हादसे का अंदेशा बना रहता है। इसको लेकर पुलिस सतर्क है और लोगों को जागरूक कर रही है।

वहीं, पारा गिरने से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। सबसे कम तापमान लाहौल-स्पीति के ताबो में रिकॉर्ड किया गया है। नदी, नालों में पानी जमना शुरू हो गया है। जिला लाहौल-स्पीति पुलिस अधीक्षक मंयक चौधरी ने पर्यटकों से सावधानियां बरतने और नदी-नालों से दूरी बनाए रखने की अपील की है, ताकि सर्दी के मौसम में किसी तरह का जानमाल का नुकसान न हो। इसे देखते हुए सभी थाना प्रभारियों को नदियों, नालों, सड़कों आदि पर ब्लैक आइस से संबंधित एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पर्यटकों, स्थानीय लोगों को सुरक्षा के उपाय और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए आवश्यक सूचना दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### रोहतांग सहित शिंकुला और बारालाचा दर्रे में गिरे बर्फ के फाहे

**लंबे** अरसे बाद मौसम ने करवट बदली है। शनिवार को रोहतांग सहित शिंकुला व बारालाचा दर्रे में बर्फ के फाहे गिरे हैं। बादल छा जाने से रोहतांग के निकटवर्ती स्थलों में भी हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसानों व पर्यटन कारोबारियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। आज बर्फ की उम्मीद लिए रोहतांग दर्रे में पांच सौ से अधिक पर्यटक वाहनों में लगभग चार हजार पर्यटक पहुंचे। बर्फ न पड़ने से उन्हें निराशा हुई, लेकिन ठंडा मौसम देख पर्यटक खासे उत्साहित हुए। देर शाम को मौसम मेहरवान हुआ और दर्रे में बर्फ के फाहे गिरे। शनिवार को शिंकुला व बारालाचा दर्रे में बर्फ के फाहे गिरे, लेकिन लेह लद्दाख सहित जंस्कार घाटी की ओर वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। रोहतांग के पर्यटन कारोबारी वेद राम, कमलेश व तुला ने बताया कि शनिवार देर शाम को दर्रे में बर्फ के फाहे गिरे। रोहतांग दर्रे में भारी बर्फबारी की उम्मीद बढ़ी है। होटल एसोसिएशन मनाली के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि मौसम के करवट बदलने से पर्यटन कारोबारियों को राहत मिलेगी। देश भर के पर्यटक मनाली में बर्फबारी होने का इंतजार कर रहे हैं। हिमपात होने की सूरत में यहां पर्यटकों का सैलाब उमड़ेगा।

## जाहलमा में पांचवें दिन भी जारी रहा सांकेतिक धरना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जाहलमा में पांचवें दिन सांकेतिक धरना करते हुए लोग।

शनिवार को जाहलमा में सांकेतिक धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। सांकेतिक धरने के इस बीच विधायक अनुराधा राणा ने दूसरी बार अनशनकारियों से मिलकर सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों से अवगत करवाया।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जाहलमा नाला और चंद्रभागा नदी के तटीकरण के लिए दो करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है। उन्होंने अनशनकारियों से अपील की है कि आंदोलन छोड़कर सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों का साथ दें। दो करोड़ रुपए की राशि जारी होने के बाद प्रभावित छह पंचायत के प्रतिनिधियों ने भी अपने क्षेत्र के लोगों से अनशन खत्म करने की अपील की है। लिंडूर गांव के नीचे भूस्खलन के कारण चंद्रभागा तट के साथ भी भारी भूस्खलन हुआ है, जिस कारण जोबरंग, जाहलमा, हालिंग, फूड़ा, जसरथ, जुंडा और ताडंग की जमीनों का भारी नुकसान हुआ है। लिहाजा उक्त पंचायतों की महिलामंडल पिछले पांच दिनों से सांकेतिक धरने पर बैठी हैं। दो दिन पहले ही विधायक इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री से मिली, जिसके बाद हिमाचल सरकार ने राहत कार्यों के लिए दो करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी की है। विधायक ने बताया कि इस राशि से पहले प्रभावित क्षेत्र में काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा, जैसे बजट की आवश्कतानुसार और बजट मांगा जाएगा। अनुराधा राणा ने कहा कि राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को लगभग 25 करोड़ का डीपीआर भेजी गई है। इसके लिए जल्द वह एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली जाएंगी।

उधर, सांकेतिक अनशन के संयोजक सुदर्शन जस्पा ने कहा कि यह आंदोलन कोई राजनीति का नहीं, बल्कि प्रभावित लोगों के हकों की लड़ाई है। कहा, कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य और केंद्र सरकार प्रभावित क्षेत्र के लिए पर्याप्त बजट जारी करेगी।

### विधायक और जनता के बीच संवाद जारी



**अपनी** मांगों को लेकर 5 दिन से अनशन पर बैठे जाहलमा के आसपास की 6 पंचायतों के ग्रामीणों से विधायक अनुराधा राणा ने शनिवार को भी मुलाकात की। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के अनुकंपा से उन्होंने 6 पंचायतों के लिए 2 करोड़ का विशेष पैकेज स्वीकृत करवाया है। उन्होंने बताया कि बजट का उपयोग होने पर अतिरिक्त धनराशि का भी प्रावधान करवाया जाएगा।

## मनाली में मकान से 920 ग्राम चरस बरामद, एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



मनाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ओल्ड मनाली में एक रिहायशी मकान से 920 ग्राम चरस बरामद की।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जानकारी के अनुसार मनाली पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओल्ड मनाली में एक व्यक्ति मादक पदार्थों का व्यापार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी उदे राम (42) पुत्र तवारसू राम निवासी ओल्ड मनाली के मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी के घर से 920 ग्राम चरस बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और यह भी खुलासा किया जाएगा कि आरोपी का नशे के कारोबार से जुड़ा नैटवर्क कहां तक फैला हुआ है और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं। सनद रहे कि कुल्लू में नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों के खिलाफ पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आनी की छात्राएं करेंगी प्रदेश का नेतृत्व



राज्य स्तर पर पहला स्थान हासिल करने के बाद छात्राएं मुख्यातिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, आनी**

उपमंडल मुख्यालय आनी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने लोकनृत्य में राज्य स्तर पर पहला स्थान हासिल किया।

इसके अलावा एकल गान में भी पहला स्थान हासिल किया है। अब कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी की छात्राएं हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व करते हुए भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विद्यालय के प्रिंसिपल जवाहर ठाकुर ने बताया कि निरमंड के पीएम श्री राजमाता शांति देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में राजकीय कन्या जमा दो विद्यालय आनी ने अपना वर्चस्व कायम रखा। विद्यालय की छात्राओं की इस उपलब्धि पर जवाहर ठाकुर ने सभी विजेता प्रतिभागियों समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शिक्षकों, एस्कॉर्ट समेत स्टाफ को बधाई दी।

### आटो चालक ने दिखाई ईमानदारी

**मनाली।** मनाली के आटो चालक खेख राम ने पर्यटक का डेढ़ लाख का फोन लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। गत शुक्रवार रात को हरियाणा के पर्यटक मानवीर का आई फोन आटो में ही रह गया। होटल जाकर पर्यटक को पता लगा की फोन गुम है। आटो चालक आटो अपनी पार्किंग में खड़ा कर घर चला गया। आटो से जाती बार पर्यटक के दोस्त ने आटो चालक को गूगल-पे किया था, जिसके चलते आटो चालक का नंबर उनके पास आ गया था। रात को पर्यटक ने आटो चालक को फोन किया और मोबाइल गुम होने की बात कही। आटो चालक जब आटो के पास आया, तो मोबाइल आटो में सीट के नीचे गिरा पाया। आटो चालक ने पर्यटक को सुबह मोबाइल लौटाने की बात कही। सुबह अपना फोन देखकर पर्यटक खुश हो गया। आटो यूनियन के अध्यक्ष मोती राम ने भी आटो चालक के कार्य को सराहा। मोती राम ने कहा कि मनाली के आटो चालक पांच महीने के भीतर पर्यटकों का लगभग आठ लाख का सामान लौटा चुके हैं।

### कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित





कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक उत्सव पर मेधावियों को सम्मनित करते हुए (दाएं) सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ने अटल सदन कुल्लू में धूमधाम से अपना वार्षिक उत्सव मनाया।

स्कूल के वार्षिक समारोह में एनएचपीसी-तीन के ग्रुप जीएम प्रकाश चंद ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इसके साथ ही सतेंद्र पाल सिंह एसोसिएट डायरेक्टर आकाश इंस्टिट्यूट भी विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान स्कूल के एमडी सुरेश कुमार सहित स्कूल प्रबंधक द्वारा मुख्यतिथि का कुल्लवी रीति-रिवाज से स्वागत और अभिनंदन किया गया। इसके बाद मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इसके बाद कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने एक के बाद एक रंगारंग सांस्कृतिक व आधुनिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल एमडी सुरेश कुमार ने इस दौरान स्कूल के सालभर की गतिविधियों का ब्यौरा भी दिया और स्कूल की गतिविधियों को सभी से साझा किया। वार्षिक समारोह में शामिल मुख्यातिथि एनएचपीसी तीन के ग्रुप जीएम प्रकाश चंद ने स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया और स्कूल की खूब सराहना की और पढ़ाई तथा विभिन्न गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल की हर एक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक व आधुनिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित गया। कार्यक्रम के आखिर में स्कूल एमडी सुरेश कुमार ने सबका आभार व्यक्त किया।

**आयोजन** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के जिला स्तरीय समारोह कुल्लू में डीसी रहीं मुख्यातिथि

# मीडिया समाज का प्रतिबिंब व सभी क्षेत्रों में अहम भूमिका : तोरुल रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू में आयोजित जिला स्तरीय प्रेस दिवस के अवसर पर मुख्यातिथि डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश के साथ पत्रकार।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के जिला स्तरीय समारोह का आयोजन परिधि गृह कुल्लू में शनिवार को किया गया।

डीसी तोरुल एस रवीश ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए मीडिया से जुड़े समस्त सदस्यों को प्रेस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रेस दिवस मनाने का उद्देश्य मीडिया की स्वतंत्रता का स्मरण करने के साथ-साथ पत्रकारों को इस बात का भी आत्मविश्लेषण करने का मौका है कि हम कितनी विश्वसनीय और सटीक पत्रकारिता कर समाज में अपना योगदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया की सभी क्षेत्रों में अहम भूमिका है। सामाजिक क्षेत्र हो या फिर राजनीतिक कहीं पर भी मीडिया को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। खबरों से अपडेट रहना व्यक्ति का स्वभाव है और मीडिया समाज को सूचना व जानकारी का संचार बखूबी कर रहा है। उन्होंने प्रेस दिवस का थीम प्रेस के बदलते स्वरूप पर अपने वक्तव्य में कहा कि संविधान में सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त है। आज प्रेस का स्वरूप समय के साथ काफी बदल गया है। सूचनाओं के आदान-प्रदान में न केवल तेजी आई है, बल्कि इसका वॉल्यूम में भी वृद्धि हुई है। नई तकनीक ने भी प्रेस के स्वरूप को बदला है, ऐसे में कुछ नए रास्ते निकलने के साथ नई चुनौतियां भी प्रेस के समक्ष आई हैं। मीडिया समाज का प्रतिबिंब है और इसलिए यह जरूरी है कि मीडिया सामाजिक मुद्दों को बिना किसी भय के और पक्षपात के जनता के सामने उजागर करे तथा गंभीर तथ्यपरक पत्रकारिता के लिए आज भी समाज में उतनी ही अधिक मांग है, जितनी पहले हुआ करती थी। इस वर्ष के दिवस का थीम प्रेस का बदलता स्वरूप पर चर्चा करते हुए जिले भर से आए हुए पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखे तथा प्रेस की विश्वसनीयता को बरकरार रखने तथा लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में अपनी सशक्त भूमिका अदा करने पर भी मंथन किया। चर्चा में भाग लेते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष धनेश गौतम, श्याम कुल्लवी, धर्मचंद यादव, प्रिया आदी ने अपने विचार रखे। सहायक लोक संपर्क अधिकारी जय प्रकाश शर्मा ने अपने वक्तव्य में मुख्यातिथि सहित समस्त पत्रकार समुदाय का स्वागत प्रेषित किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब कुल्लू के आजीवन मानद सदस्य दिनेश सेन सहित जिले के विभिन्न पत्रकारों ने शिरकत की।

## जिम्मेदार व स्वतंत्र मीडिया वर्तमान समय की जरूरत



राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम व पत्रकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय प्रेस परिषद द्वारा मीडिया का बदलता स्वरूप पर विस्तार से कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है और समय के साथ मीडिया में भी बदलाव आया है। आजादी से पहले मीडिया का स्वरूप उपनिवेश के खिलाफ था। आजादी के बाद राष्ट्रीयता की भावना से मीडिया कार्य करता है। उन्होंने कहा कि 1990 के उदारीकरण दौर में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काफी विस्तार आता है। मीडिया में सबसे अधिक बदलाव डिजिटल क्रांति के बाद देखने को मिला है, जब से इंटनेट की पहुंच हर व्यक्ति तक हुई है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुकाबले किसी भी विषय में राय बनाने में सोशल मीडिया ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है, लेकिन इससे गलत सूचनाओं के फैलने की चुनौतियां भी हमारे सामने आई हैं।

मीडिया का व्यवसायीकरण होना भी वर्तमान समय में एक बड़ा मुद्दा बन गया है। आज के दौर में जिम्मेदार और स्वतंत्र मीडिया बहुत जरूरी है, ताकि सही सूचनाएं लोगों को मिलें और उसी अनुसार लोग अपनी राय बनाएं। उन्होंने कहा कि मीडिया को प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है और अगर यह चौथा स्तंभ मजबूत नहीं होगा, तो प्रजातंत्र की इमारत गिरने लगेगी। वर्तमान समय में पत्रकार ही नहीं, आम नागरिक भी खबरें बना रहे हैं। उन्हें किस तरह से नियंत्रित कर सकते हैं उसके बारे में भी सोचने की आवश्यकता है।



# सोलन शहर की सीवरेज ट्रीटमेंट योजना अधर में

## प्रदूषित माहौल में जीने को मजबूर लोग, जोन बी के मात्र 600 भवन ही सीवरेज योजना से कनेक्ट हो पाए

**आर मोहन चौहान, सोलन**


शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के जोन बी का कार्य पूरा हुए करीब दो दशक बीत गए पर इसमें आज तक लक्ष्य के मुताबिक भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हुई। इस अवधि में जोन बी के मात्र 600 भवन ही सीवरेज योजना से कनेक्ट हो पाए, जबकि लक्ष्य 3000 भवनों को जोड़ने का है। योजना के तहत सोलन के पटराल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बने डेढ़ दशक का समय बीत चुका है पर सीवरेज की लाइन से भवनों की कनेक्टीविटी नहीं होने से यह विभाग के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है।

ट्रीटमेंट प्लांट से शहर के सर्कुलर रोड, लक्कड़ बाजार, टैंक रोड, ऑफिसर कॉलोनी, डाइट रोड, कोटलाना, मधुवन कॉलोनी, सन्नी साइड, राजगढ़ रोड व डिग्री कॉलेज के आसपास बने भवनों की सीवरेज लाइन को कनेक्ट किया जाना है। विभागीय उदासीनता के चलते अधिकतर भवन मालिकों ने सीवरेज लाइन से जुड़ने में रुचि नहीं दिखाई। इसका असर यह हुआ कि कई भवन मालिकों ने खुले नालों में ही सीवर छोड़ दी। इससे नालों में पनप रही प्रदूषित हवा आवासीय कॉलोनियों तक पहुंचने से लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का कार्य कर रही है। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम आवेदन आने पर सीवरेज कनेक्टिविटी कर रही है। जमीनी विवाद के कारण कनेक्टिविटी में दिक्कत आ रही है। जलशक्ति विभाग ने शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सरकार को डीपीआर भेजी है। योजना की मंजूरी पर सीवरेज कनेक्टिविटी में आसानी होगी।

**उषा शर्मा, मेयर नगर निगम, सोलन।**



सोलन शहर।

### जोन ए व सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनने बाकी

**योजना** के तहत अभी शहर के जोन ए व जोन सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनने बाकी हैं। जोन ए के तहत नड़ोह और जोन सी के कथेड़ में सीवरेज प्लांट बनाया जाना है। दोनों जोन में करीब 5 हजार भवनों के सीवरेज को मुख्य लाइन से कनेक्ट किया जाएगा। दोनों ट्रीटमेंट प्लांट्स को पूरा होने में करीब 60 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि की जरूरत है। इसके लिए जलशक्ति विभाग ने रिवाइज डीपीआर तैयार की है। ट्रीटमेंट प्लांट के चालू होने की स्थिति में न केवल खाद का उत्पादन होगा, बल्कि ट्रीट किए पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा सकेगा पर विभागीय उदासीनता के चलते आज तक यह कार्य लंबित होता रहा है। योजना में देरी होने से शहर के नाले प्रदूषित हो रहे हैं, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

### पर्यावरण को भी खासा नुकसान

**जोन बी** में बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की मुख्य लाइन से भवनों की कनेक्टिविटी का जिम्मा आईपीएच व निगम का है। दोनों विभागों में तालमेल की कमी के चलते भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हो पा रही है। नगर परिषद ने जोन बी में बने भवनों की कनेक्टिविटी के लिए आईपीएच को करीब एक करोड़ रुपए की राशि भी जारी की, लेकिन ठेकेदारों की कार्यप्रणाली से काम अधर में लटक गया। इससे पता चलता है कि संबंधित विभाग लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के लिए कितने गंभीर हैं। खुले में छोड़ी गई सीवर लाइनों से जहां हमेशा बीमारियां पनपने का खतरा रहता है साथ ही इससे पर्यावरण को भी खासा नुकसान होता है। खुले में छोड़ी जा रही सीवर लाइनों से प्राकृतिक जलस्रोत भी दूषित हो रहे हैं।

### इन जगह खुले में छोड़ी गई सीवर लाइन

**सीवरेज** सिस्टम नहीं होने से नालों के आसपास बनी कॉलोनियों की सीवर लाइनों को खुले में छोड़ा गया है। शहर के गंज बाजार, शक्तिनगर, मोहन कॉलोनी, अप्पर बाजार के आसपास के घरों की सीवर खुले नाले में छोड़ी गई हैं, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। इसी तरह वार्ड सात के धोबीघाट, वार्ड-11 के कोटलानाल, वार्ड-8 के शूलिनी नगर, वार्ड-13 के कलीन और वार्ड-15 की हाऊसिंग कॉलोनी फेज-एक व दो में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं होने से पास के नालों में सीवरेज छोड़ी गई है। कॉलोनी के फेज-एक में जहां सेप्टी टैंक का निर्माण तो किया गया, लेकिन इसमें भवनों की सीवर लाइन कनेक्शन करने के बजाए खुले में छोड़ी गई है। इसी तरह शहर में कई जगहों पर सड़क किनारे बनी नालियों में सीवरेज बह रही है। इसी तरह वार्ड-1, 2, 3, 4, 5, 6, 8, 12, 13, 14, 15, 16 और वार्ड-17 में भी अधिकतर भवनों में सेप्टी टैंक नहीं होने से सीवरेज को खुले नालों में छोड़ा गया है।

# कल्पा में रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक तैयार, युवा खेल में लें रुचि: विक्रम नेगी

**अनिल नेगी, कल्पा**



किन्नौर जिले के कल्पा के अंदर रोलर एंड आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रयासों से रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक बनकर तैयार हो गया है, जिसका लोकार्पण हिमाचल प्रदेश के बागवानी, राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया है, जिसकी जानकारी रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह नेगी ने रिकांगपिओ में शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान दी है।

विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि किन्नौर जिले में युवाओं व स्कूली स्टूडेंट्स को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूती के लिए रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक एसोसिएशन द्वारा कल्पा में रिंक तैयार किया है, जिसका मुख्य श्रेय कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी को जाता है। कल्पा के अलावा जिले के ऐसे सभी स्कूल जहां पर बास्केटबॉल कोट है, वहां भी इस खेल को शुरू करने के लिए काम किया जा रहा है और जिन स्कूलों में इस खेल के लिए मैदान नहीं है, उन स्कूलों में भी रोलर खेल के मैदान निर्माण के लिए एसोसिएशन व सरकार प्रयास कर रही है। इस खेल में रुचि रखने वाले बच्चों व युवाओं को रोलर स्केट्स व अन्य किट्स निशुल्क मुहैया करवाया जाएगा। विक्रम सिंह नेगी ने कहा रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक में जहां बच्चों, युवाओं व अन्य लोगों को खेल का आनंद मिलेगा। वहीं, दूसरी ओर पर्यटन की दृष्टि से भी यह खेल व रिंक पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेगा। कल्पा स्थित रोलर एंड आइस स्केटिंग रिंक में युवाओं बच्चों के लिए जल्द एक कोच भी मुहैया करवाया जाएगा, ताकि इस खेल के माध्यम से स्कूली बच्चे युवा राज्य व राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सके। इस दौरान उनके साथ जिला रोलर एंड आइस स्केटिंग एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हितेश नेगी, चंद्र मोहन नेगी, को-ऑर्डिनेटर राकेश चारस, कोषाध्यक्ष विपुल कांत नेगी, प्रेस सचिव कुलवंत नेगी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# प्रेस क्लब ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश यूनियन आफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष रणेश राणा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिए गए। इसी कड़ी में प्रेस क्लब राजगढ़ ने भी एसडीएम कार्यालय राजगढ़ के अधीक्षक रणदीप सिंह के माध्यम से प्रेस क्लब राजगढ़ के अध्यक्ष वेद प्रकाश की अध्यक्षता में अपनी मांगों का ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा।

यूनियन वर्ष-2019 से लेकर लगातार अपने स्तर पर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर राज्य स्तरीय प्रेस दिवस मनाती आ रही है, जिसमे प्रदेश के विधायकों को भी मुख्यातिथि के रूप मे आमंत्रित किया जाता रहा है, विधायकों के माध्यम से अपनी समस्याओं व मांगों का एक मांग पत्र सरकार के समक्ष रखा जाता रहा है। इसके अतिरिक्त यूनियन ने समय-समय पर राज्यपाल व सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सचिव से शिमला में मिलकर उनको अपनी समस्याओं व कठिनाइयों से अवगत करवाया है, मगर अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ पाए हैं। इसलिए इस बार यूनियन ने एक मत से राष्ट्रीय प्रेस दिवस नहीं मनाने का निर्णय लिया था। इस मौके पर प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर अपनी मांगों के ज्ञापन स्थानीय प्रशासन के माध्यम से सरकार को भेजे गए, जिसमें पत्रकारों को ईएसआईसी के अंतर्गत सुविधाएं प्रदान की जाएं। सभी पत्रकारों को 20 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा का प्रयोजन किया जाए।

# बेस्ट हाउस अंबेडकर, स्टूडेंट ऑफ दी एयर समीक्षा नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

एसडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रिकांगपिओ ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। समारोह के मुख्यातिथि ओम प्रकाश नेगी पूर्व अध्यक्ष अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ किन्नौर रहे।

मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य तौर से चेयरपर्सन एसडी सीनियर सेकेंडरी, पब्लिक स्कूल चैन कुमारी नेगी व प्रधानाचार्य एसडी पब्लिक स्कूल नीतिका पंकज ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व समारोह का मुख्य आकर्षण किनौरी नृत्य, पहाड़ी नृत्य, पंजाबी नृत्य, हिप हॉप, भांगड़ा, नेपाली नृत्य रहा। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ओपी नेगी ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों व



अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों को भाग लेने की अपील की। वर्ष-2024 का बेस्ट हाउस अंबेडकर हाऊस, स्टूडेंट ऑफ दी एयर समीक्षा नेगी, बेस्ट मॉनीटर श्रुति नेगी, बेस्ट अटेंडेंस ऑफ दी स्कूल सारा और नित्या रही। मुख्यातिथि ओपी नेगी ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने गुणावत्ता शिक्षा पर बल देने का सुझाव दिया। बच्चों के गुणात्मक शिक्षा पर अविभावकों को बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

# समाज के मार्गदर्शक के लिए स्व-नियमन आवश्यक : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि समाज का मार्गदर्शन करने वाले मीडिया के लिए स्व-नियमन आवश्यक है।

मनमोहन शर्मा राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद द्वारा आज के लिए सुझाए गए विषय 'प्रेस का बदलता स्वरूप' पर सारगर्भित चर्चा की गई। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का आधार है और स्वतंत्रता पूर्व के समय से लेकर आज तक मीडिया, समाज, सरकार एवं संस्थाओं को फीडबैक के माध्यम से सही राह दिखाने का कार्य कर रहा है। मीडिया के लिए संविधान प्रदत्त नियमावली के साथ-साथ स्वयं के लिए बनाए गए नियमों का पालन करना आवश्यक है। सूचना के अति प्रवाह के वर्तमान समय में यह जरूरी है कि मीडिया ऐसे नियमों का पालन अवश्य करे, जो देश, प्रदेश व समाज के हित में हों। डीसी ने कहा कि समाचार संप्रेषण के कार्य में विश्वास का होना आवश्यक है और उत्तरदायित्व की भावना के साथ की गई रिपोर्टिंग आमजन में विश्वास का संचार करती है। आज पत्रकारिता का कार्य प्रकाशन से कहीं आगे बढ़कर डिजिटल हो गया है। आज लोगों को अपने मोबाइल पर सभी समाचार पलक झपकते ही प्राप्त हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर रिपोर्टिंग ने मीडिया के आयाम बदल दिए हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि कृत्रिम मेधा के आविर्भाव ने पत्रकारिता के समक्ष असीम संभावनाओं और चुनौतियों के द्वार खोल दिए हैं। कृत्रिम मेधा जहां पत्रकारिता के कार्य को सुगम बना रही है। वहीं, भविष्य में इसके कारण मीडिया को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए और अधिक सजग होकर कार्य करना होगा। तकनीक वरदान के साथ-साथ अभिशाप भी बन सकती है। इससे सफलतापूर्वक निपटने के लिए अन्य क्षेत्रों की तरह मीडिया को भी तकनीक का गुलाम बनने से बचना होगा।




ज़िला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते डीसी मनमोहन शर्मा।

डीसी ने कहा कि मीडिया को यह सुनिश्चित बनाना होगा कि लोगों तक सत्य पहुंचे और समाचार एवं विश्लेषण स्टीकता की कसौटी पर खरे उतरें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस मीडिया में अपना सच्चा मित्र तलाशता है और सही समाचार तथा उचित फीडबैक के माध्यम से मीडिया इस कसौटी पर खरा उतर सकता है। उन्होंने मीडिया कर्मियों से आग्रह किया कि प्रदेश एवं ज़िला के विकास के समाचारों के साथ-साथ जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाए।

# 13 से 15 तक नालागढ़ में होगा जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेला

**अनंत ज्ञान, सोलन**



जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेला इस वर्ष सोलन जिले के नालागढ़ में 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी डीसी सोलन एवं जिला रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से बैठक की अध्यक्षता की।

नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसडीएम कार्यालय नालागढ़ के सभागार में आयोजित इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव, नालागढ़ उपमंडल के अधिकारियों सहित बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति बैठक में उपस्थित रहे। मनमोहन शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से जानकारी दी कि जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेला 13 से 15 तक नालागढ़ स्थित हेरिटेज पार्क में मनाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले का शुभारंभ करेंगे। नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा ने इस अवसर पर सभी को मेले की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नालागढ़ में लगभग 5 वर्षों के उपरांत जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया जा रहा है। रेडक्रॉस मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अधिक से अधिक धनराशि जुटाना है। जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी किए और सभी अधिकारियों से सुझाव मांगे। उन्होंने मेले की सफलता के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के सफल आयोजन के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक ने स्वयं सहायता समूह तथा उद्योगपतियों से रेडक्रॉस मेले में प्रदर्शनी व बिक्री स्टॉल लगाने का आग्रह किया।

### अलग-अलग समितियां बनाने के दिए निर्देश

**बैठक** में प्रदर्शनी, खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिता, बेबी शो, फ्लावर शो, डॉग शो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा विजेताओं को आकर्षक ईनाम देने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। रेडक्रॉस मेले में मैदान में बैठने की व्यवस्था तथा सांस्कृतिक संध्याओं में बुलाए जाने वाले कलाकारों पर भी बैठक में विचार-विमर्श किया गया। एडीएम सोलन अजय यादव ने मेले के सफल आयोजन के लिए अलग-अलग समितियां बनाने के निर्देश दिए। विधायक ने अन्य अधिकारियों सहित तदोपरांत मेला स्थल का निरीक्षण किया।

# पर्यावरण फिल्म फेस्टिवल 24 को रिकांगपिओ में

**रिकांगपिओ।** जिला प्रशासन एवं पर्यावरण, विज्ञान विभाग शिमला के संयुक्त रूप से 24 को रिकांगपिओ में पर्यावरण फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल का उद्देश्य जनजातीय जिला किन्नौर के लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करना व जलवायु परिवर्तन के प्रति सजग करना है।

# मार्च पास्ट में शमरोड़ पहले स्थान पर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन खंड की तीसरी अंडर-12 दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिव कुमार शर्मा ने किया।

प्रतियोगिता केंद्र पाठशाला शमरोड़ के प्रांगण में आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं की अध्यक्षता खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हरिराम चंदेल करेंगे। खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में शिव कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं साथ ही खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। इस मौके पर पूनम कालटा प्रधानाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शमरोड़, मदन हिमाचली पंचायत प्रधान शमरोड़ विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य तौर पर कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कल्चरल में लोक नृत्य भाषण प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में खंड सोलन के 12 केंद्रों की 66 पाठशालाओं से लगभग 250 स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। सबसे पहली प्रस्तुति मार्च पास्ट की हुई, इसमें जोन शमरोड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



खंड स्तरीय अंडर-12 खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहुंचे मुख्यातिथि व अन्य।

# पाइनग्रोव स्कूल बना अंडर-12 हॉकी चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल ने 12 से 14 नवंबर तक अंडर-12 लड़कों के लिए आयोजित 24वें इनवीटेशनल हॉकी टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में 3-0 की शानदार जीत के साथ चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया।

विद्यालय के खेल मैदान 'द एरीना' में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कसौली के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट, एचएएस, महेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने फाइनल मैच देखा और सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे भारत से डेली कॉलेज, इंदौर, मेयो कॉलेज, अजमेर शेरवुड कॉलेज, नैनीताल, पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा, सिंधिया स्कूल, ग्वालियर तथा मेजबान पाइनग्रोव स्कूल ने इस प्रतियोगिता का भाग लिया। सभी लीग मैच कौशल से भरे रहे, जिसमें शीर्ष स्तर का हॉकी प्रदर्शन देखने को मिला। पाइनग्रोव स्कूल के दिलशेर प्रताप सिंह को दो बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का सम्मान प्रदान किया गया, तो वहीं विद्यालय के तरुण चौधरी ने 'सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' का खिताब अपने नाम किया।




हॉकी प्रतियोगता की चैंपियन टीम मुख्यातिथि के साथ।

# नौणी में पीपीपी मोड के तहत एग्री इन्क्यूबेशन सेंटर शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने खाद्य प्रसंस्करण पर केंद्रित एग्री इनक्यूबेशन एवं खाद्य प्रसंस्करण सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पहल के तहत रोहड़ू स्थित हिमगिरी एग्री सॉल्यूशंस द्वारा संचालित किया जाएगा। ऑनलाइन कृषि शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि उपज के मूल्यवर्धन के क्षेत्र में हिमगिरि अग्रणी कार्य कर रही है।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने इस परियोजना को शुरू करने के लिए खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विश्वविद्यालय की सुविधाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करना, छात्र को प्रैक्टिकल अनुभव के अवसर और कृषि-उद्यमियों को समृद्ध करने के साथ-साथ मूल्यवान सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि केंद्र का पूरा उपयोग करने के लिए विश्वविद्यालय ने फल प्रसंस्करण के क्षेत्र में अनुभव और आवश्यक लाइसेंस रखने वाले एक सक्षम भागीदार को केंद्र के संचालन को आउटसोर्स करने का निर्णय लिया। प्रोफेसर चंदेल ने बताया कि इनक्यूबेशन सेंटर का प्रबंधन हिमगिरी एग्री सॉल्यूशंस द्वारा पीपीपी मोड पर किया जाएगा। हिमगिरि स्थानीय उत्पादकों से प्राप्त विभिन्न फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन का कार्य इस केंद्र पर करेगा। इस साझेदारी के तहत, हिमगिरी विश्वविद्यालय को मासिक सहमत किराये शुल्क का भुगतान करेगी। साथ- साथ प्रायोगिक शिक्षण कार्यक्रम (ईएलपी), एमएससी और एमटेक के छात्रों, विभाग के वैज्ञानिकों को कमर्शियल स्केल पर अनुभव प्राप्त करने और विश्वविद्यालय में यहां विकसित नई प्रौद्योगिकियों का परीक्षण और स्केल करने का मौका देने के लिए प्रशिक्षण पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के अवसर भी प्रदान करेगी। हिमगिरी एग्री सॉल्यूशंस के निदेशक जीतू चौहान और जोगिंद्र सिंह ने कृषि और बागवानी क्षेत्र में निजी क्षेत्र के साथ सहयोग के लिए विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साझेदारी दो प्रमुख चुनौतियों का समाधान करेगी। छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना और किसान-केंद्रित व्यवसायों को विश्वविद्यालय की सुविधाओं का उपयोग करने में सक्षम बनाना। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एग्री इनक्यूबेशन सेंटर इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगा और विश्वविद्यालय के स्नातकों के व्यावहारिक कौशल को बढ़ाएगा।



केंद्रित एग्री इनक्यूबेशन एवं खाद्य प्रसंस्करण सेंटर का उद्घाटन करते हुए।

**परेशानी** निगम को टैक्स देने के बावजूद प्रदूषित नाले को आज तक नहीं किया कवर

# नाले की दुर्गंध से लोगों का जीवन जीना मुहाल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-7 के तहत आने वाले हरिमंदिर क्षेत्र में प्रदूषित नाले की दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। एक तरफ क्षेत्र की तरफ जाते रास्ते में खुली सीवरेज से इसकी गंदगी लोगों के घर तक पहुंच रही है। वहीं, इससे से आने-जाने वाले दो पहिया वाहन चालक भी चोटिल हो रहे हैं।

इतना ही नहीं हरी मंदिर के पास से बहते नाले के प्रदूषण से लोग बीमारी के साए में जीने को मजबूर हैं। प्रदूषित नाले की दुर्गंध से परेशान लोगों ने अपने घरों में मेहमानों को बुलाना बंद कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम और स्थानीय पार्षद को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे लोगों में खासा रोष है। लोगों का कहना है कि निगम को टैक्स देने के बावजूद प्रदूषित नाले को आज तक कवर नहीं किया। स्थानीय निवासी सुरेंद्र भट्टी और वरुण गारला ने बताया कि नाले को कवर करने और खुले में बह रही सीवरेज को लेकर निगम और पार्षद को अवगत करवाया जाता है पर सुनवाई नहीं होती। वहीं, प्रभावशाली लोगों ने अपनी सीमा तक तो नाले को कवर करवाया पर बाकी का हिस्सा खुला ही छोड़ दिया। खुले नाले की वजह से लोग नाले में चोटिल हो चुके हैं। यहां मेहमान आई महिला भी नाले में गिर गई थी, जिससे घायलावस्था में परिजनों ने नाले से बाहर निकाला था। कुछ ही दिन पहले एक व्यक्ति इसी नाले में रात के अंधेरे में गिरकर घायल हो गया था।



सोलन के वार्ड-7 के हरिमंदिर क्षेत्र को जाते रास्ते में खुले में बहती सीवरेज।

# डॉ. शांडिल 18 को सोलन में

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 18 नवंबर को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 18 को प्रातः 11 बजे डीसी कार्यालय सोलन में जिला योजना विकास एवं 20-सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तदोपरांत दिन में 1 बजे डीसी कार्यालय सोलन में जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। डॉ. शांडिल दिन में 2 बजे होटल हिमानी में यूरो किड्ज प्ले स्कूल सोलन के वार्षिक सामारोह में मुख्यातिथि होंगे।

# दाड़लाघाट में एआई-डाटा साइंस कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट आईटीआई में एआई-डाटा साइंस का पहला बैच हाल ही में शुरू किया गया है। इस महत्वपूर्ण बैच का उद्घाटन अंबुजा फाउंडेशन की एचआर डायरेक्टर मिस जिशा वर्गीस द्वारा किया गया।

अंबुजा फाउंडेशन के चीफ ऑपरेशनल ऑफिसर स्किल डेवलपमेंट रवि नायसे, वर्टिकल हेड महेंद्र पटेल और मैडम मिनाक्षी ने वर्चुअल माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में अंबुजा फाउंडेशन के जोनल हेड भूपेंद्र गांधी और आईटीआई के प्रिंसिपल राजेश शर्मा ने भी शिरकत की। इस कोर्स में पायथन, पावर बीआई, बेसिक स्टैटिस्टिक्स, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल होंगे, जो प्रशिक्षुओं को वर्तमान और भविष्य की तकनीकी जरूरतों के लिए तैयार करेंगे। आईटी इंडस्ट्री में 9 वर्षों तक कार्य कर चुके गौरव ने कहा कि दाड़लाघाट क्षेत्र में इस तरह का कोर्स मिलना एक अनमोल अवसर है और वे इस कोर्स को पूरा करने के बाद फिर से आईटी के क्षेत्र में नए कौशल के साथ प्रवेश करेंगे। जागृति ने भी इस कोर्स को लेकर अपने विचार साझा किए और कहा कि यह कोर्स स्थानीय युवाओं के लिए एक शानदार अवसर है।



बैच का उद्घाटन करती जिशा वर्गीस।

# पंजाब में स्थापित होगा कानून व्यवस्था का नया मॉडल : केजरीवाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में उनकी पार्टी की सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था का नया मॉडल स्थापित करेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब पुलिस को सबसे अनुशासित पुलिस बल बताया और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए भगवंत मान सरकार की सराहना। अरविंद केजरीवाल ने पुलिस विभाग में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित एक कार्य, म में उपस्थित लोगों को संबोधित करने के दौरान ये बातें कहीं। इस कार्य, म में उनके साथ मुख्यमंत्री मान भी मौजूद थे।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ढाई साल में पंजाब पुलिस विभाग में कुल 8,705 नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने कहा,

**कहा-पंजाब पुलिस को सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध कराई जा रही**

'मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि पंजाब में हमारी सरकार है। लेकिन यह सच है कि पंजाब पुलिस देश का सबसे अनुशासित, सख्त और सबसे प्रतिष्ठित पुलिस बल है।' पिछली सरकारों का जि, करते हुए केजरीवाल ने कहा कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनने से पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी और अपराधियों का बोलबाला था। उन्होंने कहा कि जब हमने कार्यभार संभाला तो हमारे सामने बड़ी चुनौती थी। हमने उस चुनौती को स्वीकार किया और हमें पंजाब के लोगों से समर्थन मिला।

एक मीडिया समूह द्वारा किए गए सर्वेक्षण का हवाला देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पंजाब देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मामले में दूसरे स्थान पर है। 'आप' नेता ने कहा, पहले जबरन वसूली के फोन आते थे, चोरी, डकैती की घटनाएं होती थीं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि 'राम राज्य' आ गया है और सब कुछ ठीक है। अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। लेकिन अच्छी बात यह है कि हवा का रुख बदल गया है और चीजें सुधरने लगी हैं। केजरीवाल ने कहा कि हम पंजाब में कानून-व्यवस्था का एक नया मॉडल स्थापित करेंगे और इसकी गूंज दुनिया भर में सुनाई देगी कि ऐसी कानून-व्यवस्था भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होगा, अगर हम शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के साथ-साथ पंजाब में कानून-व्यवस्था का ऐसा मॉडल लेकर आएं जिसकी चर्चा पूरे देश में हो।

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब पुलिस को सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध कराई जा रही है। आप नेता ने कहा कि पंजाब को पिछले ढाई साल में 60,000 करोड़ रुपए का निवेश मिला है और इससे तीन लाख नौकरियां पैदा होंगी।

## गंभीर वायु गुणवत्ता से जूझ रहा हरियाणा, बंद रहेंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की ओर से राज्य के सभी उपायुक्तों को पत्र जारी कर स्कूल बंद करने के बारे में आदेश दिए गए हैं। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान तीन (ग्रैप-3) के अनुसार, गंभीर वायु गुणवत्ता सूचकांक के कारण कक्षा 5वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। सरकार ने निर्णय लिया है कि जिलों के उपायुक्त दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में गंभीर एक्यूआई स्तर को देखते हुए मौजूदा स्थिति (ग्रैप के अनुसार) का आकलन करें।

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के हित में कक्षा 5वीं तक के लिए स्कूलों (सरकारी और निजी) में कक्षाएं बंद रखें। इसकी जगह ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया है। बढ़ते प्रदूषण के कारण स्कूल सभी बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

## स्त्री जीवन पर बनी फीचर फिल्म 'ढाई आखर' का किया लोकार्पण



फीचर फिल्म 'ढाई आखर' का लोकार्पण करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

महिला सशक्तिकरण पर अधारित बहुचर्चित उपन्यास और फीचर फिल्म 'ढाई आखर' का विधिवत लोकार्पण शनिवार को सेक्टर 16 स्थित पंजाब कला भवन में किया गया। किताब के विषय पर ही अधारित बनी फिल्म और किताब दोनों का लोकार्पण मराठी सिनेमा और थियेटर की जानी मानी अदाकार मृणाल कुलकर्णी ने किया। कुलकर्णी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगीं।

प्रगतिशील लेखक संघ, पंजाब और आधार प्रकाशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पुस्तक के लेखक व उपन्यासकार अमरीक सिंह दीप और फिल्म निर्माता प्रवीण कुमार सहित प्रख्यात कवि व पूर्व पत्रकार स्वराजबीर और प्रकाशक देश निरमोही भी उपस्थित थे। लेखक अमरीक सिंह दीप का उपन्यास ढाई आखर स्त्री जीवन की इसी जद्दोजहद के भाव बोध से भरा है। कंबोडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में फिल्म को स्पेशल ज्यूरी अवार्ड प्राप्त हुआ, जबकि ताशकंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए भी चयनित हुआ।

## बाबा सिद्दीकी हत्या मामला लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का मददगार गिरफ्तार

**मुंबई/चंडीगढ़।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने 24वीं गिरफ्तारी की और पंजाब से आकाश दीप गिल को पकड़ा। मुंबई पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

राकांपा नेता की 12 अक्तूबर को बांद्रा पूर्व के निर्मल नगर इलाके में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि मुंबई अपराध शाखा के दल ने पंजाब पुलिस की गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एजीटीएफ) साथ संयुक्त अभियान में फाजिल्का निवासी गिल को गिरफ्तार किया। गिल को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई लाया जा रहा है।

अनंत ज्ञान संडे स्पेशल

# ऑपरेशन 'सागर मंथन' ने समुद्री रास्ते से रोकी ड्रग्स तस्करी



## एनसीबी और गुजरात एटीएस 2000 करोड़ की ड्रग्स बरामद करने में कामयाब

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), भारतीय नौसेना और गुजरात पुलिस की एटीएस के ज्वाइंट ऑपरेशन में भारतीय समुद्री सीमा में लगभग 700 किलो मेथ ड्रग्स की खेप पकड़ी गई। इस ऑपरेशन के दौरान 8 विदेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को ईरानी बता रहे हैं। बरामद किए गए ड्रग्स की कीमत करीब 2000 करोड़ रुपए है। पिछले कई दिनों से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सागर मंथन के नाम से एक ऑपरेशन चला रहा है। ये ऑपरेशन में खासतौर से भारत में हो रही ड्रग्स की तस्करी के लिए चलाया जा रहा है। इससे पहले भी ऑपरेशन सागर मंथन में नारकोटिक्स की टीम कई किलो ड्रग्स की खेप बरामद कर चुकी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुताबिक, इस ऑपरेशन का मकसद समुद्री रास्ते से हो रही ड्रग्स की तस्करी को रोकना है।**



### एनसीबी को मिली थी पुख्ता सूचना

**एनसीबी** के मुताबिक, एक पुख्ता सूचना मिली थी कि एक बिना रजिस्टर वाला जहाज, जिसमें ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस)भी नहीं था। भारतीय समुद्री सीमा में नशीले पदार्थ लेकर आने वाला है। इसी इनपुट के आधार पर 'सागर-मंथन- 4' नाम से ऑपरेशन शुरू किया गया। भारतीय नौसेना ने अपने समुद्री सर्च ऑपरेशन के जरिए इस जहाज को पकड़ा। ये ऑपरेशन 15 नवंबर 2024 को किया गया। इस ऑपरेशन में विदेशी नारकोटिक्स एजेंसियों से भी मदद ली जा रही है ताकि इस ड्रग सिंडिकेट के पीछे और आगे के लिंक का पता लगाया जा सके।

### 3400 किलो नशीले पदार्थ जब्त

**ऑपरेशन** 'सागर-मंथन' की शुरुआत इस साल की शुरुआत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने की थी। इसके तहत भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात पुलिस के एटीएस के साथ मिलकर कई समुद्री सर्च ऑपरेशन चलाए गए हैं। अब तक इस ऑपरेशन में करीब 3400 किलो नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं और 11 ईरानी तथा 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

### ड्रग्स ने बर्बाद किया इन सात सितारों का करियर



सुपुर स्टार **संजय दत्त** खूब ड्रग्स लेते थे। इस बात का खुलासा उनकी बायोपिक में हुआ था।

**रैपर हनी सिंह** ने एक समय में इतना ड्रग्स लिया कि उनका करियर ही खत्म हो गया।

दिवंगत अभिनेता **सुशांत सिंह राजपूत** भी खूब ड्रग्स लेते थे।

अभिनेत्री **रिया चक्रवर्ती** तो ड्रग्स की वजह से जेल तक जा चुकी हैं।

**प्रतीक बब्बर** ने हाल ही में खुलासा किया कि वह 13 साल की उम्र से ड्रग्स ले रहे हैं

अभिनेता **फरदीन खान** भी ड्रग्स केस में फंस कर जेल की हवा खा चुके हैं।

मशहूर कॉमेडियन **भारती सिंह** ड्रग्स रखने के रूप में जेल जा चुकी हैं।

## देश-विदेश

### ट्रंप ने कैरोलिन को प्रेस सेक्रेटरी किया नियुक्त



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कैरोलिन लेविट को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव बनाने का एलान किया। कैरोलिन लेविट महज 27 साल की हैं और इसके साथ ही उन्होंने व्हाइट हाउस की सबसे युवा प्रेस सचिव होने का गौरव हासिल किया है। कैरोलिन लेविट से पहले रोनाल्ड जीगलर सबसे युवा व्हाइट हाउस प्रेस सचिव थे, जो 29 साल की उम्र में रिचर्ड निक्सन के कार्यकाल में प्रेस सचिव नियुक्त हुए थे।

### ठाणे में की गई सीएम शिंदे के बैग की जांच



**मुंबई।** चुनाव आयोग अधिकारियों ने शनिवार को ठाणे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बैग की जांच की। सीएम शिंदे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के लिए हेलीपैड से कोंकण जा रहे थे। इस चुनाव में ये दूसरी बार है जब उनके बैग की जांच की गई। इससे पहले पालघर में सीएम शिंदे का बैग चेक किया गया था। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का बैग भी चेक किया गया था। भजपा ने सोशल मीडिया पर इस संबंध में एक वीडियो भी शेयर किया था।

### महाराष्ट्र के लोगों को भड़काया नहीं जा सकता



**मुंबई।** कांग्रेस नेता राज बब्बर ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को वोट जिहाद और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों से भड़काया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं वाले नारे पर भी कांग्रेस नेता ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें समझ आ गया है कि महाराष्ट्र के लोगों को कोई अलग नहीं कर सकता है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की साप्ताहिक कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। इस कारोबारी हफ्ते में सोने के भाव में 3,101 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि चांदी के भाव में 3,756 रुपए प्रति किलोग्राम की कमी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी आईबीजेए की वेबसाइट के मुताबिक, इस बिजनेस वीक (11 से 14 सितंबर) की शुरुआत में 24 कैरेट सोने का रेट 76,840 था, जो गुरुवार तक घटकर 73,739 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 90,859 से घटकर 87,103 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई है।

# झांसी अग्निकांड : ऑक्सीजन सिलेंडर के पाइप में तीली लगाने से भड़की आग

## एनआईसीयू वार्ड में कुल 55 नवजात शिशु थे भर्ती, 10 की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में कल तक जहां बच्चा पैदा होने की खुशी मनाई जा रही थी, वहीं आज मातम पसरा है। नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट में लगी आग ने 10 नवाजात शिशुओं की जिंदगी लील ली। इतनी बड़ी घटना कैसे हो गई, इसको लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। कोई शॉर्ट सर्किट की बात कह रहा है तो कोई ऑक्सिजन कन्संट्रेशन सिलिंडर में आग लगने की बात बता रहा है। घटना के समय वहां मौजूद एक चश्मदीद ने बताया कि बच्चों के वार्ड में एक ऑक्सिजन सिलेंडर के पाइप को लगाने के लिए वहां नर्स ने माचिस की तीली जलाई। उन्होंने बताया कि जैसे ही नर्स ने तीली जलाई तो पूरे वार्ड में आग लग गई। आग लगते ही भगवान दास ने अपने गले में पड़े कपड़े से 3 से 4 बच्चों को किसी तरह से लपेटकर बचाया। उन्होंने वहां बाकी लोगों की सहायता से कुछ और बच्चों को भी बचाया।

अभी हाल-फिलहाल ही दुनिया में आए बच्चों की यूनिट में जिस समय आग लगी थी, उस समय बहुत से तीमारदार अपने बच्चों के पास मौजूद थे। उन्हीं में से अधिकांश ने वहां भर्ती बच्चों को बाहर



निकाला। अस्पताल में फायर अलार्म सेफ्टी सिस्टम लगे हुए थे, लेकिन आग लगने की घटना पर ये बज नहीं सके। रिपोर्ट्स के मुताबिक आग बुझाने के लिए फायर फायर एक्सटिंग्विशर को एक्सपायर हुए साल भर का समय हो चुका था। ये केवल दिखावे के लिए ही रखे गए थे। इसके साथ ही फायर अलार्म का मेंटेनेंस नहीं करवाया गया था। इससे समय पर सायरन नहीं बजा और लोगों को घटना का पता चलने में देर हो गई।

### मृतक बच्चों के परिजनों को 10-10 लाख मुआवजा

**महारानी** लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में भीषण आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बच्चों के परिजनों के लिए योगी सरकार ने 10-10 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजे की घोषणा की। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि हादसे के समय एनआईसीयू वार्ड में कुल 55 नवजात शिशु भर्ती थे। आग सबसे पहले ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर में लगी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की गाड़ियों और सेना को बुलाया गया। वहीं हादसे के समय नवजात शिशुओं के परिजन अपने बच्चों को बचाने की कोशिश में भी जुटे रहे, लेकिन घने धुएं और तेज लपटों के कारण उन्हें समय पर बाहर निकालना संभव नहीं हो सका।

### मंडलायुक्त और डीआईजी को 12 घंटे में रिपोर्ट देने के निर्देश

**सीएम** योगी ने झांसी मेडिकल कॉलेज की इस भयावह घटना की जानकारी मिलते ही एक्शन लिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को मौके पर रवाना किया। मौके पर पहुंच कर उन्हें मेडिकल कॉलेज अग्निकांड के पीड़ितों के लिए उचित एक्शन लेने के निर्देश दिए। ब्रजेश पाठक ने घटनास्थल का जायजा लिया है। झांसी मेडिकल कॉलेज की घटना को लेकर सरकार ने तीन जांच कमिटी का गठन किया है।

## यूपी के बिजनौर में भीषण हादसा दूल्हा-दुल्हन समेत सात की मौत

**एजेंसी, बिजनौर**

सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतकों में थ्री व्हीलर चालक के अलावा बाकी छह एक ही परिवार के हैं। धामपुर थाना क्षेत्र के गांव तीबड़ी निवासी 65 वर्षीय खुर्शीद अहमद पांच दिन पहले अपने बेटे 25 वर्षीय विशाल का निकाह करने झारखंड के जिला मधेपुरा के कस्बा परोहाबाद गए थे। उनके साथ हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खारी निवासी खुर्शीद का साढ़ू मुमताज, उसकी पत्नी रूबी और 14 वर्षीय पुत्री बुशरा भी थे।

शुक्रवार रात सभी लोग ट्रेन द्वारा झारखंड से मुरादाबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुरादाबाद के थाना काठ क्षेत्र के गांव कासमपुर निवासी अजब सिंह का ऑटो किराए पर ले लिया। सभी ऑटो में सवार होकर गांव तीबड़ी के लिए रवाना हुए।

### क्रेटा कार ने मारी टक्कर

**जब** हरिद्वार काशीपुर नेशनल हाईवे पर धामपुर में दुर्गा विहार बाईपासपर पहुंचा तो अचानक पीछे से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और ऑटो में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक अजब सिंह की सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हुई।

### सीएम चंद्रबाबू नायडू के भाई राममूर्ति का निधन

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के छोटे भाई और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के पूर्व विधायक एन. राममूर्ति नायडू का शनिवार दोपहर को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह हृदय रोग से पीड़ित थे। उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। 14 नवंबर को राममूर्ति नायडू को हार्ट अटैक पड़ा था। इसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राममूर्ति नायडू वर्ष 1994 से 1999 तक आंध्र प्रदेश के चंद्रगिरि से विधायक रहे थे।

### लड़की के साथ छेड़छाड़ का विरोध किया तो कर दी हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नंद नगरी इलाके से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई. दरअसल, दो युवक लड़की के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। उसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और इसका विरोध किया। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिसमें युवक की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि किशन कुमार नाम के एक शख्स ने कॉल करके सूचना दी थी कि सलमान और अरबाज नाम के दो भाई एक लड़की से छेड़छाड़ कर रहे थे। जब मनीष नाम के युवक ने इसका विरोध किया और दोनों को रोका तो तो आरोपी उसे धमकाने लगे और थोड़ी देर बाद उन लोगों ने उसकी हत्या कर दी।

# दिल्ली में एक्यूआई 400 पार

## राजधानी के लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत, आंखों में जलन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में हवा की दिशा व गति बदलने से प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगा है। शनिवार को भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कई इलाकों में 400 के पार बना हुआ है, जोकि बेहद खराब है। स्मॉग की चादर राजधानी में छाई हुई है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन महसूस हो रही। सुबह स्मॉग और धुंध की वजह से दृश्यता में गिरावट दर्ज की गई।

दिल्ली के इंडिया गेट के आसपास के इलाके में धुंध की मोटी परत छाई हुई है, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के



अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक 414 दर्ज किया गया है। प्रगति मैदान और आईटीओ सहित आसपास के इलाकों का एक्यूआई 357 दर्ज हुआ। वहीं सुबह 6.45 बजे एम्स में भी धुंध की मोटी परत नजर आई। सराय काले खां इलाके में भी यहीं हाल है। सीपीसीबी के अनुसार, कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में बना हुआ है, जिसके कारण सुबह के समय दिल्ली में धुंध की मोटी परत छाई हुई है। कालिंदी कुंज में यमुना नदी में जहरीला झाग तैरते नजर आ रहे हैं। जिससे नदी में प्रदूषण का स्तर लगातार ऊंचा बना हुआ है।

एक स्थानीय निवासी ने बातचीत के दौरान कहा कि दौड़ते समय हम अधिक थक जाते हैं, हमें बार-बार ब्रेक की जरूरत पड़ती है, खांसी होती है और गले में भी दर्द होता है। अत्यधिक प्रदूषण के कारण हम अधिक देर तक नहीं दौड़ पाते। इंडिया गेट पर सुबह की सैर के लिए लोग आते हैं।

**सियासत** जब-जब कांग्रेस पार्टी शासन में आई, उसने पिछड़ों के साथ अन्याय ही किया

# कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी: अमित शाह

**एजेंसी, रांची**

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है। जब-जब कांग्रेस शासन में आई, उसने पिछड़ों के साथ अन्याय किया। 1950 में काका कालेलकर कमीशन बना। इसकी रिपोर्ट को कांग्रेस सरकारों ने रद कर दिया। पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए मंडल कमीशन बना। लेकिन इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने इसका विरोध किया। मोदीजी ने केंद्र की सभी नौकरियों व परीक्षाओं में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। उन्होंने पूछा -किसी ने 350 करोड़ एक साथ देखा है क्या। कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ पकड़ा गया।



### बेटियों की सुरक्षा करेंगे

गृहमंत्री ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर कानून बनाकर बंगलादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जमीन हड़पने के खेल को बंद कराएंगे।

### मुस्लिमों को आरक्षण देने की तैयारी

**दुमका** में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि 'हेमंत सोरेन कांग्रेस की मदद से पिछले दरवाजे से मुस्लिमों को आरक्षण देने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चेतावनी देता हूं कि भाजपा हेमंत सोरेन और राहुल गांधी की ऐसी किसी भी योजना को सफल नहीं होने देगी।' उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। शाह ने आरोप लगाया कि 'हेमंत सोरेन आदिवासी आबादी में गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं क्योंकि वह घुसपैठियों को झारखंड में घुसने और आदिवासी महिलाओं से शादी करने दे रहे हैं। इसकी वजह से घुसपैठिए यहां आदिवासियों की जमीन छीन रहे हैं।'

### मोदी सरकार ने 10 साल में दिए 3.90 लाख करोड़

**अमित** शाह ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में झारखंड को 10 साल में 84,000 करोड़ रुपए दिए गए, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 3.90 लाख करोड़ रुपए दिए। उन्होंने कहा 'हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार और धन की लूट में लिप्त रहे, लेकिन 23 नवंबर को उनकी विदाई तय है। सत्ता के लालच ने हेमंत सोरेन को राजद-कांग्रेस की गोद में बैठने के लिए मजबूर किया, जिन्होंने झारखंड के निर्माण का ही विरोध किया था। शाह ने वादा किया कि सत्ता में आने के बाद भाजपा राज्य में उद्योग स्थापित करेगी, जिससे झारखंड के युवाओं को रोजगार मिलेगा।


### टीएमसी के पार्षद सुशांत घोष के मर्डर की साजिश नाकाम

**कोलकाता।** कोलकाता के कस्बा इलाके में तृणमूल कांग्रेस पार्षद के मर्डर की साजिश नाकाम हो गई। वार्ड 108 के पार्षद सुशांत घोष शुक्रवार शाम अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान दो लोग स्कूटी पर आए। पीछे बैठे व्यक्ति ने घोष पर 2 बार फायर करने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। इस बीच सुशांत घोष शूटर को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े। शूटर ने स्कूटर पर भागने की कोशिश की, पर सुशांत ने उसके कपड़े पकड़कर खींच लिया। वह दोबारा बचकर दौड़कर भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। सीसीटीवी में यह पूरी घटना कैद हो गई। पकड़े गए शूटर ने कहा कि उसे किसी ने पैसा नहीं दिया, सिर्फ फोटो दी गई और कहा कि इसका मर्डर करना है।

# गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर पर्थ टेस्ट से लगभग बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली/पर्थ**

भारत को शनिवार को बड़ा झटका लगा जब शीर्षक्रम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया, जिसके कारण वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं।



भारत की पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली जीत के युवा नायकों में से एक गिल बल्लेबाजी के मुख्य आधार हैं और अगर कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर हो जाते हैं तो भारत का शीर्षक्रम कमजोर दिख सकता है। टीम को दो टुकड़ों में विभाजित करके कराए गए अभ्यास मैच के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय गिल को चोट लगी।

वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय बीसीसीआई के एक सूत्र के अनुसार गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर है और टेस्ट शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है इसलिए इस स्टाइलिश दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए शुरुआती मैच के लिए समय पर फिट होना लगभग असंभव होगा।

अंगूठे के फ्रैक्चर को ठीक होने में आम तौर पर लगभग 14 दिन लगते हैं, जिसके बाद व्यक्ति से अपने नियमित नेट सत्र शुरू करने की उम्मीद की जाती है।

# भारत के भावी स्टार तिलक ने बखूबी निभाई जिम्मेदारी : सूर्यकुमार

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए लगातार दो शतक जड़ने वाले तिलक वर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी उसे उन्होंने अच्छी तरह से निभाया। भारत ने चौथे और अंतिम मैच में 135 रन की बड़ी जीत दर्ज करके सीरीज 3-1 से अपने नाम की।

विराट कोहली खेल के इस छोटे प्रारूप में लंबे समय तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहे, लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने हाल के दिनों में इस नंबर पर कुछ अन्य बल्लेबाजों को आजमाया। टी-20 विश्व कप के दौरान ऋषभ पंत को इस नंबर पर भेजा गया, लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली।

सूर्यकुमार ने भी इस नंबर पर बल्लेबाजी की है, लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम-2 मैच में तिलक को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला किया और इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इसका पूरा फायदा उठाया।


फाइल फोटो

सूर्यकुमार ने कहा,''मेरे दिमाग में यह बात घूम रही थी कि एक खिलाड़ी ने लंबे समय तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और शानदार सफलताएं हासिल की। इसलिए यह एक युवा बल्लेबाज के लिए शानदार मौका था और उसने इसका पूरा फायदा उठाया।

## द. अफ्रीका में टी-20 सीरीज में जीत विशेष : वीवीएस लक्ष्मण

**दक्षिण** अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में जीत को विशेष करार दिया। भारत ने शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम मैच में 135 रन से जीत दर्ज करके चार मैच की सीरीज 3-1 से जीती। इस सीरीज में बल्लेबाज तिलक वर्मा और संजू सैमसन तथा गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लक्ष्मण ने एक्स पर पोस्ट किया,''जिस तरह से हमारे खिलाड़ी पूरी सीरीज में खेले उससे मुझे वास्तव में उन पर बहुत गर्व है। सीरीज में 3-1 से जीत विशेष प्रयास का परिणाम है। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन कप्तानी की। संजू सैमसन और तिलक ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया तो गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन असाधारण रहा।''



## स्पोर्ट्स विंडो

### कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका ने बेटे को जन्म दिया



**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है, जिससे इस सलामी बल्लेबाज की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है। रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने शुक्रवार रात यहां एक स्थानीय अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। रोहित बेटे के जन्म के कारण भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं गए थे। इस दंपति की एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। पहला टेस्ट शुरू होने में अब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है और यह स्पष्ट नहीं है कि जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर भी रोहित कुछ अभ्यास सत्र के बाद ही मैच में खेलेंगे या नहीं।

### इगा स्वियातेक ने पाउला बडोसा को दी मात

**नई दिल्ली ।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने देश को बिली जीन किंग कप फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने इनडोर हार्डकोर्ट पर विश्व की 12वें नंबर की खिलाड़ी बडोसा को 6-3, 6-7 (7), 6-1 से हराकर पोलैंड की अंतिम-8 में जगह पक्की की, जहां उसका सामना चेक गणराज्य से होगा।



### 27 साल के जेक पॉल ने 58 वर्षीय माइक टायसन को दी पटकनी



**आर्लिंगटन (अमेरिका)।** अपने जमाने के दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन 58 साल की उम्र में अपना पुराना जादू नहीं दिखा पाए और यहां एक बहुप्रचारित मुकाबले में 27 साल के जैक पॉल से हार गए। टायसन 20 साल बाद पेशेवर मुकाबला खेलने के लिए रिंग पर उतरे थे और इसलिए इस मुकाबले को लेकर काफी प्रचार प्रसार किया गया था। मुकाबला हालांकि उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा और दर्शकों ने इस पर खुलकर नाराजगी भी व्यक्त की। यू-ट्यूबर से मुक्केबाज बने जैक पॉल को सर्वसम्मति से विजेता घोषित किया गया। जीत के अंतर को लेकर हालांकि जज एकमत नहीं थे। एक जज ने पॉल को 80-72 से जबकि दो अन्य जज ने 79-73 से विजेता घोषित किया। यह मुकाबला पहले 20 जुलाई को होना था, लेकिन टायसन के बीमार पड़ जाने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। एक अन्य मुकाबले में केटी टेलर ने अमांडा सेरानो को हराकर अपना सुपर लाइटवेट खिताब बरकरार रखा।

### आईपीएल नीलामी के लिए 574 खिलाड़ी, जिसमें 366 भारतीय

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल और अर्शदीप सिंह 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में दो करोड़ रुपए के शीर्ष आधार मूल्य वाले 574 खिलाड़ियों की सूची में शामिल होंगे। बिहार के 13 वर्षीय भारत के अंडर-19 क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी 30 लाख रुपए के आधार मूल्य के साथ सबसे युवा खिलाड़ी हैं। बीसीसीआई ने 1574 खिलाड़ियों की शुरुआती सूची को घटाकर 574 कर दिया जिनमें से 366 भारतीय और 208 विदेशी क्रिकेटर हैं। सभी मौजूदा भारतीय खिलाड़ी शीर्ष आधार मूल्य ब्रैकेट में हैं।

# चीन को हराकर महिला एसीटी हॉकी के सेमीफाइनल में भारत

**एजेंसी, राजगीर ( बिहार )**

गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 3-0 से हराकर उलटफेर करते हुए महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिए क्वलीफाई किया। भारत ने संगीता कुमारी (32वें मिनट) और कप्तान सलीमा टेटे (37वें मिनट) की मदद से दो मैदानी गोल किए जबकि टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर दीपिका (60वें मिनट) ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। विश्व में छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ यह भारत की टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है। अब दुनिया की 9वें नंबर की टीम भारत चार मैच में आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चीन चार मैच में छह अंक से दूसरे स्थान पर खिसक गया है।

**संगीता कुमारी सलीमा टेटे और दीपिका ने किए गोल**

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

भारत अपना राउंड रॉबिन अभियान रविवार को जापान के खिलाफ खत्म करेगा। छह टीमों के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शीर्ष-4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।


मुकाबले के दौरान भारत और चीन की खिलाड़ी।

भारत ने शुरू से ही आरक्रामक रुख अख्तियार किया और कई मौके बनाए। हालांकि उसे सफलता नहीं मिली क्योंकि चीन की टीम का अपने क्षेत्र में डिफेंस शानदार रहा। दिन के अन्य मुकाबलों में जापान ने मलेशिया को 2-1 से हराया जबकि कोरिया ने थाईलैंड को 4-0 से शिकस्त दी।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

**एजेंसी, सिडनी**

तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 26 रन पर पांच विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को पाकिस्तान को 13 रन से शिकस्त देकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

जॉनसन ने पाकिस्तान के शीर्षक्रम को झकझोरा, जिससे जीत के लिए 148 रन का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम आखिरी ओवर में 134 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान के लिए उस्मान खान ने 52 रन और इरफान खान ने नाबाद 37 रन बनाए, लेकिन टीम का कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावी योगदान नहीं दे सका। कप्तान मोहम्मद रिजवान (16) दोहरे आंकड़े को पार टीम के सिर्फ तीसरे बल्लेबाज रहे।


विकेट लेने के बाद खुशी मनाते ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज।

एकदिवसीय सीरीज में 1-2 से हार के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नए कप्तान जोश इंग्लिश की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया की निगाहें सोमवार को होबार्ट में 'क्लीन स्वीप' करने पर टिकी होंगी।

## अलेक्जेंडर ज्वेरेव एटीपी फाइनल्स के अंतिम-4 में

**तूरिन ( इटली )।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मुकाबले में कार्लोस अल्काराज को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। साल के शीर्ष-8 खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में ज्वेरेव ने अल्कराज को 7-6, 6-4 से हराया।



ज्वेरेव ने 3 जीत के साथ सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इस ग्रुप में अल्काराज और कैस्पर रूड ने एक-एक जीत हासिल की है जबकि एंड्री रुबलेव को पहली जीत का इंतजार है।

# रोहित के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे मोहम्मद शमी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कप्तान रोहित शर्मा के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। पांच मैचों की यह टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। उनके टीम में शामिल होने पर फैसला एक मैच के बाद ही लिया जाएगा।

एक सूत्र ने बताया, रोहित पर्थ टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ सकते हैं। उनके साथ ही शमी भी ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भर सकते हैं। 34 साल के शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को वनडे विश्व कप फाइनल खेला था। इसके बाद उन्होंने कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला। इसी साल जनवरी में इंग्लैंड में उन्होंने एंकल की सर्जरी कराई थी। पिछले कई महीने से शमी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कैंप में थे। शमी ने करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी मैच से मैदान पर वापसी की। उन्हें मध्य प्रदेश के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी ने मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली इनिंग में 19 ओवर में 54 रन देकर 4 विकेट लिए थे। जबकि दूसरी इनिंग में उन्होंने 18 ओवर में 74 रन देकर 2 विकेट लिए।


फाइल फोटो

सूत्रों के मुताबिक, शमी की फिटनेस परखने कि लिए उन्हें टीम में शामिल किया गया है। अगर वे फिट हो जाते है तो उन्हें बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना किया जा सकता है। फिजियो नितिन पटेल को भी उनकी फिटनेस पर नजर रखने के लिए इंदौर भेजा गया है।

## फुटबॉल

### नेशंस लीग फुटबॉल में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच हाथापाई के बाद रद्द

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल की बड़ी जीत

**एजेंसी, मैड्रिड**

स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। इस बीच बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए।

यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया, लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे। इस फुटबॉल संस्था ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, ''रोमानिया और कोसोवो के बीच यूईएफए नेशंस लीग मैच रद्द कर दिया गया है। यूईएफए उचित समय पर आगे की जानकारी देगा।''

स्पेन ने कोपेनहेगन में डेनमार्क को 2-1 से हराया। फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और पुर्तगाल क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। रोनाल्डो ने पोर्टो में खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल किया और फिर कुछ देर बाद ओवरहेड किक पर गोल करके पुर्तगाल की तरफ से अपने कुल गोल की संख्या 135 पर पहुंचा दी।


फुटबॉल को ओवरहेड किक करते रोनाल्डो

## उरुग्वे ने कोलंबिया को 3-2 से हराया

**मोंटेवीडियो (उरुग्वे)** उरुग्वे ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग फुटबॉल में मैच में आखिरी मिनट में किए गए गोल के दम पर कोलंबिया को 3-2 से हराया। यह उरुग्वे की एक साल में घरेलू मैदान पर पहली जीत है। जुआन फर्नांडो क्विंटेरो ने 31वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के बाएं किनारे से फ्री किक पर गोल करके कोलंबिया का खाता खोला, लेकिन उरुग्वे ने 57वें मिनट में डेविंसन सांचेज के आत्मघाती गोल से बराबरी कर ली। मोंटेवीडियो में मैच का सबसे नाटकीय क्षण इंजुरी टाइम में आया। आंद्रे गोमेज ने 96वें मिनट में कोलंबिया के लिए बराबरी का गोल किया, लेकिन मैनुअल उगार्टे ने चार मिनट बाद गोल दागकर उरुग्वे को जीत दिला दी। अर्जेंटीना 11 मैचों में 22 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष पर बना हुआ है। उरुग्वे और कोलंबिया उससे तीन अंक पीछे हैं। वेनेजुएला से 1-1 से ड्रा खेलने के बाद ब्राजील 17 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

## गंभीर की कोचिंग की शैली भारतीय टीम के लिए ठीक नहीं: टिम पेन

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कहा कि गौतम गंभीर की कोचिंग की शैली भारतीय टीम के लिए शायद अच्छी नहीं हो और अगर वे 22 नवंबर से पर्थ टेस्ट में मजबूत शुरुआत करने में विफल रहते हैं तो आगे का लंबा सत्र उनके लिए मुश्किल हो सकता है।



न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 0-3 की हार से सदमे से उबर रही गंभीर की कोचिंग वाली टीम को अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का बचाव करने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसकी शुरुआत पर्थ टेस्ट से होगी।

पेन ने कहा, ''यहां उनकी पिछली दो सीरीज में मिली जीत में उनके कोच रवि शास्त्री थे, जो शानदार थे। उन्होंने टीम के इर्द-गिर्द शानदार माहौल बनाया था, खिलाड़ियों में ऊर्जा थी, वे जुनून के साथ खेले। उन्होंने उन्हें सपने दिखाए और हल्के-फुल्के आनंददायी तरीके से उन्हें प्रेरित किया। अब भारत के पास नया कोच है जो काफी तुनकमिजाज हैं, वह हालांकि काफी प्रतिस्पर्धी हैं।